RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 322
नई दिल्ली, शनिवार, 30 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

अभ्यास मैच में भारतीय गेंदबाज परखेंगे दम
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

निशानेबाजी में भारत का नायाब प्रदर्शन, दो स्वर्ण और जीते

एशियाई खेलों में पिछले छह दिन में भारतीय निशानेबाजों ने छह स्वर्ण और सात रजत समेत 18 पदक जीते, अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

एजेंसी। हांगझोउ

भारत के युवा निशानेबाजों का एशियाई खेलों में स्वर्णिम निशाना शुक्रवार को भी जारी रहा। उन्होंने दो स्वर्ण और तीन रजत का इजाफा करके अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर दिखाया। पिछले छह दिन में भारतीय निशानेबाजों ने छह स्वर्ण और सात रजत समेत 18 पदक जीते हैं। इससे पहले एशियाई खेलों की निशानेबाजी स्पर्धा में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2006 दोहा खेलों में था जब 14 पदक जीते थे। पलक गूलिया और ईशा सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते।

वहीं टीम वर्ग में 18 वर्ष की ईशा (579), पलक (577) और दिव्या टीएस (575) का कुल स्कोर 1731 रहा। चीन ने 1736 अंक लेकर स्वर्ण पदक जीता जो एशियाई खेलों का रिकॉर्ड भी है। चीनी ताइपै को कांस्य पदक मिला। इसके बाद 22 वर्ष के ऐश्वर्य ने व्यक्तिगत राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में रजत पदक जीता। उधर, पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में भारत ने विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (591), स्वप्निल कुसाले (591) और अखिल श्योराण (587) टीम में थे जिन्होंने चीनी चुनौती से पार पाते हुए 1769 स्कोर किया। इस बीच, दो बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज निकहत जरीन ने एशियाई खेलों में महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस ओलंपिक कोटा और पदक पक्का किया। एशियाड में अपना तीसरा मुकाबला खेल रही निकहत को क्वार्टरफाइनल में जोर्डन की नासार हनान पर आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से जीत दर्ज करने में तीन मिनट से भी कम समय लगा। निकहत का दबदबा इतना था कि रैफरी को जोर्डन की मुक्केबाज को तीन स्टैंडिंग काउंट देने के लिए बाध्य होना पड़ा जिसके बाद उन्होंने मुकाबला रोक दिया। वहीं अनुभवी सौरव घोषाल और अभय सिंह के शानदार खेल के दम पर भारतीय पुरुष स्क्वाश टीम ने मलेशिया पर जीत से फाइनल में प्रवेश किया जिसमें उसका सामना पाकिस्तान से होगा। भारतीय टीम को पूल चरण में पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था और अब फाइनल मुकाबले में उसके पास बदला चुकता करने का मौका होगा। एथलेटिक्स में किरण बालियान ने महिलाओं की गोला फेंक स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत को हांगझोउ एशियाई खेलों में एथलेटिक्स में पहला पदक दिलाया। एथलेटिक्स स्पर्धा के शुरुआती दिन 24 वर्षीय किरण ने तीसरे प्रयास में 17.36 मीटर दूर गोला फेंका। किरण ने 10 सितंबर को चंडीगढ़ में इंडियन ग्रां प्री 5 में 17.92 मीटर दूर गोला फेंककर दूसरा स्थान हासिल किया था जो उनका सत्र का और व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है।

● मुक्केबाज निकहत ने ओलंपिक कोटा और पदक पक्का किया, भारतीय पुरुष स्क्वाश टीम फाइनल में, गोला फेंक एथलीट किरण ने कांस्य जीता

हांगजोऊ में शुक्रवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय निशानेबाज स्वप्निल सुरेश कुसाले, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर तथा अखिल श्योराण।

हांगझोउ में एशियाई खेलों में शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल (व्यक्तिगत स्पर्धा) में स्वर्ण पदक जीतने वाली पलक, रजत पदक विजेता ईशा सिंह (दोनों भारत) व कांस्य पदक विजेता पाकिस्तान किश्माला तलत।

पलक और ईशा ने व्यक्तिगत वर्ग में एक दूसरे को कड़ी चुनौती देते हुए शीर्ष दो स्थान हासिल किए।17 वर्ष की पलक ने स्वर्ण और ईशा ने रजत पदक जीता। पाकिस्तान की तलत किश्माला को कांस्य पदक मिला। पलक का यह अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में पहला व्यक्तिगत पदक है। उसने फाइनल में 242-1 स्कोर किया जो एशियाई खेलों में रिकॉर्ड है। ईशा ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत भी जीता है। वहीं ईशा, मनु भाकर और रिदम सांगवान ने टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। पलक ने बाद में कहा, किसी से भी कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं है। मैं खुद ही अपनी सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी हूं। मैं हमेशा खुद को ही चुनौती देती हूं। हरियाणा के झज्जर की 17 वर्षीय निशानेबाज ने कहा, मेरा पहला शॉट 9-1 का था जो पूरी तरह से आउटर शॉट था। मैं इसके बाद थोड़ी नर्वस हो गई। लेकिन फिर मैंने खुद से कहा, अभी यह खत्म नहीं हुआ है। यह पहला ही शॉट है और अभी 23 और शॉट लगाने हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए जब तक आप जीत नहीं जाते, यह खत्म नहीं होता। बस एक शॉट खराब होने का असर बाकी शॉट पर नहीं पड़ने दे सकते। एक खिलाड़ी को खराब शॉट से वापसी करनी होती है। मैं सिर्फ प्रक्रिया पर ध्यान लगा रही थी, भले ही कुछ भी हो। ईशा ने कहा कि शुरु में काफी अच्छा रहा, मैं फोकस बरकरार रखने में कामयाब रही। ऐसा भी समय होता है जब चीजें कारगर नहीं होती, लेकिन खुश हूं कि अंत में यह सब मेरे पक्ष में रहा। उन्होंने कहा कि मैं थोड़ी नर्वस थी और अच्छी तरह ट्रिगर नहीं कर पा रही थी। मैंने महसूस किया कि इसके बाद मैंने ज्यादा ध्यान अपने ट्रिगर पर दिया। बुधवार को 25 मीटर पिस्टल में व्यक्तिगत रजत जीतने वाली ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल रजत जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थी। ईशा ने व्यक्तिगत फाइनल में 239-7 स्कोर किया। पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में भारत ने विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (591), स्वप्निल कुसाले (591) और अखिल श्योराण (587) टीम में थे जिन्होंने चीनी चुनौती से पार पाते हुए 1769 स्कोर किया।

चीन 1763 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा जबकि दक्षिण कोरिया को कांस्य पदक मिला। ऐश्वर्य और स्वप्निल ने क्वालीफिकेशन में पहले और दूसरे स्थान पर रहकर व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया। अखिल पांचवें स्थान पर रहते हुए भी फाइनल में जगह नहीं बना सके क्योंकि आठ टीमों के फाइनल में एक देश से दो ही प्रतियोगी भाग ले सकते हैं। अगले साल पेरिस ओलंपिक में पदक उम्मीद स्वप्निल ने क्वालीफिकेशन में एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए 591 स्कोर किया। ऐश्वर्य का भी यही स्कोर था लेकिन इनर 10 ज्यादा मारने के कारण स्वप्निल शीर्ष रहे। फाइनल में स्वप्निल और ऐश्वर्य दोनों स्वर्ण की दौड़ में थे। ऐश्वर्य ने 459-7 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता जबकि चीन के डु लिंशू ने 460-6 के स्कोर के साथ एशियाई खेलों का रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। स्वप्निल पूरी स्पर्धा में स्वर्ण की दौड़ में जग रहे थे लेकिन एक खराब शॉट पर 7-6 ही स्कोर कर (शेष पेज 9)

पॉक्सो कानून के तहत सहमति की उम्र न बदलें: विधि आयोग

● आयोग ने कहा, सहमति की उम्र घटाने का सीधा और नकारात्मक असर बाल विवाह और बाल तस्करी के खिलाफ लड़ाई पर पड़ेगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधि आयोग ने सरकार को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत यौन संबंधों के लिए सहमति की मौजूदा उम्र में बदलाव नहीं करने की सलाह दी है। देश में, सहमति की उम्र अभी 18 वर्ष है।

आयोग ने 16 से 18 वर्ष के बीच की आयु के किशोरों की मौन स्वीकृति से संबंधित पॉक्सो मामलों में सजा के विषय में निर्देशित न्यायिक विवेक लागू करने का सुझाव भी दिया है। विधि आयोग ने पॉक्सो कानून के तहत यौन संबंधों के लिए सहमति की उम्र पर अपनी रिपोर्ट कानून मंत्रालय को सौंपी है, जिसमें इसने सुझाव दिया है कि 16 से 18 वर्ष के बीच की आयु के किशोरों की ओर से मौन स्वीकृति से जुड़े मामलों में स्थिति को सुधारने के लिए कानून में संशोधनों की आवश्यकता है। कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाले आयोग ने कहा कि इसने सभी पहलुओं पर गौर किया, और 16 से 18 वर्ष के बीच की उम्र के किशोरों की संलिप्तता वाले मामलों के सिलसिले में सुझाव दिए। आयोग ने कहा कि सहमति की उम्र घटाने का सीधा और नकारात्मक असर बाल विवाह एवं बाल तस्करी के खिलाफ लड़ाई पर पड़ेगा।

आयोग ने अदालतों को उन मामलों में सतर्कता बरतने की सलाह दी है, जहां यह पाया जाए कि किशोरावस्था के प्रेम को नियंत्रित नहीं किया जा सकता और इसका आपराधिक इरादा नहीं रहा होगा। विधि आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा बाल संरक्षण कानूनों, विभिन्न फैसलों की सावधानीपूर्वक समीक्षा करने और बच्चों के यौन शोषण, बाल (शेष पेज 9)

2029 में सभी चुनाव साथ कराने के लक्ष्य पर किया जा रहा काम

● विधि आयोग कार्यकाल को बढ़ाकर या घटाकर सभी विधानसभा और तीसरे स्तर के चुनावों को साथ कराने के फॉर्मूले पर कर रहा काम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्र सभी चुनाव एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रारूप पर कराने का इच्छुक है, जिसका अर्थ है कि आम चुनाव, राज्य विधानसभा चुनाव और तीसरे स्तर के चुनाव जिन्हें स्थानीय निकाय चुनाव के रूप में जाना जाता है, एक साथ आयोजित किए जा सकते हैं।

वहीं राम नाथ कोविंद समिति इस पर काम कर रही है, विधि आयोग कार्यकाल को बढ़ाकर या घटाकर सभी विधानसभा और तीसरे स्तर के चुनावों को एक साथ कराने के फॉर्मूले पर काम कर रहा है ताकि सभी राज्य चुनाव 2029 के लोकसभा चुनावों के साथ कराए जा सकें।

सूत्रों ने कहा कि कानून पैनल लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक समान मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र तैयार कर रहा है ताकि लागत और जनशक्ति के उपयोग को कम किया जा सके और लगभग समान अभ्यास किया जा सके जो अब चुनाव आयोग और विभिन्न राज्य चुनाव आयोगों द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि चूंकि विधानसभा और संसदीय चुनाव चरणों में होते हैं, इसलिए आयोग यह देखने के लिए तौर-तरीकों पर काम कर रहा है कि मतदाता दो चुनावों के लिए मतदान करने के लिए एक से अधिक बार मतदान केंद्रों पर न जाएं। उन्होंने कहा कि आयोग का विचार है कि विधानसभा और संसदीय चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं और यह केवल विशाल लोकतांत्रिक अभ्यास के सुचारू संचालन के लिए तौर-तरीकों पर काम कर रहा है।

पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति को यह सिफारिश करने का काम सौंपा गया है कि लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनाव (पंचायत, नगर पालिका, जिला परिषद) एक साथ कैसे आयोजित किए जा सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि कोविंद पैनल के संदर्भ की शर्तों को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय और राज्य चुनावों के साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने को शामिल करने के लिए विधि आयोग का दायरा भी बढ़ाया जा सकता है। लॉ पैनल एक (शेष पेज 9)

पाकिस्तानः दो आत्मघाती धमाकों में 58 लोगों की मौत

पाकिस्तान में शुक्रवार को हुए बम धमाके में घायलों को उपचार के लिए ले जाते स्वास्थ्यकर्मी

भाषा। कराची/पेशावर

पाकिस्तान में शुक्रवार को अलग-अलग जगह हुए दो आत्मघाती धमाकों के कारण 56 लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 62 अन्य व्यक्ति घायल हो गाए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक मस्जिद के निकट एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को विस्फोट से उड़ा लिया जिससे कम से कम 52 लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य लोग घायल हो गए, जबकि एक अन्य मस्जिद में हुए आत्मघाती धमाके में चार लोगों की मौत हो गई। पैगम्बर मोहम्मद का जन्मदिन ईद ए मिलाद उन नबी मनाने के लिए मस्जिद के बाहर एक रैली के वास्ते भारी संख्या में लोग एकत्र हुए थे और उसी दौरान यह विस्फोट हुआ।

पुलिस ने बताया इसके कुछ घंटे बाद खैबर पख्तूनख्वा के हांगू शहर में एक अन्य मस्जिद में हुए विस्फोट में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। शहर पुलिस थाने के प्रभारी मोहम्मद जावेद लहरी ने बताया कि बलूचिस्तान में मस्तुंग जिले के अल फलाह रोड पर मदीना मस्जिद के निकट विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा कि विस्फोट एक आत्मघाती विस्फोट था। हमलावर ने पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) की कार के बगल में खुद को विस्फोट कर उड़ा लिया। इस आत्मघाती विस्फोट में मारे गए लोगों में रैली के दौरान ड्यूटी पर तैनात मस्तुंग के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) नवाज गश्कोरी भी शामिल हैं। मस्जिद के समीप विस्फोट उस वक्त हुआ जब लोग ईद-मिलाद उन नबी के मौके पर एकत्र हुए थे। पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिवस पर ईद-मिलाद उन नबी पर्व मनाया जाता है। लहरी ने बताया कि घायलों को चिकित्सा केंद्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है और अस्पतालों में आपातकाल लागू कर दिया गया है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी राशिद मुहम्मद सईद ने बताया कि 20 घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें इलाज के लिए क्वेटा ले जाया गया है।

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने शुक्रवार के विस्फोट में शामिल होने से इनकार करते हुए एक बयान में कहा कि ऐसा हमला उसकी नीतियों के खिलाफ है। समूह ने खैबर पख्तूनख्वा में हमले की भी निंदा की और कहा कि मस्जिदें, स्कूल और जनसभाएं हमारे लक्ष्यों का हिस्सा नहीं हैं। बलूचिस्तान के अंतरिम सूचना मंत्री जान अचाकजई ने कहा कि बचाव दलों को मस्तुंग भेजा गया है। उन्होंने कहा कि गंभीर रूप से घायल लोगों को क्वेटा स्थानांतरित किया जा रहा है और सभी अस्पतालों में आपात स्थिति लागू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि शत्रु, विदेशी ताकतों की सरपरस्ती में बलूचिस्तान में शांति व धार्मिक सौहार्द को नष्ट करना चाहता है। यह विस्फोट असहनीय है।

कार्यवाहक मुख्यमंत्री अली मर्दान डोमकी ने प्राधिकारियों को विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, हमले के दोषी किसी रहम के हकदार नहीं हैं। जिन्होंने भी शांतिपूर्ण जुलूस को निशाना बनाया है उनसे कड़ाई से निपटा जाएगा। मुख्यमंत्री ने लोगों से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस्लाम शांति का धर्म है और जिन्होंने इस जघन्य अपराध को अंजाम (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

ज्ञानवापी परिसर में एएसआई सर्वे रोकने की याचिका खारिज

वाराणसी। वाराणसी की एक अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के चल रहे वैज्ञानिक सर्वेक्षण को रोकने का अनुरोध करने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी। जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश मिश्रा ने बताया कि वाराणसी के जिला न्यायाधीश एके विश्वेश ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी द्वारा दायर याचिका पर कहा कि सर्वेक्षण इलाहाबाद उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के निर्देशों पर किया जा रहा है, इसलिए इस मामले में इस न्यायालय को सुनवाई का कोई अधिकार नहीं है। मिश्रा ने कहा कि अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी ने जिला न्यायाधीश की अदालत में याचिका दायर की थी। याचिका में यह आरोप लगाया गया था कि सर्वेक्षण निर्धारित नियमों के खिलाफ किया जा रहा है, इसलिए सर्वेक्षण रोका जाना चाहिए। जिला न्यायाधीश ने इस पर कहा, मुकदमे के वादियों पर कोई नई शर्त नहीं थोपी जा सकती। भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग कोई निजी संस्था नहीं है। वह सरकारी काम कर रही है। सर्वेक्षण का खर्च देने के लिए बाध्य करना सही नहीं है। अदालत ने इस याचिका पर बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुनाया।

सील हुआ भारतीय क्रिकेट बोर्ड का जन्मस्थल रोशनआरा क्लब

● पट्टे का नवीनीकरण न होने के बाद दिल्ली विकास प्राधिकरण ने क्लब को सील किया

● 100 साल पुराने इस क्लब के मैदान की देशी और विदेशी क्रिकेट खिलाड़ी बढ़ा चुके हैं शोभा

राजेश कुमार। नई दिल्ली

शक्तिनगर स्थित ऐतिहासिल रोशनआरा क्लब ग्राउंड की फाइल फोटो

शक्तिनगर में ऐतिहासिक रोशनआरा क्लब की इमारत हैं। यहीं पर1928 में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की स्थापना एक सोसाइटी के रूप में की गई थी, जो इस वक्त सबसे अमीर खेल संस्थाओं में से एक है। शुक्रवार सुबह 5 बजे दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा इसे सील कर दिया गया। डीडीए ने उसके पट्टे का नवीनीकरण नहीं किया।

क्लब की स्थापना 15 अगस्त 1922 को हुई थी और पिछले साल यह 100 साल का हो गया। क्लब के पास 90 साल की लीज है। लीज 2018 में समाप्त हो गई, लेकिन क्लब को छह महीने से एक साल तक का विस्तार दिया गया। करीब छह महीने पहले क्लब को डीडीए से इसे खाली करने का नोटिस मिला था। यह वह मैदान है जहां पहला अनौपचारिक टेस्ट मैच और पहला अनौपचारिक रणजी ट्रॉफी मैच यहीं खेला गया था। जैक हॉब्स, सीके नायडू, मुश्ताक अली, अमर सिंह, हर्बर्ट सटक्लिफ, इफ्तिखार अली खान पटौदी और फ्रैंक वॉरेल जैसे दिग्गजों ने रोशनआरा की शान बढ़ाई। स्वतंत्रता-पूर्व युग में क्लब के विशिष्ट आगंतुक रिचर्ड एटनबरो और माउंटबेटन सहित वाइसराय और गवर्नर जनरल थे। जवाहरलाल नेहरू, ज़ाकिर हुसैन, वीवी गिरि और डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे गणमान्य व्यक्ति क्लब के नियमित आगंतुक थे। इसके बाद से कई पीढ़ियों के विश्व स्तरीय खिलाड़ियों ने इस मैदान को अपनी उपस्थिति से सुशोभित किया है। इसमें कपिल देव, सुरिंदर अमरनाथ, हरि गिडवानी, सुरिंदर खन्ना, मदन लाल, बिशन सिंह बेदी, राहुल द्रविड़, हरभजन सिंह, युवराज सिंह, विराट कोहली, गौतम गंभीर, ईशांत शर्मा जैसे स्टार क्रिकेटर शामिल हैं।

यहां तक? कि शीर्ष आईपीएल टीमों- मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स ने उस दौरान इस परिसर में अभ्यास करने का विकल्प चुना जब लीग को सीओवीआईडी? के दौरान बुलबुले के अंदर खेला गया था। क्लब के अधिकारियों का आरोप है कि 6 अक्टूबर तक हाई कोर्ट की रोक के बावजूद सीलिंग की गई है। दूसरी ओर, डीडीए अधिकारियों ने कहा कि सीलिंग कानून के मुताबिक की गई है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई अवैधता नहीं है और मामला अदालत के संज्ञान में है। शुक्रवार की सुबह, दिल्ली में रोशनआरा रोड के आसपास असामान्य गतिविधि थी क्योंकि भारी सुरक्षा ने रोशनआरा क्लब की ओर जाने वाली सभी सड़कों पर (शेष पेज 9)

नोएडा से हेलीकॉप्टर से होगी चार धाम की यात्रा

500 किमी दायरे में अयोध्या, मथुरा को भी शामिल किया, बीकानेर, जोधपुर, अजमेर भी ले जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

आपको चार धाम की यात्रा करनी है। आप नोएडा में रहते हैं। तो ये खबर आपके लिए है। नोएडा प्राधिकरण हेलीपोर्ट योजना शुरू करने जा रहा है। इसमें 500 किमी के दायरे में हेलीकॉप्टर से धार्मिक यात्रा हो सकेगी। योजना चार धाम की यात्रा कराने की है। साथ ही, प्रदेश के दूसरे तीर्थ स्थलों पर भी ये हेलीकॉप्टर लेकर जाएगा। शुरुआत 3 हेलीकॉप्टर से होगी। हेलीपोर्ट की फाइनेंशियल बिड पर आगामी सप्ताह निर्णय हो जाएगा। इसके बाद कंपनी को निर्माण की जिम्मेदारी दे दी जाएगी।

अगले एक साल में निर्माण पूरा होने के साथ यहां से हेलीकाप्टर सेवा शुरू होगी। प्राधिकरण ने बताया कि नोएडा से मथुरा, यमुनोत्री, हरिद्वार, बदरीनाथ, केदार नाथ, गंगोत्री, जोशी मठ, उत्तर काशी, अयोध्या तीर्थस्थल शामिल है। इन सभी को हेलीकाप्टर सेवा से जोड़ दिया जाएगा। इसके अलावा टूरिस्ट प्लेस में आगरा, मसूरी, पंतनगर, नैनीताल, श्री नगर, गोचर, अलमोड़ा, न्यू टिहरी, शिमला, जयपुर, चंडीगढ़, ओली, रामपुर, मंडी, अजमेर, मनाली, बीकानेर, जोधपुर, डलहौजी को शामिल किया गया है। खास बात ये है यहां से देश का सबसे बड़ा हेलीकाप्टर बेल 412/12 सिटर भी उड़ान भरेगा।

प्रतीकात्मक फोटो

प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक केवी सिंह ने बताया कि बेंगलुरू की एक कंपनी रिफैक्स एयरपोर्ट एवं ट्रांसपोर्टेशन प्राइवेट लिमिटेड टेंडर प्रक्रिया में आई हुई है।

इस कंपनी की तकनीकी बिड पहले खोली जा चुकी है। अब शासन स्तर पर गठित कमेटी के सामने ही फाइनेंशियल बिड खोली जाएगी। हेलीपोर्ट को पीपीपी मॉडल पर नोएडा प्राधिकरण बनवाएगा। नोएडा के सेक्टर 151ए में प्रस्तावित हेलीपोर्ट के निर्माण में 43.13 करोड़ रुपए खर्च कर किए जाएंगे। इसका डिजाइन बेल 412/12 सीटर के अनुसार तैयार किया गया है। हेलीपोर्ट में 5 बेल 412 के पार्किंग एप्रान की सुविधा होगी। इस हेलीपोर्ट में वीवीआईपी या आपात काल के समय 26 सिटर एमआई 172 भी उतारा जा सकेगा।

इन शहरों तक हो सकेगा हवाई सफर

- 100 से 200 किमी में मथुरा आगरा
- 200 से 300 किमी में मसूरी, यमुनोत्री, पंत नगर, नैनीताल, उत्तर काशी, श्री नगर, गोचर, अल मोड़ा, न्यू टिहरी, शिमला, हरिद्वार जयपुर, चंडीगढ़, ओली
- 300 से 400 किमी बद्रीनाथ, केदार नाथ, गंगोत्री, जोशी मठ, रामपुर, मंडी, अजमेर
- 400 से 500 किमी मनाली, बीकानेर, जोधपुर, डलहौजी, अयोध्या

डीजे की तेज आवाज से गिरा लिंटर, दंपति घायल

गाजियाबाद। मोदीनगर की चुन्ना भट्टी कॉलोनी में दोपहर को गारमेंटस की दुकान का लिंटर गिर गया। मलबे की चपेट में आने से दुकान स्वामी व उनकी पत्नी आ गई।

दंपति को गंभीर हालात में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर की भूपेन्द्रपुरी कालोनी निवासी महेश कुमार परिवार सहित रहते हैं। वह अपने घर से थोड़ी दूरी पर चुन्नाभट्टी कॉलोनी में गारमेंटस की दुकान करते हैं। महेश अपनी पत्नी सोनिया के साथ दुकान पर मौजूद थे। दोपहर बारह बजे के आसपास महेश कुमार काम कर रहे थे, जबकि उनकी पत्नी आराम कर रही थीं। उनके अनुसार इसी बीच कॉलोनी से एक धार्मिक यात्रा निकली। धार्मिक यात्रा में तेज आवाज में डीजे बज रहे थे। इसी बीच पहले दुकान का लिंटर का कुछ हिस्सा गिरा। कुछ समझ पाते, इससे पहले ही दुकान की छत भर भराकर गिर गई। लिंटर के मलबे में दंपति दब गए। चदंपति को मलबे से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की हालात गंभीर बनी हुई है।

चलते ट्रक के केबिन में पहुंचा अजगर

- दो घंटे की मशक्कत के बाद पकड़ा गया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में एक चलते हुए ट्रक में अचानक अजगर घुस आया। जिसे देखकर ट्रक चालक और परिचालक घबरा गए। वे ट्रक को बीच सड़कर, खड़ाकर शोर मचाते हुए केबिन से बाहर भाग गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस ने अजगर को पकड़ने की कोशिश की तो वह ट्रक से निकलकर बाइक से लिपट गया। करीब दो घंटे में अजगर को काबू में किया गया। उसे पकड़ने के बाद पुलिस ने वन विभाग की टीम को सौंप दिया।

दरसअल गुरुवार रात साढ़े 12 बजे एक ट्रक सूरजपुर की तरफ से कासना की तरफ जा रहा था। जैसे ही ट्रक बीटा 2 थाना क्षेत्र के परी चौक गोल चक्कर के पास पहुंचा, अचानक से परिचालक को केबिन के अंदर एक अजगर आता दिखाई दिया। यह देखते ही वह चिल्लाने लगा और इसके बाद चालक और परिचालक ट्रक को सड़क पर खड़ाकर भाग गए। उन्होंने जोर.जोर से अजगर अजगर कहकर शोर मचाना शुरू कर दिया।

इसके बाद वहां पर लोगों की भीड़ लग गई। मौके पर मौजूद लोग उस अजगर का वीडियो बनाने लगे। पुलिस ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद बीटा 2 थाना से भी और पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद पुलिस खुद उस अजगर को रेस्क्यू करने में जुट गई। जब उन लोगों ने ट्रक से उस अजगर को जैसे तैसे बाहर निकाला तो वह बाहर निकलते का पास में ही खड़ी हुई एक मोटरसाइकिल में जाकर लिपट गया। अजगर को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मोटरसाइकिल पर काफी देर तक वह अजगर लिपटा रहा।

इसके बाद पुलिस ने कड़ी मशक्कत दिखाते हुए रस्सी, कपड़े व अन्य चीजों की मदद से अजगर को पकड़ने की कोशिश की। अजगर को रेस्क्यू करने में करीब डेढ़ से 2 घंटे का समय लग गया। पुलिस ने आखिरकार अजगर पर काबू पा लिया।

करीब 2:30 बजे वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद पुलिस ने अजगर को वन विभाग की टीम को सुपुर्द कर दिया।

पैकेजिंग फैक्ट्री में लगी आग

गाजियाबाद। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत प्लॉट संख्या.22/12 साउथ साइट जीटी रोड इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित वरुणा केमिकल प्लांट में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। इस घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड तत्काल मौके पर पहुंच गई। वहां जाने पर पता चला कि पैकेजिंग कंपनी में रखे विस्फोटक पदार्थों में विस्फोट हो रहे हैं। जिसके बाद मौके पर एक दर्जन से अधिक फायर टेंडर मंगाये गये। सुबह लगभग साढ़े तीन बजे लगी आग पर काबू पाने में फायर ब्रिगेड को घंटों लग गये। इस संदर्भ में सीएफओ राहुल पाल का कहना है कि अंदर घुसने के लिए मौके पर जेसीबी मंगानी पड़ी।

वंदना त्रिपाठी बनीं नोएडा की नई अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण में एक बार फिर ट्रांसफर हुए है। ओएसडी अविनाश त्रिपाठी के बाद शुक्रवार दोपहर बाद अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रभाष कुमार का तबादला विशेष सचिव खाद्य के पद पर किया गया है। साथ में नियंत्रक बाट माप का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

वहीं नोएडा प्राधिकरण की ओएसडी आईएएस वंदना त्रिपाठी को नोएडा का अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी बना दिया गया है। इससे पहले शुक्रवार की सुबह ओएसडी अविनाश त्रिपाठी का तबादला कर उनको बागपत का एसडीएम बनाया गया है। नोएडा प्राधिकरण में अविनाश त्रिपाठी कार्मिक, भू.लेख विभाग, आवास, प्लाट, जल जैसे महत्वपूर्ण विभाग देख चुके है। इससे पहले भी कार्यरत ओएसडी का प्राधिकरण से तबादला आ चुका है। अब यहां ओएसडी स्तर पर दो अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह जो भू लेख और अशोक शर्मा है। वह कॉमर्शियल विभाग देख रहे है। प्राधिकरण आला अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही यहां तीन नए ओएसडी आएंगे। जिनकी डिमांड शासन को भेज दी गई है।

युवक ने वीडियो बनाया, फिर जान दी

- रूठी पत्नी को भेजा था आखिरी संदेश

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में एक व्यक्ति जोगेंद्र ने फांसी लगाकर जान दे दी। ये घटना 23 सितंबर को गांव हरसांव की है, जिसका लाइव वीडियो 6 दिन बाद सामने आया है। मरने से पहले इस व्यक्ति ने 45 सेकेंड की एक वीडियो मोबाइल से रिकॉर्ड की, जिसमें वो पत्नी के लिए आखिरी मैसेज रिकॉर्ड करता है।

कविनगर थाना पुलिस ने पत्नी व अन्य ससुराल वालों के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। सुसाइड से पहले जोगेंद्र ने जो वीडियो बनाया। वो पुलिस को भी मिला है। अब आपको बताते हैं कि जोगेंद्र ने आखिरी मैसेज में कहा है, हैलो अंजू, ये मैसेज तेरे लिए है बस। ठीक है मेरी जान। बाकी आज आखिरी बार शक्ल देख ले। कोई दिक्कत ना है। तेरे बालक ठीक हैं। तू खुश रहिये। सोनू तो चला। तेरी बहन ने कहा था कि वो तेरा दूसरा ब्याह कराएगी, तो अब तेरा दूसरा ब्याह हो जाएगा। चल बाय, बेटा अपना ख्याल रखियो। अगर कुछ गलती हुई हो तो माफ कर दियो। और बाकी देख, मेरे जाने के पीछे तू यहां तो आने की नहीं। बालक भी गए और मैं भी गया। आराम से अपना घर बसाना। लव यू।

इतना कहने के बाद जोगेंद्र फांसी के फंदे को दिखाता है, जो उसने दरवाजे के सहारे लटकाया हुआ था। दरअसल, कविनगर इलाके के हरसांव में 23 सितंबर को ड्राइवर जोगेंद्र ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। अब इस मामले में जोगेंद्र के पिता जयप्रकाश ने पत्नी अंजू, साली आशा और साले मनीष पर मुकदमा दर्ज कराया है।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	यादविंदर सिंह ढुल (Dhull)/ बोबिन ढुल खाता नंबर LBHIS00001724766 मकान नंबर 1045, सेक्टर–13, हिसार, हरियाणा–125001	मकान नंबर 196, ब्लॉक डी, ओमीक्रोन 1ए, ग्रेटर नोएडा, नोएडा–201301	22–08–2023 रू. 11,62,836.52/–	09–07–2023

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 30 सितम्बर, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंजिल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता– 700020 सीआईएन नंबर : L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	रूपेश कुमार सिंह/ सुधा सिंह/ क्यूटीआर नंबर 67/ एफ एमबी रोड सेक्टर 04 रुशप विहार साकेत, दिल्ली, दिल्ली–110017/ LBMTI00005378477	मौजा– डुमरी टोला रूदलपकडी, खाता नंबर– 66, खसरा नंबर 824, तौजी नंबर 428, थाना नंबर 13, थाना पिपरा कोठी, अंचल– चकिया, उप रजिस्ट्री चकिया, जिला– पूर्वी चंपारण, बिहार (क्षेत्रफल 1 कथा अर्थात 5 3/4 दशमलव)/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 25.09.2023	अप्रैल 21, 2023 रु. 20,64,718/–	दिल्ली/ बिहार

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : सितंबर 30, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	नीरज गुप्ता, मालिनी गुप्ता, 812, जी–3, एचआईजी फ्लैट, शुभम अपार्टमेंट, शालीमार गार्डन एक्स–1, साहिबाबाद, गाजियाबाद– 201005 खाता :– एलबीडीईएल00001483876	फ्लैट नंबर 812, जी–3, एचआईजी फ्लैट, भू तल, शुभम अपार्टमेंट–4, प्लॉट नंबर 812, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन–1, ग्राम पसौंडा, परगना लोनी, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद–201010	27–07–2023 रू. 8,28,878.38/–	08–11–2007
2.	राजेश चौधरी, पूर्णिमा वर्मा, अल मलोना टेक्सटाइल एलएलसी, पोस्ट बॉक्स नंबर 31681, शारजाह, अल नादहा, 27401 खाता :– एलबीडीईएल00001656738	फ्लैट नंबर 4402, डीडीए डुप्लेक्स, भू तल एवं प्रथम तल, ब्लॉक बी–5/6, कैटेगिरी–III, वसंत कुंज, दिल्ली–110070	07–09–2023 रू. 5,93,29,397/–	08–11–2008

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 30 सितम्बर, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	शुबीर वाल्टर अब्राहम/ शुमीर ओलिवर अब्राहम/ एडना अब्राहम/ LBDEL00005394144/ LBDEL00005394146	डीडीए फ्लैट नंबर 1136, तीसरी मंजिल, पॉकेट 1, सेक्टर डी, श्रेणी– सी, एसएफएस– सीएटी–II, सेक्टर डी, स्कूटर गैरेज के साथ, वसंत कुंज, नई दिल्ली, दिल्ली– 110070/ सितंबर 26, 2023	18 मई, 2023 रु. 1,41,18,636/–	दिल्ली/ एनसीआर

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : सितंबर 30, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., 4/10, मैत्री टावर, बोम्मनहल्ली, होसूर मेन रोड, बेंगलूरू–560 068

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह बिना तामील वापस प्राप्त की जा चुकी है और अतएव उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	सी बालाजी/सी ज्योति/ नंबर 20, चौथा क्रॉस एलआईसी कालोनी, बेंगलूरू–560022 LBBNG00005595205	(जैसा कि ऋण दस्तावेज/सम्पत्ति दस्तावेज में वर्णित है सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति साइट नंबर 6 (पुराना नंबर 21) बीबीएमपी काथा पीआईडी नंबर 2–72–6, स्थित 17वां क्रॉस रोड, वार्ड नंबर 2, जलाहल्ली मुथियालनगर, बेंगलूरू, अब बीबीएमपी की सीमाओं के भीतर, परिमाप पूरब से पश्चिम 30 फीट और उत्तर से दक्षित 40 फीट कुल परिमाप 1200 वर्ग फीट बिल्डिंग सहित जिसमें भू तल, प्रथम तल और द्वितीय तल शामिल हैं, कुल बिल्टअप एरिया लगभग 1650 वर्ग फीट और चौहद्दी : उत्तर : रोड, दक्षिण : निजी सम्पत्ति पुराना (साइट नंबर 34) नया नंबर 16, पूरब : निजी सम्पत्ति पुराना (साइट नंबर 20) नया नंबर 05, पश्चिम : निजी सम्पत्ति पुराना (साइट नंबर 22) नया नंबर 07	31–08–2023 रू. 85,03,005.00/–	10–06–2023

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 30–09–2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता–700020 सीआईएन : L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, जोकि तामील नहीं की जा सकी और इसलिए उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	मुकुट राय चौधरी/सोभा राय चौधरी/रूपक राय चौधरी/इन्द्राणी भट्टाचारजी/एससीआर 3 यूनिट 3, खारवेला नगर भुवनेश्वर खुर्दा ओडिशा भुवनेश्वर–751001/एलबीबीबीएस00003869761/ एलबीबीबीएस00004424646/एलबीबीबीएस00003869777	प्लॉट नंबर 3 (एससीआर) खारवेला नगर, यूनिट 3, राजस्व प्लॉट नंबर 116, खाता नंबर 367, मौजा खारवेला नगर–1, पी.एस. न्यू कैपिटल, भुवनेश्वर ओडिशा (क्षेत्रफल परिमाप 2700 वर्ग फीट तथा 0.060 डेस.)	03–08–2023 रू. 2,37,29,078/–	03–06–2023
2.	राजगणि कुमार/सबनम कुमारी/एस ओ राधेश्याम प्रसाद किसान कालोनी फेज–2 निकट बेऊर अखाड़ा अनीशाबाद पटना बिहार पटना–800002/ एलबीपीटीएन00005314853/ एलबीपीटीएन00005314851	खसरा सर्वे प्लॉट नंबर 59 (पार्ट), थाना कोड 113, थाना नंबर 33, तौजी नंबर 5070, खाता नंबर 72, पटना नगर निगम, वार्ड नंबर 7, मौजा बेऊर, मौसम मोहल्ला, किसान कालोनी, थाना फुलवारी शरीफ, सब–रजिस्ट्री फुलवारी शरीफ, सदर रजिस्ट्री कार्यालय और जिला पटना, बिहार (क्षेत्रफल परिमाप 1772 वर्ग फीट अथवा 4.0679522 डेसीमल)	29–08–2023 रू. 2,22,08,271/–	12–06–2023

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को बकाया राशि का भुगतान धारा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 30 सितम्बर, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

DMI HOUSING FINANCE PRIVATE LIMITED ("COMPANY")
(U65923DL2011PTC216373

Registered Office :- Express Building, 3rd Floor, 9-10, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002;
Tel :- +91 11 41204444; F:- +91 11 41204000;
Email:- dmi@dmihousinhgfinance.in)

सार्वजनिक नोटिस

आम लोगों को और विशेष रूप से ग्राहकों को यह सूचित किया जात है कि कंपनी के प्रबंधन ने निम्नलिखित शाखा को परिवर्तन करने का निर्णय लिया है:-

डीएमआई हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड का नाम, पता और संपर्क विवरण	डीएमआई हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, 21, तीसरीमंजिल, बड़ामोहल्ला, दुग्गलकॉलोनी, देवलीरोड, खानपुर नई दिल्ली - 110062 +(919899627841), (jagdish-goyal@dmihousingfinance-in)
बंद होने की तिथि	31.12.2023

यह स्पष्ट किया जाता है कि कंपनी यह सुनिश्चित करने के लिए उचित सावधानी बरत रही है कि परिवर्तन करने की प्रक्रिया के दौरान कंपनी के ग्राहकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी मूल्यवान ग्राहकों के ऋण खाते नयाशाखा (अर्थात सी-110, दूसरी मंजिल, लाजपत नगर-1, नई दिल्ली - 110024) में जानी रहेंगे। ऋण खाता रखने वाले ग्राहक अपने खाते को हमारी कंपनी की किसी अन्य शाखा मे स्थानांतरित कर सकते हैं, बशर्ते इसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया गया हो। प्रासंगिक आवेदन पत्र शाखा के उपलब्ध है। ग्राहकों से एतदद्वारा अनुरोध किया जाता है कि कृपया उपरोक्त परिवर्तन पर ध्यान दें जो 01.01.2024 से अस्थायी रूप से प्रभावी होगा।

यदि किसी और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है और/या किसी कठिनाई के मामले में, ग्राहक डीएमआई हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड +91-9899627841, श्री जगदीश प्रसाद गोयल) के अधिकारियों से संपर्क कर सकता है:

स्थान:- खानपुर देवली, नई दिल्ली
दिनांक:- 25 सितंबर 2023

संक्षिप्त समाचार

वर्ल्ड हार्ट डे पर, फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के वॉकथॉन में भाग लेते लोग।

वर्ल्ड हार्ट डे पर वॉकथॉन का आयोजन

नोएडा। वर्ल्ड हार्ट डे पर हृदय संबंधी बीमारियों की जागरूकता के लिए फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा ने शुक्रवार को वॉकथॉन का आयोजन किया। इस अवसर पर हृदय रोग विशेषज्ञ ने बताया कि दिल का दौरा पड़ने के बाद पहले 60 मिनट (गोल्डन ऑवर) के भीतर मरीज को अस्पताल पहुंचाने से उसकी जान बचाई जा सकती है। फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा में इंटरवें

शोरूम से 25 करोड़ के गहने व नकदी उड़ाने वाले गिरफ्त में

छत्तीसगढ़ में दो पकड़े गए, आरोपियों के कब्जे से 18.5 किलोग्राम आभूषण व 13 लाख की नकदी बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के भोगल इलाके में आभूषण की दुकान से 25 करोड़ रुपये की चौरी के मामले में छत्तीसगढ़ के बिलासपुरपु से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से चोरी हुए ज्यादातर सोने के गहने और कैश बरामद किए गए हैं। अभी कई अन्य जगहों पर भी पुलिस की छापेमारी जारी है। दोनों कब्जे से उमराव सिंह ज्वैलर्स की दुकान से चोरी किया गया 18 किलो सोना और 12.50 लाख रुपये कैश बरामद हुआ है। आरोपियों की पहचान लोकेश श्रीवास और शिवा चंद्रवंशी के रूप में हुई है। आरोपी लोकेश सलून में काम करता था। उसका सपना है कि वह सोने की कैंची, कंघी और उस्तरे से किसी बड़े आदमी का बाल काटे।

बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने मीडिया से बातचीत में बताया कि अपराध निरोधक तथा साइबर इकाई और बिलासपुर जिले में सिविल लाइन पुलिस थाने के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने बिलासपुर शहर में चोरी की कई घटनाओं की जांच के दौरान यह अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान लोकेश श्रीवास और शिवा चंद्रवंशी के रूप में हुई है। लोकेश बिलासपुर में कथित तौर पर चोरी के सात मामलों में संलिप्त है।

पुलिस गिरफ्त में मुख्य आरोपी व बरामद सोने के आभूषण

उन्होंने बताया कि श्रीवास के, छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में कवर्धा शहर में मौजूद होने की गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने बुधवार को वहां छापा मारा और चंद्रवंशी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 23 लाख रुपए कीमत के आभूषण बरामद किए।

सिंह ने कहा कि इस बीच श्रीवास फरार हो गया। उन्होंने बताया कि टीम ने इसके बाद श्रीवास को दुर्ग जिले के स्मृतिनगर पुलिस थाना क्षेत्र में एक घर में पकड़ा और उसके पास से 18.5 किलोग्राम सोने और हीरे के आभूषण तथा 12.5 लाख रुपए नकद बरामद किए।

उन्होंने बताया कि जांच में खुलासा हुआ कि आभूषण नई दिल्ली में एक दुकान से चुराए गए थे। दिल्ली पुलिस की एक टीम भी छत्तीसगढ़ पहुंची और आगे की जांच चल रही है। दिल्ली में आभूषण की दुकान के मालिक महावीर प्रसाद जैन ने संवाददाताओं को बताया, हम पुलिस के शुक्रगुजार हैं। हमने बरामद की गई वस्तुओं की तस्वीरें देखी हैं और आभूषण में लगे टैग से उनकी पहचान की है। हम गिरफ्तार किए गए लोगों को नहीं जानते।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, दिल्ली में डकैती की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक इस वारदात में कम से कम तीन अज्ञात लोग शामिल थे। उन्होंने बताया कि आरोपी इस सप्ताह की शुरुआत में दुकान में घुसे, स्ट्रॉन्ग रूम में छेद किया और 25 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के आभूषणों के साथ-साथ पांच लाख रुपए नकद लेकर फरार हो गए।

पुलिस के अनुसार दक्षिण दिल्ली के भोगल में उमराव सिंह ज्वैलर्स नाम की दुकान में कई सीसीटीवी कैमरे लगे थे, लेकिन रविवार आधी रात के आसपास उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। पुलिस ने बताया कि दुकान के मालिक ने रविवार रात करीब आठ बजे दुकान बंद की थी और मंगलवार सुबह करीब 10.30 बजे फिर से दुकान खोली तो उसे घटना की जानकारी हुई। यह दुकान सोमवार को बंद रहती है।

इंडिया गठबंधन से अलग नहीं होगी आप : केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● भगवंत मान की सरकार राज्य में नशीले पदार्थों की समस्या को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि इसने युवाओं को बर्बाद किया

आम आदमी पार्टी ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन से अलग होने की अटकलों पर विराम लगा दिया है।

आप संयोजक व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन के लिए प्रतिबद्ध है और वह उससे अलग नहीं होगी। कांग्रेस की पंजाब इकाई ने मादक पदार्थों की तस्करी के वर्ष 2015 के मामले में कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा की गिरफ्तारी के बाद, राज्य की आप सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध लेने का आरोप लगाया है।

आप ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि भुलथ से विधायक के खिलाफ कार्रवाई कानून के अनुसार की गई है। इस घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में केजरीवाल का यह बयान मायने रखता है। केजरीवाल ने कहा, आप इंडिया गठबंधन के लिए प्रतिबद्ध है। हम गठबंधन से अलग नहीं होंगे। हम गठबंधन के धर्म का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केजरीवाल ने खैरा के मामले पर कहा, उन्होंने इस बारे में सुना है, लेकिन उनके पास विस्तृत जानकारी नहीं है। आपको पंजाब पुलिस से बात करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा, (पंजाब के मुख्यमंत्री) भगवंत मान की सरकार राज्य में नशीले पदार्थों की समस्या को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि इसने युवाओं को बर्बाद कर दिया है।

चाहे कोई प्रभावशाली व्यक्ति हो या कोई मामूली व्यक्ति हो, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। वह किसी विशेष घटना पर टिप्पणी नहीं कर रहे है क्योंकि उनकके पास विस्तृत जानकारी नहीं है।

प्रदूषण: कल से लागू होगा विंटर एक्शन प्लान

● चिह्नित 13 हॉटस्पॉट के लिए अलग-अलग होगी योजना : केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सर्दियों के मौसम में राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए शुक्रवार को 15 सूत्रीय शीतकालीन कार्य योजना का ऐलान किया। साथ ही दावा किया कि राष्ट्रीय राजधानी में उनकी सरकार की पहल से प्रदूषण में 30 फीसदी कम आई है।

दिल्ली सरकार ने ग्रीन कवर बढ़ाकर, थर्मल पावर प्लांट बंद कर, धूल प्रदूषण पर जुर्माना, इंडस्ट्री को पीएनजी में शिफ्ट कर और 24 घंटे बिजली मुहैया कराकर प्रदूषण को कम किया। सीएम ने कहा पहचान किए 13 हॉटस्पॉट के लिए अलग-अलग एक्शन प्लान होगा, पराली पर नि:शुल्क बॉयो डी-कंपोटर का छिड़काव किया जाएगा। निर्माण साइटों की निगरानी व एंटी डस्ट मशीन का प्रयोग जरूरी होगा। प्रदूषण बढ़ने पर सख्ती से ग्रैप को लागू करेंगे, जागरूकता अभियान चलाएंगे और पडोसी राज्यों के साथ मिलकर काम करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करेंगे और खुले में कचरा जलाने पर रोक रहेगी। इंडस्ट्री पर कड़ी नजर रहेगी। पटाखे जलाने पर रोक जारी रहेगी। प्रदूषण की रियल टाइम मॉनिटरिंग होगी और ई-वेस्ट पार्क बनेगा। एक करोड़ पौधे लगाए जाएंगे, ग्रीन वॉर रूम बनेगा और लोग ग्रीन दिल्ली एप पर शिकायत कर सकेंगे। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन तथा ईवी नीति, ताप बिजली घरों को बंद करने, 24 घंटे बिजली आपूर्ति, पौधरोपण जैसी सरकार की पहल के कारण ही पिछले आठ वर्षों में गंभीर प्रदूषण के स्तर वाले दिनों में कमी आई।

प्रेस वार्ता में आंकड़े पेश करते मुख्यमंत्री केजरीवाल व साथ में गोपाल राय।

केजरीवाल ने प्रदूषण स्तर कम करने में सरकारी पहलों में मदद के लिए दिल्ली के लोगों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने शीतकालीन कार्रवाई योजना की घोषणा करते हुए कहा कि पराली के निस्तारण के लिए पिछले वर्ष 4,400 हेक्टेयर में पूसा बायोडिकम्पोजर का छिड़काव किया गया था, इस वर्ष 5000 हेक्टेयर कृषि भूमि पर इसका छिड़काव किया जाएगा।

पूसा बायोडिकम्पोजर का निर्माण भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने किया था। यह एक प्रकार का घोल है जो पराली का निस्तारण 15-20 दिन में कर देता है। सरकार ज्यादा धूल प्रदूषण वाले 13 स्थानों पर इसे रोकने के लिए पानी का छिड़काव करने वाले 530 उपकरणों का इस्तेमाल करेगी तथा 385 टीम वाहनों के प्रदूषण प्रमाणपत्रों की जांच करेंगी ताकि निर्धारित सीमा से अधिक पुराने वाहनों को रोका जा सके। उच्चतम न्यायालय ने 2018 में दिल्ली में क्रमश: 10 और 15 साल से अधिक पुराने डीजल और पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया।

इसमें कहा गया था कि आदेश का उल्लंघन कर चलने वाले वाहनों को जब्त कर लिया जाएगा। राष्ट्रीय हरित अधिकरण का 2014 का एक आदेश 15 साल से अधिक पुराने वाहनों को सार्वजनिक स्थानों पर खड़ा करने पर रोक लगाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में खुले में कचरा जलाने पर प्रतिबंध है और 611 टीम इसकी निगरानी करेंगी। उन्होंने लोगों से ग्रीन दिल्ली मोबाइल ऐप डाउनलोड करने और प्रदूषण पैदा करने वाली किसी भी गतिविधि की सूचना सरकार को देने का भी आग्रह किया।

पिछले साल की कापी-पेस्ट है शीत कालीन योजना : सचदेवा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● ग्रैप लागू होने पर भी एक्यूआई 200 से नीचे नहीं जाता जो इसकी विफलता को दर्शाता है

प्रदेश भाजपा ने शीत कालीन योजना को लेकर केजरीवाल सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, केजरीवाल की शीतकालीन कार्य योजना सिर्फ दिखावा है। प्रदूषण नियंत्रण को लेकर केजरीवाल ने कुछ नहीं किया। शुक्रवार को जारी विंटर एक्शन प्लान पिछले वर्ष प्रस्तुत योजना का कापी-पेस्ट है।

उन्होंने कहा कि पंजाब में सत्ता संभालने से पहले आप ने दिल्ली में प्रदूषण के लिए उत्तरी राज्य को जिम्मेदार ठहराया था। लेकिन अब, केजरीवाल पंजाब पर चुप हैं। वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार की असंवेदनशीलता पर एक लघु फिल्म दिखाई गई। उन्होंने कहा कि गत नौ वर्षों से दिल्ली वालों ने देखा है कि केजरीवाल सरकार का एक भी विंटर एक्शन प्लान सफल नहीं हुआ है क्योंकि केजरीवाल सरकार ने प्रदूषण के कारणों एवं उनके समाधान पर ना कोई ठोस कार्रवाई की और ना ही कोई कार्य योजना लागू की है। मुख्यमंत्री ने कभी सम-विषम योजना लाकर, कभी लाल बत्ती पर इंजन आफ तो कभी पराली घोल योजनाओं के प्रचार तो बहुत किया पर नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा है क्योंकि सरकार ने सड़कों की धूल उड़ने जैसे वायु प्रदूषण के सबसे बड़े कारण पर कोई काम नहीं किया है।

सरकार प्रदूषण पर कितनी गम्भीर है उसका प्रमाण है बाबा खड़ग सिंह मार्ग पर वर्ष 2021 में 20 करोड़ की लागत से लगाया गया स्मॉग टावर लगने के बाद से ही बंद पड़ा है। खुले में कूड़ा जलाने के रोकने के दावे हर साल होते है पर बदस्तूर कूड़ा खुले में जलता देखा जाता है क्योंकि ना पहले ना अब आप सरकार नगर निगम को कूड़ा कॉम्पेक्टर विस्तार के लियें फंड नही दे रही।

सचदेवा ने कहा कि पौधारोपण के आंकड़े झूठे हैं आईएफएसआर की रिपोर्ट 2021 के अनुसार फॉरेस्ट एरिया 0.68 किलोमीटर कम हुआ है जो कि पर्यायवरण मंत्री गोपाल राय के दावों को गलत साबित करता है।

हरदीप पुरी का विपक्षी गठबंधन पर तंज पूछा, क्या यही है मोहब्बत की दुकान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पंजाब के विधायक सुखपाल सिंह खैरा की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच जारी आरोप-प्रत्यारोप के बीच केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को तंज कसते हुए कहा कि यह उनकी मोहब्बत की दुकान है और यह साफ दिखाता है कि पंजाब और दिल्ली में विपक्षी गठबंधन इंडिया बिखर रहा है। कांग्रेस और आप दोनों विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया के घटक दल हैं।

एक कार्यक्रम में गिरफ्तारी पर पूछे जाने पर पुरी ने कहा, यह कांग्रेस और आप की मोहब्बत की दुकान है। मैं इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहता, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं... यह पंजाब और दिल्ली में बिखर रहा आईएनडीआई गठबंधन है। राहुल गांधी अक्सर भाजपा की आलोचना करने के लिए नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का उल्लेख करते रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

लेडीज़ यूरोपियन टूर इवेंट में विजेता टीम के लिए टॉफी के साथ खिलाड़ी।

राष्ट्रीय ओपन का दीक्षा डागर करेंगी नेतृत्व

नई दिल्ली। एशिया में प्रमुख लेडीज़ यूरोपियन टूर (एलईटी) इवेंट, हीरो महिला इंडियन ओपन में भारत की तरफ से महिला गोल्फ टीम का दीक्षा डागर नेतृत्व करेंगी। राजधानी में शुक्रवार को आयोजित एक समारोह में बताया गया कि हीरो इंडियन महिला गोल्फ का 19 से 22 अक्टूबर तक आयोजन किया जाएगा। इसमें 25 से अधिक देशों के 120 खिलाड़ी शामिल होंगे। यह टूर्नामेंट और गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित किया जाएगा। हीरो मोटोकॉर्प की तरफ से भारतेंदु काबी ने कहा, हीरो विमेंस इंडियन ओपन के 15वें टूर्नामेंट में उभरती खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक वैश्विक मंच मिलेगा। इस अवसर पर भारतीय महिला गोल्फ एसोसिएशन की अध्यक्ष कविता सिंह, लेडीज़ यूरोपियन टूर के सीईओ एलेक्जेंड्रा अरमास आदि मौजूद थीं।

ब्रिटेन से 12 हजार करोड़ निवेश के प्रस्ताव: धामी

नई दिल्ली। उत्तराखंड में ब्रिटेन से 12 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल हैं। यह जानकारी शुक्रवार को राजधानी में आयोजित एक प्रेसवार्ता में उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी ने दी। उन्होंने अपनी ब्रिटेन यात्रा के मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यूके में विभिन्न बैठकों में राज्य में लगभग 12 हजार 05 सौ करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर करार हुआ। उन्होंने कहा कि निवेश प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में एक उत्तराखण्ड अप्रवासी सेल बनाया जायेगा। उत्तराखण्ड में निवेश हेतु विभिन्न कंपनियों के 80 डेलिगेशनों के साथ ही सघन बैठक (लंदन रोड शो) में लगभग 1250 करो? रूपये के प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किये गये।

सांस्कृतिक संबंध दिलों को जोड़ने वाला: अनूप लाठर

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक परिषद के सहयोग से अरबिंदो कॉलेज द्वारा जी 20 के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय भारत-चीन के परस्पर मजबूत सम्बंधो की भूमिका को आधार बनाया जाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष अनूप लाठर के साथ-साथ प्रो. रविन्द्र कुमार, प्रो. निरंजन कुमार एवं जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व पीवीसी प्रो. चिंतामणि महापात्रा वक्ता के रूप में शामिल हुए।

आप के दो दर्जन के अधिक नेता कांग्रेस में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली के दो दर्जन से भी अधिक आम आदमी पार्टी के नेताओं व पदाधिकारियों ने कुलदीप भाटी के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली की मौजूदगी में सैंकड़ों समर्थकों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया।

मंच का संचालन कांग्रेस नेता दीपक वशिष्ठ ने किया। इस मौके पर ठाकुर जगतपाल, गुजर समाज के अध्यक्षजगबीर चौधरी, सतपाल पहलवान, सुशील तिवारी आदि भी शामिल थे। लवली ने इस मौके पर आम आदमी पार्टी से आए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि दोनो ही दलों ने दिल्ली को न केवल ठगा है बल्कि दिल्ली के विकास में दोनो दलों की रुचि नही है। पूर्व विधायक मुकेश शर्मा ने इस मौके पर कहा कि समस्त दिल्ली से 100 से ज्यादा दिल्ली नगर निगम का चुनाव लड़े व दोनो दलों के पदाधिकारी, पूर्व पार्षद व कुछ चुने हुए प्रतिनिधि कांग्रेस पार्टी में शामिल होना चाहते है।

आजादपुर सब्जी मंडी में आग लगी

नई दिल्ली। एशिया की सबसे बड़ी थोक सब्जी मंडी आजादपुर मंडी में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है।

उन्होंने बताया कि शाम पांच बजकर 20 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली और 11 दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। शाम साढ़े छह बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि आग आजादपुर में टमाटर मंडी में लगी। आग से कोई हताहत नहीं हुआ। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में बाजार से धुएं का गुबार निकलता हुआ दिखाई दे रहा था, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई।

इमरजेंसी सेवाओं में जनरेटर पर रोक नहीं

● दिल्ली-एनसीआर में एक अक्टूबर से ग्रैप के नियम लागू होंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रेस्पोंस एक्शन प्लान के तहत एक अक्टूबर से डीजल जनरेटर सैट पर पाबंदी लगा दी गई थी। हालांकि एनसीआर में इमरजेंसी सर्विस पर ग्रैप के तहत डीजल जनरेटर बैन नियम फिलहाल लागू नहीं होगा।

यह निर्णय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा लिया गया है। सीएक्यूएम ने सिर्फ एनसीआर के शहरों में इमरजेंसी सर्विस को डीजल जनरेटर सेट इस्तेमाल करने के लिए 31 दिसंबर तक और मोहलत दे दी है।

इसके बाद आपातकालीन सेवाओं से संबद्ध लोगों ने राहत की सांस ली है। सीएक्यूएम ने पहले कहा था कि वायु प्रदूषण को कम करने के लिए हर सर्दियों में डीजल जनरेटर पर लगाया जाने वाले प्रतिबंध के दायरे में आवश्यक सेवाएं भी रहेंगी। सीएक्यूएम ने कहा, आयोग ने आपातकालीन सेवाओं को बाधित न करने और उत्सर्जन नियंत्रण तंत्र को अपनाने के लिए अधिक समय की अनुमति देने के हित में एक बार अपवाद के रूप में, एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में आपातकालीन सेवाओं के लिए सभी क्षमता श्रेणियों के डीजी (डीजल जनरेटर) सेट केवल 31 दिसंबर तक चलाने की अनुमति दी है। यह निर्णय निर्बाध बिजली आपूर्ति पर निर्भर क्षेत्रों के लिए राहत के रूप में आया है क्योंकि इससे डीजल जनरेटर सेट पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए पहले निर्धारित की गई समयसीमा बढ़ गई है।

इस अस्थाई राहत से लाभान्वित होने वाली नौ श्रेणियों में लिफ्ट, एस्केलेटर और ट्रैवलेटर का उपयोग करने वाले वाणिज्यिक और आवासीय परिसरों के साथ-साथ महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों का उपयोग करने वाले अस्पताल और नर्सिंग होम जैसी चिकित्सा सुविधाएं शामिल हैं। मेट्रो सेवाओं, हवाई अड्डों और अंतरराज्यीय बस टर्मिनलों के साथ रेलवे सेवाओं और स्टेशनों को भी छूट दी गई है।

उच्च शिक्षण संस्थानों में जल्द शुरू होगा बिजनेस ब्लॉस्टर्स प्रोग्राम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के रिसर्च पार्क का दौरा कर एक्सपर्ट्स के साथ चर्चा की। चर्चा का विषय आवश्यक बदलावों के साथ दिल्ली सरकार के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों के बीच एंत्रप्रेन्योरशिप की संस्कृति को बढ़ावा देना था।

उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार अपने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में एंत्रप्रेन्योरशिप को लेकर सकारात्मक वातावरण तैयार करने की दिशा में काम कर रही है। ऐसे में आईआईटी मद्रास रिसर्च पार्क का दौरा यह समझने का प्रयास है कि हम एंत्रप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए अपने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को कैसे और बेहतर बना सकते हैं। आईआईटी मद्रास का रिसर्च पार्क मॉडल कंपनियों, संगठनों और इच्छुक उद्यमियों को विभिन्न क्षेत्रों में रिसर्च व डेवलपमेंट की दिशा में सपोर्ट करने और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए एक बड़ी प्रेरणा के रूप में काम कर सकता है, जहां हम छात्रों के बीच एंत्रप्रेन्योरशिप की संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि केजरीवाल सरकार का विजन दिल्ली के प्रत्येक युवा को जॉब सीकर के बजाय आत्मनिर्भर व जॉब प्रोवाइडर बनाना है ताकि वो देश से बेरोज़गारी की महामारी को ख़त्म कर सके। वर्तमान में, 80 से अधिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट कंपनियां/संगठन आईआईटीएम रिसर्च पार्क में काम कर रहे हैं, जो ऑटो और ऑटोमोटिव एनर्जी, कम्युनिकेशन और नेटवर्क, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और डिजाइन, पावर और ऊर्जा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे है। रिसर्च पार्क आईआईटीएम इनक्यूबेशन हब का भी केंद्र है, जिसका नेतृत्व इनक्यूबेशन सेल करता है, जिसमें 300 से अधिक इनक्यूबेटेड कंपनियां हैं, जिन्होंने अब तक 7,000 से अधिक नौकरियां तैयार की हैं।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के रिसर्च पार्क का जायजा लेती शिक्षा मंत्री आतिशी।

● कार्यक्रम के लिए इनोवेटीव सुझाव और एक्सपर्ट्स से बातचीत के लिए उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने किया आईआईटी मद्रास के रिसर्च पार्क का दौरा

तहसील में वकील के कार्यालय पर दबंगई दिखाते हुए की तोड़फोड़

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

फरूखनगर तहसील परिसर में प्रापर्टी के मामले को लेकर आए दिन मारपीट व धमकी देने की घटनाएं हो रही हैं। आमजन में अपराधिक लोगों का खौफ बना रहता है। ऐसी ही घटना शुक्रवार को तहसील में एक अधिवक्ता सोनू सैनी के कार्यालय में नशे में धुत एक दबंग व्यक्ति द्वारा पेट्रोल छिड़ककर जान से मारने की धमकी देने और ऑफिस में तोड़फोड़ करने की हुई।

पिड़ित वकील सोनू सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार को वह तहसील कार्यालय परिसर स्थित अपने कार्यालय पर साथी अधिवक्ता धर्मेंद्र यादव के साथ बैठा हुआ था। करीब साढ़े दस बजे एक व्यक्ति आया। गांव महचाना में जमीन ना खरीदने की धमकी देने लगा। आवेश में आकर कहा कि अगर उसकी बात नहीं मानी तो वह पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जला कर मार देगा। इतना ही नहीं उसने जाते जाते उसके काउंटर का शीशा भी तोड़ दिया। साथ ही कहा कि उसके जो व्यक्ति खटक जाता है, उसको मार देता है। अब तेरा नंबर है। पीड़ित वकील द्वारा पुलिस को सूचना के उपरांत दबंग व्यक्ति मौके से फरार हो गया। मामले की भनक लगते ही तहसील परिसर में कोर्ट में पहुंचे सभी वकील एकत्रित हो गए।

गुरुग्राम के खंड फरूखनगर तहसील में वकील के कार्यालय पर तोड़फोड़ की सूचना के बाद पहुंची पुलिस।

अधिवक्ता सोनू सैनी ने पुलिस में शिकायत देकर अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। इस मौके पर पटौदी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संदीप यादव, तहसील फरूखनगर के अध्यक्ष राजेश राव, पूनम यादव, कुलदीप यादव, मनोज यादव आदि अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता सोनू सैनी के साथ हुई घटना की पुरजोर निंदा की। सरकार से ऐसे अपराधिक छवि वाले लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। वकीलों ने कहा कि अगर पुलिस द्वारा समय रहते इस मामले पर कोई संज्ञान नहीं लिया तो सभी अधिवक्ता अपनी मांग को लेकर धरना-प्रर्दशन के लिए मजबूर हो सकते हैं।

राज्य आयुक्त मक्कड़ ने खुला दरबार लगाकर सुनीं दिव्यांगजनों की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा राज्य दिव्यांगजन आयोग के आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार दिव्यांगों के हितों को सुरक्षित रखते हुए सरकारी सेवाएं प्रदत्त करने में अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। दिव्यांगजनों के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं से जोड़ा जा रहा है। वे शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में खुला दरबार लगाकर दिव्यांग जनों से सीधा संवाद कर रहे थे।

राज्य आयुक्त ने जिला के दिव्यांगों की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को उसके निवारण सहित दिव्यांगजन को दी जाने वाली सुविधाओं के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया को सुगम बनाने के निर्देश दिए। मक्कड़ ने कहा कि दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने दिव्यांग जनों की समाज में पूर्ण सहभागिता पर बल देते हुए कहा कि दिव्यांगों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए उन्हें भी बराबर का अवसर मिलना चाहिए, इसके लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे। इसके साथ ही सभी लोगों को सरकार से मिलने वाली सुविधाओं को दिलाने में उनकी मदद भी करनी चाहिए।

गुरुग्राम में दिव्यांगजनों की समस्याएं सुनते हरियाणा राज्य दिव्यांगजन आयोग के आयुक्त राजकुमार मक्कड़।

उन्होंने उपस्थित दिव्यांग जनों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि वे दिव्यांगता को चुनौती के रूप में स्वीकार करके और पढ़ाई पर फोकस रखते हुए अन्य सामान्य जन के रूप में कार्य कर दिव्यांगजनों के लिए अनुकरणीय बनें।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों की दिव्यांग हस्तियों की उपलब्धियों का भी जिक्र किया, जिन्होंने आत्मविश्वास के बलबूते दिव्यांग होने के बावजूद अनेक अनुकरणीय कार्य किए हैं। बैठक में आयुक्त ने दिव्यांगजनों को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, (आरपीडब्ल्यूडी) 2016 के प्रति जागरूक करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे दिव्यांगजन को सार्वजनिक स्थानों में दी जाने वाली सुविधाओं के तहत सभी सरकारी व निजी कार्यालय में दिव्यांगजन मैत्रीपूर्ण माहौल व सुविधाएं उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही दिव्यांगजन को मिलने वाली सरकारी सुविधाओं के प्रति जागरूक करने के लिए प्रचार प्रसार व्यापक स्तर पर किया जाए। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी जितेंद्र ढिल्लों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व दिव्यांगजनो के लिए काम कर रहे एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

वैश्विक शहर गुरुग्राम में योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों को मिल रही है गति: जय प्रकाश दलाल

गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक के दौरान जनसमस्याओं की सुनवाई करते कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जयप्रकाश दलाल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में पहुंचे मंत्री

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल ने शुक्रवार को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बैठक के एजेंडे में शामिल 19 शिकायतों में 14 का मौके पर ही समाधान किया। पांच मामलों में कार्रवाई के निर्देश देते हुए अगली बैठक तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही।

इस दौरान उन्होंने कहा कि गुरुग्राम एक वैश्विक शहर है, जिसमें विकास कार्यों को गति देने के लिए सरकार द्वारा योजनाबद्ध तरीके से परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। मंत्री के समक्ष आए परिवादों में गांव हरसरू स्थित सेंट पॉल स्कूल के सचिव ने बताया कि उनके स्कूल में द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ लगती ड्रेन में कुछ हिस्सा खुला होने के कारण ड्रेन के पानी का भराव है।

मंत्री ने जीएमडीए के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अगले एक सप्ताह में स्कूल परिसर के जलभराव वाले क्षेत्र को खाली कराएं। सेक्टर-37सी से आए एक अन्य शिकायतकर्ता ने बताया कि उनके घर के साथ लगते खाली प्लाट में कोरोना ऑप्टस सोसाइटी द्वारा रात के समय सीवर का पानी छोड़ा जा रहा है। कृषि मंत्री ने शिकायत की गंभीरता के देखते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के रीजनल अधिकारी को निर्देश दिए कि वे जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य की अगुवाई में शिकायतकर्ता के साथ बताए गए स्थान का दौरा कर समस्या का समाधान करवाएं। बैठक में एक मामला फरूखनगर के गांव मुसेदपुर से पिछली बैठक में आया था। जिसमें शिकायतकर्ताओं ने बताया था कि गांव में स्थित एक संस्थान में उन्होंने एक वर्षीय आईटी कोर्स के लिए एक निर्धारित राशि देकर दाखिला लिया था, लेकिन दाखिले के उपरांत पाया कि संस्थान में बताई गई सुविधाओं का अभाव था। ऐसे में उनकी फीस की राशि वापिस की जाए। शिकायतकर्ता ने मौजूदा बैठक में बताया कि कृषि मंत्री से मिले निर्देशों व जिला प्रशासन की सहायता से उनकी फीस की राशि संस्थान द्वारा वापिस कर दी गयी है।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के समक्ष एक अन्य शिकायत में गांव घोषगढ़ निवासी शिकायतकर्ता ने अपने पुत्र की मृत्यु की पुलिस जांच से असंतुष्टि जाहिर करते हुए किसी अन्य अधिकारी से करवाने की बात कही। जिस पर कृषि मंत्री ने मामले की जांच किसी अन्य एसीपी से कराने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने बैठक के उपरांत जिला कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आमजन में फसल अवशेष प्रबंधन व अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स ईयर के तहत मोटे अनाज के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रचार वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पितामह के पूजन व आशीर्वाद से आरंभ हुआ खेल स्पर्धा महोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

एमएम पब्लिक स्कूल सेक्टर-4 में खेल स्पर्धा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों के दादा-दादीयों को भी आमंत्रित किया गया। उनके सम्मान एवं पूजन के साथ इस उत्सव का शुभारम्भ हुआ।

दादा-दादियों ने अपने पोते-पोतियों के साथ कुछ खेलों में हिस्सा लिया। उनको आशीर्वाद देते हुए उत्साह-वर्धन किया। दादा-दादियों के अनुसार विद्यालय प्रांगण में आकर अपना बचपन याद आ गया और फिर से कुछ पलों के लिए स्कूल लाइफ जीने का सुअवसर मिला। इसके लिए सभी ने विद्यालय की प्रिंसिपल स्वाति खंडेलवाल, मुख्य सचिव मनोज गुप्ता, प्राइमरी अधीक्षक शिल्पी और अन्य अध्यापकों का हार्दिक धन्यवाद किया।

तीन दिवसीय खेल उत्सव सभी कक्षाओ के विद्यार्थियों के बीच तीन स्तर में खेला जायेगा 7इसके प्रथम चरण में जूनियर विंग के बच्चे खेलेंगे। दितीय चरण में कक्षा छठी से नौवीं तक के बच्चे भाग लेंगे। तीसरे एवं अंतिम चरण में कक्षा 10 से 12 तक के विद्यार्थी अपनी खेल स्पर्धा का प्रदर्शन करेंगे। स्वाति खंडेलवाल ने उपस्थित सभी दादा-दादियों, नाना-नानियों को धन्यवाद किया और बताया कि इस तरह के आयोजन से आज के बच्चो की अपने बुजुर्गो के साथ नजदीकियां बढ़ती है। जो आज के बदले समय में बहुत-बहुत आवश्यक है। प्रिंसिपल ने अधीक्षक शिल्पी व सभी सहयोगी अध्यापकों की प्रशंशा की।

एमएम पब्लिक स्कूल सेक्टर-4 में स्पर्धा महोत्सव में छात्र व दादा-दादी को सम्मानित करते स्टाफ।

साइबर अपराध, नशीली दवाओं के उपयोग पर जागरुकता बढ़ाने को हुई वॉकथॉन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम साइबर पुलिस, साइबर सुरक्षा संगठन और जीएवी पब्लिक स्कूल, मणिपाल अस्पताल ने लोगों को हृदय रोग से जुड़े जोखिमों के कारणों और हृदय-स्वस्थ जीवन शैली के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए एक जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत इस विश्व हृदय दिवस के अवसर पर यह बताया कि साइबर सुरक्षा सबसे अधिक मायने रखती है। अभियान की शुरुआत एसीपी गुरुग्राम प्रियांशु दीवान ने की।

इस वॉकथॉन में प्रतिभागियों को साइबर स्पेस में छिपे साइबर खतरों के बारे में शिक्षित किया गया। उन्हें कैसे रोका जाए। धमकियां और ऐसी किसी भी धमकी/घटना की स्थिति में उन्हें क्या करना चाहिए। एसीपी गुरुग्राम और सीएसओ टीम ने साइबर सुरक्षा पर विभिन्न सुझाव दिए और ईमेल और इंटरनेट पर विभिन्न साइबर अपराधों, पहचान धोखाधड़ी, ऑनलाइन शराब बिक्री, अवैध वस्तुओं को ऑनलाइन बेचना, सेक्सटॉर्शन, रैनसमवेयर हमले और अवैध जुआ के तौर-तरीकों के बारे में बताया। टीम ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि यदि कोई साइबर अपराध का शिकार हुआ है तो उन्हें तुरंत साइबर क्राइम वेबसाइट पर अपनी शिकायत दर्ज करानी चाहिए। टीम ने नशीली दवाओं के उपयोग, इसकी रोकथाम और उपचार और युवाओं को नशीली दवाओं का उपयोग शुरू करने से रोकने के बारे में जागरुकता भी बढ़ाई।

गुरुग्राम में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर साइबर अपराध व अन्य तरह के अपराधों के प्रति जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागी।

कैनविन फाउंडेशन में विश्व हृदय दिवस पर दिल को स्वस्थ रखने के दिए टिप्स

कैनविन फाउंडेशन ने उम्मीद स्वस्थ भारत की के साथ मनाया विश्व हृदय दिवस

कैनविन आरोगय धाम में विश्व हृदय दिवस पर किया गया स्वास्थ्य सेमिनार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

शुक्रवार को विश्व हृदय दिवस के अवसर पर कैनविन फाउंडेशन की ओर से कैनविन आरोगय धाम में स्वास्थ्य सेमीनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल व सह-संस्थापक नवीन गोयल ने चिकित्सकों की मौजूदगी में लोगों के साथ दिल की दिल पर बात की। सभी को अपने दिल का खास ख्याल रखने के लिए प्रेरित, जागरुक किया। इस अवसर पर सीएमडी डा. मोनिका सांगवान, कार्डियोलॉजिस्ट डा. अतुल ठाकरान, छाती रोग विशेषज्ञ एवं जनरल फिजिशियन डा. अंकित भारद्वाज, डा. मुस्कान सिंघल, पदम सिंह, केजी रोहिल्ला समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

विश्व हृदय दिवस पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट को सांझा करते हुए डा. डीपी गोयल ने कहा कि हर साल दुनिया में हृदय रोगों के कारण 1.79 करोड़ लोगों की मृत्यु हो जाती है। हृदय की बीमारी पूरी दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गई है। आज का दिन 29 सितम्बर हर साल विश्व हृदय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस दिवस पर हमें अपने दिल के लिए कुछ खास रेजोलेशन भी लेने चाहिए, ताकि अपने दिल को हम बेहतर रख सकें। नवीन गोयल ने कहा कि हार्ट हेल्दी रखने के लिए हमें प्रमुख रूप से 5 टिप्स अपनाने चाहिए। स्वस्थ दिल के लिए बैलेंस डाइट लें, इसमें कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन और नमक की मात्रा संतुलित होनी चाहिए। ज्यादा नमक वाला खाना ब्लड प्रेशर बढ़ाता है, जो आगे चलकर दिल की बीमारियां पैदा करता है।

बॉडी मास्क इंडेक्स के अनुसार ही शरीर के वजन को मेंटेन करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की हल्की एक्सरसाइज करने से दिल से जुड़ी बीमारियों को कम करने में मदद मिल सकती है। अगर किसी व्यक्ति को स्मोकिंग करने या ज्यादा शराब पीने की आदत है, तो तुरंत छोड़ देना चाहिए।

गुरुग्राम में विश्व हृदय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद।

कोबरा एसटीएफ ने अंतरराज्यीय हथियारों का फरार सप्लायर मुंबई से किया काबू

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

दो साल से कई मामलों में फरार चल रहे अंतरराज्यीय हथियारों का सप्लायर व 5 हजार रुपये के ईनामी बदमाश कुलदीप उर्फ सीएम पुत्र भगत सिंह को कोबरा एसटीएफ ने मुंबई से काबू किया है। आरोपी मूलरूप से गोगावां थाना छाता जिला मथुरा का रहने वाला है।

शुक्रवार को यहां पत्रकार वार्ता में डीएसपी एसटीएफ प्रीतपाल ने कहा कि आरोपी कुलदीप उर्फ सीएम पिछले 2 साल से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार चल रहा था। इंचार्ज राकेश कुमार एसटीएफ यूनिट पलवल की टीम ने उसे काबू करने के लिए काफी मेहनत की। तकनीकी सहायता व सूत्रों से उसके बारे में जानकारियां जुटाई। उसके मुंबई में छिपे होने की सूचना मिली तो पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी करने की योजना तैयार की। अब उसे काबू कर लिया गया है। डीएसपी प्रीतपाल के मुताबिक आईजी हिसार रेंज द्वारा आरोपी कुलदीप उर्फ सीएम पर थाना सदर हिसार में दर्ज केस में 5000 रुपये का ईनाम रखा हुआ है। इसी तरह थाना होडल जिला पलवल में दर्ज केस में 6 देसी पिस्टल, 6 देसी कट्टे व 95 जिंदा कारतूस उससे बरामद किए गए हैं। गुरुग्राम जिला के थाना शहर सोहना में भी उससे एक केस में 11 देसी पिस्टल, 11 मैगजीन व 15 कारतूस बरामद हुई थी। थाना होडल जिला पलवल में दर्ज केस में आरोपी से 41 पिस्टल बरामद हो चुकी हैं। इन सभी केसों में आरोपी की गिरफ्तारी होनी बाकी है। एसटीएफ डीएसपी प्रीतपाल ने बताया कि आरोपी पर एसटीएफ व पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की जा रही है। आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार किया गया है। उसे रिमांड पर लेकर अवैध हथियारों को लेकर पूछताछ की जाएगी। उम्मीद है कि अवैध हथियारों के संबंध में और अधिक जानकारियां सामने आएंगी।

एसटीएफ द्वारा काबू किया गया अवैध हथियारों का सप्लायर।

बिजली कर्मचारी बिजली मंत्री के निवास पर देंगे 25 दिन धरना

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

प्रदेश बिजली निगम मंत्री रणजीत चौटाला और ऑल हरियाणा पावंर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन के बीच मांगों को लेकर समति न बनने पर यूनियन कार्यकर्ताओं ने दो घंटा का विरोध प्रदर्शन किया। एक से 25 अक्तूबर तक प्रदेश बिजली निगम मंत्री के निवास सिरसा में यूनियन कार्यकर्ता 24 घंटा का विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

मालूम रहे कि गुरुवार को प्रदेश सरकार में बिजली निमग मंत्री रणजीत चौटाला और ऑल हरियाणा पावंर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों के बीच मांगों को लेकर एक बैठक हुई थी। उक्त बैठक में यूनियन की तरफ से 16 मांगें रखी गई थी। लेकिन यूनियन ने प्रदेश मंत्री द्वारा मांगों को स्वीकार करते हुए कमेटी का गठन करने की बात कही। जिससे यूनियन पदाधिकारी बैठक का बहीष्कार करते हुए बाहर चले गए थे। जिसके विरोध में आज शुक्रवार को प्रदेशभर में सर्कल स्तर पर बिजली मंत्री के साथ बातचीत असफल होने के विरोध में प्रदर्शन किया गया। जिसकों लेकर शुक्रवार को बिजली निगम के 33केवीए कार्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन सबयूनिट प्रधान प्रेमपाल ने मंच का संचालन सुशील कुमार छौकर ने किया। अन्य पदाधिकारियों में सतबीर, पवन कुमार, विरेन्द्र, जितेन्द्र, अशोक कुमार आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए सबयूनिट प्रधान प्रेमपाल ने कहा कि एक अक्तूबर से 25 अक्तूबर का सिरसा में स्थित निवास पर 24 घंटा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। गुरुग्राम सर्कल से यूनियन कर्मचारी व अधिकारी 4 अक्तूबर को सिरसा बिजली मंत्री के निवास पर पहुंचेंगे। जिसमें सोहना समेत गुरुगाम से भारी मात्रा में कार्यकर्ता सिरसा जाएंगे।

शुक्रवार को शहर के 33 केवीए पावंर हाउस परिसर में प्रदेश बिजली निगम मंत्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।

गाड़ी में सवारियों से मारपीट व लूटपाट करने के चार आरोपी दबोचे

गुरुग्राम। गाड़ी में सवारियां बिठाकर उनसे मारपीट व लूटपाट करने के चार आरोपियों को पुलिस ने दबोचा है। उनके कब्जे से एक गाड़ी व लूटा गया मोबाइल, 2500 रुपये नकदी भी बरामद की गई है।

जानकारी के अनुसार 25 सितम्बर 2023 को पुलिस थाना शहर सोहना में अनिल निवासी गांव शेखपुरा, जिला पलवल ने एक लिखित शिकायत दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह गुरुग्राम में एक कम्पनी में कार्य करता है। 24 सितम्बर को पौने 12 बजे वह अंबेडकर चौक सोहना से एक सफेद रंग की गाड़ी बैठ गया। उस गाड़ी में पहले से 4 व्यक्ति बैठे हुए थे।

गाड़ी जब बल्लभगढ मोड़ पहुंची तो उसके साथ में ही गाड़ी में बैठे व्यक्ति ने गाली दी। उसका मोबाइल छीन लिया। जब विरोध किया तो गाड़ी में आगे बैठै दूसरे युवक ने उसके मुंह पर हमला कर दिया। गाड़ी पलवल की तरफ चलाते रहे। गाड़ी में बैठे लोगों ने उसके मोबाईल फोन का पासवर्ड पूछा। वह गलत पासवर्ड बताता रहा। गाड़ी जैसे ही मडोली गांव के करीब एक किलोमीटर पहले पहुंची तो उन्होंने उसकी जेब से 4 हजार रुपये, स्मार्ट वॉच, पर्स, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, पेन कार्ड व आधार कार्ड इत्यादि छीनकर उसे मडोली गांव के करीब जंगल में उतार गए।

इस बारे में थाना शहर गुरुग्राम में केस दर्ज करके आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए गए। उप-निरीक्षक सत्यप्रकाश प्रभारी अपराध शाखा सोहना की पुलिस टीम ने लूट करने की वारदात को अन्जाम देने वाले 4 आरोपियों को रायपुर मोड़ सोहना से काबू किया। आरोपियों की पहचान कपिल (23), दीपक (36), जितेन्द्र उर्फ जीतु (21), अनुज (21) के रुप में हुई।

गुरुग्राम में गाड़ी में सवारी बिठाकर मारपीट, लूटपाट करने के आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ा सकता है तनाव: डॉ. अमित कुमार चौरसिया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हाल के दिनों में हार्ट अटैक के मामले बहुत बढ़े हैं। कई लोग इसे बढ़ते तनाव से जोड़कर देखते हैं। दरअसल तनाव और हार्ट अटैक के बीच का संबंध बहुत जटिल है। तनाव सीधे-सीधे हार्ट अटैक का कारण तो नहीं बनता है, लेकिन यह खतरा बढ़ाता है और ऐसी स्थितियों को ट्रिगर करता है, जिनसे हार्ट अटैक की आशंका बढ़ जाती है। आर्टेमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम के डॉ. अमित कुमार चौरसिया बताते हैं, दिल की सेहत को सही रखने और कार्डियोवस्कुलर डिजीज से बचाव के लिए इनके बीच के संबंध को समझना जरूरी है।

तनाव में इस तरह काम करता है शरीर : डॉ. अमित ने बताया, जब कोई व्यक्ति तनाव में होता है, तो शरीर 'करो या मरो' वाली स्थिति में आ जाता है। उस समय एड्रेनलिन और कॉर्टिसोल जैसे स्ट्रेस हार्मोन स्रावित होते हैं। इनसे अस्थायी तौर पर दिल की धड़कन और ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। तनाव अगर लगातार बना रहे, तो दिल की धड़कन और ब्लड प्रेशर की अनियमितता कार्डियोवस्कुलर सिस्टम पर दबाव बढ़ा देती है।

इन्फ्लेमेशन एवं एथेरोस्क्लेरोसिस : लगातार तनाव से शरीर में इन्फ्लेमेशन बढ़ सकता है। इसी से आगे चलकर एथेरोस्क्लेरोसिस का खतरा भी बढ़ने लगता है। एथेरोस्क्लेरोसिस वह स्थिति है, जिसमें आर्टरी यानी धमनियों में फैट जमने लगता है। इससे धमनियां सिकुड़ जाती हैं। आगे चलकर इसके कारण प्लेक बनता है और यही हार्ट अटैक का कारण बन जाता है।

बचने के तरीके भी गलत : आर्टेमिस हॉस्पिटल के डॉ. अमित कुमार के अनुसार तनाव से बचने के लिए लोग जिन तरीकों को अपनाते हैं, कई बार उनसे भी खतरा बढ़ जाता है। जैसे, कई लोग बहुत खाने लगते हैं, धूम्रपान करने लगते हैं, शराब पीने लगते हैं या आलस भरी जीवनशैली अपना लेते हैं। ऐसा करने से मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर और हाई कोलेस्ट्रॉल लेवल का खतरा बढ़ जाता है। ये सभी दिल की बीमारियों के रिस्क फैक्टर हैं।

खून का थक्का जमना : तनाव के कारण खून का थक्का जमने की समस्या भी होने लगती है। इसके कारण कभी-कभी कोरोनरी आर्टरीज में खून का थक्का जम जाता है, जो हार्ट अटैक का कारण बन सकता है। आर्टरी में प्लेक बनना और खून का थक्का बनना, ये दोनों ही स्थितियां खतरनाक हैं।

जीवनशैली पर प्रभाव : बहुत ज्यादा तनाव से नींद का पैटर्न बदलने, खानपान खराब होने और शारीरिक गतिविधियों के लिए उत्साह खत्म होने का खतरा भी रहता है।

खाने की बुरी आदतें व धूम्रपान युवाओं में हार्ट अटैक का कारण : डॉ. कमल गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एमवीएन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में विश्व हृदय दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि फोर्टिस एस्कॉर्ट अस्पताल के प्रिंसिपल कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर कमल गुप्ता रहे। मुख्य अतिथि डॉक्टर कमल गुप्ता ने नवयुवकों में हार्ट अटैक के बढ़ते हुए रुझानों और उनकी रोकथाम के बारे में विशेष व्याख्यान दिए।

उन्होंने कहा कि आपको जानकर आश्चर्य होगा कि भारत को दिल से संबंधित बीमारियों की राजधानी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि दिल से संबंधित बीमारी विश्वभर में मृत्यु का सबसे प्रमुख कारण है। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक क्या होता है, कैसे होता है, इसके क्या कारण हैं, इसके क्या लक्षण हैं और इसको कैसे रोका जा सकता है।

लोगों में भ्रम है कि हार्ट अटैक के दौरान तेज दर्द होता है, पसीना आता है, सांस लेने में दिक्तत होती है, लेकिन आजकल साइलेंट हार्ट अटैक बढ़ रहा है। जिसमे इस प्रकार के लक्षण नहीं आते, जिसके कारण हम चिकित्सक के पास नहीं जाते। उन्होंने नवयुवकों में हार्ट अटैक के बढ़ते हुए रुझानों के बारे में कहा कि इसका मुख्य कारण बुरी खाने की आदतें, शारीरिक अभ्यास की कमी, धूम्रपान, मानसिक तनाव इत्यादि हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते हुए हार्ट अटैक के मामलों को कम करने के

लिए हमें अपने दैनिक दिनचर्या में बदलाव लाना है। जैसे सुबह जल्दी उठना, शारीरिक अभ्यास करना, ज्यादा पानी पीना, जंक फूड और धूम्रपान का सेवन न करना। उनके साथ आई टीम ने सीपीआर प्रक्रिया के बारे में प्रेक्टिकली समझाया। विभाग के डीन डॉक्टर तरुण विरमानी ने कहा कि प्रतिवर्ष विश्व हृदय दिवस की एक थीम रहती है और इस बार की थीम है यूज हार्ट, नो हार्ट।

इस थीम का मतलब है कि अपने दिल का सही इस्तेमाल करें और अपने दिल के बारे में जानें। उन्होंने कहा कि दिल हमारे शरीर का मुख्य अंग है, क्योंकि पूरे शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति दिल के द्वारा ही होती है। उन्होंने यह भी कहा कि आज के आधुनिक जीवन में कुछ गलत आदतों के कारण दिल की बीमारियां बढ़ रही हैं। विश्वविद्यालय के प्रबंधक संचालक कांता शर्मा, कुलाधिपति वरुण शर्मा, कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग, उप कुलपति डॉक्टर एनपी सिंह, कुलसचिव डॉक्टर राजीव रतन, प्रोफेसर नरेंद्र विवेक आहूजा, डीन एकेडमिक डॉक्टर योगेंद्र सिंह ने इसकी सराहना की और कहा कि इस प्रकार के दिवसों को मनाने से विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ती है। जिसके कारण वो अपने पूरे शरीर के अंगों को महत्ता को समझ पाते हैं। इस अवसर पर सभी अध्यापकगण विद्यार्थियों सहित उपस्थित रहे।

अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत, दो घायल

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिकायतों पर अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया।

नूंह के तेड गांव निवासी पहलू ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसका 20 वर्षीय बेटा कैफ मेहनत-मजदूरी करता था। कैफ अपनी बहन की ससुराल जिला मथुरा यूपी के बिसंबरा गांव गया था। बिसंबरा गांव से कैफ जुहुरू और फकरू के साथ ईको गाड़ी में किसी निजी कार्य से दिल्ली गए थे। दिल्ली से वापस लौटते समय उनकी कार को होडल डबचिक पर्यटक स्थल के निकट किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कैफ की मौके पर मौत हो गई, जबकि जुहुरू व फकरू गंभीर रूप से घायल हो गए।

वहीं दूसरी तरफ कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, जिला नूंह के साटावाड़ी गांव निवासी

संजय कुमार ने दी शिकायत में कहा है कि उसका चचेरा भाई सुंदर कुमार पलवल में रेड रोक सिनेमा हाल के सामने पैदल हाईवे को क्रॉस कर रहा था। उसी दौरान एक कार ने सुंदर को टक्कर मार दी।

टक्कर मारने के बाद कार चालक कार को लेकर मौके से फरार हो गया। घायल सुंदर को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक देखते दिल्ली सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान सुंदर की दुर्घटना में लगी चोटों के कारण मौत हो गई। इसके अलावा आदर्श कॉलोनी निवासी ओमदत्त ने दी शिकायत में कहा है कि उसे सूचना मिली कि उसके भतीजे लतेश का एक्सीडेंट हो गया है और वह पलवल के एक निजी अस्पताल में दाखिल है। पीड़ित तुरंत अस्पताल पहुंचा और देखा तो उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल था। गंभीर हालत को देखते हुए उसके भतीजे को ट्रॉमा सेंटर दिल्ली के लिए रेफर कर दिया। ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान उसके भतीजे की दुर्घटना में लगी चोटों के कारण मौत हो गई।

सोशल मीडिया पर न्यूड वीडियो कॉल कर ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

पलवल। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने फेसबुक और व्हाट्सएप पर न्यूड वीडियो कॉल के जरिए ब्लैकमेल करने वाले साइबर फ्रॉड आरोपी को गिरफ्तार किया है।

साइबर क्राइम थाना पलवल प्रभारी निरीक्षक रेनू शेखावत के मुताबिक मामले में जिला पलवल के एक स्थानीय निवासी ने अपनी दी शिकायत में बताया कि 17-8-22 को अचानक मैसेंजर से मैसेज आया व गुड मॉर्निंग कहने के बाद वीडियो काल शुरू कर दी। थोड़ी देर बात करने के बाद ही लड़की सामने आ गई व न्यूड हो गई।

उसने तुरंत ही फोन काट दिया, उसके बाद दूसरी तरफ से दो-तीन बार फोन आया। फिर लगभग एक घंटा बाद व्हाट्स एप पर एक मोबाइल नंबर से मैसेज आने शुरू हो गए। जिसमें कहा गया कि तो पैसे ट्रांसफर कर दो, वरना तुम्हारे आपतिजनक फोटो ले लिए हैं, उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आईटी एक्ट एवं संबंधित आईपीसी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया। मामले में जांच के दौरान विवादित सीडीआर हासिल की गई।

अंतरराष्ट्रीय हरित उपभोक्ता दिवस पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

पलवल। जीजीडीएसडी कॉलेज, पलवल में बायोलॉजी सोसाइटी के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय हरित उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट क्राफ्ट की प्रदर्शनी व गेस्ट लेक्चरर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नीतू भारद्वाज थीं। मुख्य वक्ता नीतू भारद्वाज ने वेस्ट मैनेजमेंट के 7आर अवधारणा के बारे में विद्यार्थियों को समझाया। जिसमें रिथिंक, रिड्यूस, रिफ्यूज, रियूज, रीसाइकल, रेगुलेट और रिसर्च शामिल हैं।

उन्होंने सूखे और गीले कूड़े को कैसे मैनेज करें, इसके बारे में बच्चों को बताया। साथ ही पर्यावरण को बचाने के लिए टिशू पेपर कम इस्तेमाल करने की सलाह दी। टिशू पेपर के कम इस्तेमाल करने से काफी पेड़ों को काटने से बचाया जा सकता है। लौंग और नीम का उपयोग करके टूथपेस्ट को केमिकल फ्री बनाने की सलाह विद्यार्थियों को दी। साथ ही अल्युमिनियम फॉयल और नॉन स्टिक पैन अगरबत्ती के धुएं से होने वाली कैंसर जैसी बीमारियों के बारे में बताया। उसकी जगह फूलों को सुखाकर ऑर्गेनिक अगरबत्ती बनाने की सलाह दी।

इस लेक्चर में विद्यार्थियों को पृथ्वी और पर्यावरण को बचाने और सुंदर बनाने के बारे में काफी तथ्य सुनने और समझने को मिले। इसके साथ ही क्राफ्ट एग्जीबिशन में विद्यार्थियों ने बहुत अच्छे-अच्छे आइडिया इस्तेमाल करके अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रजनी बीएससी द्वितीय वर्ष और जेसिका व कुमकुम बीएससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। क्राफ्ट प्रतियोगिता में दूसरा स्थान कोमल व नेहा बीएससी तृतीय वर्ष और दिव्या व हेमा बीएससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। इसके साथ ही तृतीय स्थान की विजेता प्रिंस व पवन बीएससी प्रथम वर्ष और शीतल व मनीषा बीएससी तृतीय वर्ष रहे। सांत्वना पुरस्कार के विजेता हरीश एमएससी प्रीवियस व खुशी रावत बीएससी द्वितीय वर्ष रहे।

जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए 31 अक्टूबर तक आवेदन

10 फरवरी को होगा चयन परीक्षा का आयोजन

पलवल। गांव रसूलपुर में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा नौवीं व 11वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अब 31 अक्टूबर तक है। डीसी नेहा सिंह ने बताया कि विद्यालय की कक्षा नौवीं व 11वीं में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का आयोजन 10 फरवरी 2024 को किया जाएगा। जिला में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में दाखिला लेने के लिए विद्यार्थी शैक्षणिक सत्र 2023-24 के दौरान जिला में स्थित सरकारी, सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल से अध्ययनार्थ

होना चाहिए। कक्षा नौवीं में एडमिशन के लिए विद्यार्थी कक्षा आठ में तथा कक्षा 11वीं में दाखिला लेने के इच्छुक अभ्यर्थी कक्षा 10वीं में अध्ययन कर रहे हों। कक्षा नौवीं के लिए अभ्यर्थी का जन्म एक मई 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच होना चाहिए। इसी प्रकार कक्षा 11वीं के लिए अभ्यर्थी का जन्म एक जून 2007 से 31 जुलाई 2009 के मध्य होना जरूरी है। अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

केजीपी पर टूव्हीलर, थ्रीव्हीलर व ट्रैक्टर का चलाना प्रतिबंधित

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

एसडीएम शशि वसुंधरा ने कहा कि ईस्टर्न पेरिफिरल एक्सप्रेस-वे पर टूव्हीलर, थ्रीव्हीलर और ट्रैक्टर जैसे वाहनों का चलना प्रतिबंधित है। एक्सप्रेस-वे के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का पुलिस चालान करेगी।

एसडीएम शशि वसुंधरा ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा समिति तथा सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत अब तक की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की। सड़क पर गलत साइड चलने, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट न लगाने, सीट

बेल्ट का प्रयोग न करने, शराब पीकर गाड़ी चलाने तथा वाहन चलाते समय फोन पर बात करने आदि सड़क दुर्घटना का कारण बनते हैं। सड़क दुर्घटनाओं में और भी कमी लाने के लिए इस प्रकार के वाहनों के अधिक से अधिक चालान किए जाएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां पर सड़क क्षतिग्रस्त है, वहां पर पैच वर्क का कार्य किया जाए तथा जहां साइन बोर्ड नहीं लगे, वहां साइन बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक को सुचारू चलाने के लिए मार्गों से अतिक्रमण को हटाया जाए। एक्सप्रेस-वे तथा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मेजर कट दुर्घटना का कारण बनते हैं, इसलिए ऐसे कटों को चिन्हित कर तुरंत बंद किया जाए।

एसडीएम शशि वसुंधरा ने कहा कि दुर्घटना स्थलों पर एंबुलेंस को निर्धारित रिस्पोंस टाइम पर पहुंचने, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित मुख्य मार्गों पर अवैध कटो को बंद करने, मॉडल स्ट्रेच, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान करने, शहरी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य मुख्य मार्गों से होर्डिंग तथा ढाबों को हटवाने, स्पीड ब्रेकर इत्यादि की समीक्षा की।

बैठक में आरटीए जितेश कुमार ने सड़क सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों, प्रबंधों तथा सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के कार्यान्वयन के संदर्भ में आवश्यक जानकारी व विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने एसडीएम को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा बैठक में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों की अनुपालना हर हाल में सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर एसडीएम लक्ष्मी नारायण, एसडीएम रणबीर सिंह, नगराधीश द्विजा, उप पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह मोर, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव वाजिद अली, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता नरेंद्र यादव, डीआरएम मुधबाला, एचएसएएमबी से एसडीओ देवेंद्र सिंह सहित नगर परिषद, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

पीएमश्री विद्यालयों के विद्यार्थी एडवेंचर के लिए दार्जिलिंग रवाना

पलवल। शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा एडवेंचर तथा प्रकृति अवलोकन अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण में पलवल जिले के पीएमश्री विद्यालयों के दस छात्र-छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी पलवल मामराज रावत द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य महेंद्र रावत, धर्मवीर रावत, सह समन्वयक अधिकारी उमेश राणा, पीतांबर, शारीरिक शिक्षक राजेंदर तथा टीम लीडर शारदा पाराशर विशेष रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बारे में विशेष जानकारी देते हुए यूथ एंड इको क्लब के जिला कोऑर्डिनेटर योगेश सौरोत ने बताया जिला समन्वयक अधिकारी सुखबीर तंवर व जिला शिक्षा अधिकारी पलवल अशोक बघेल के मार्गदर्शन में पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में 29 सितंबर से तीन अक्टूबर तक आयोजित पांच दिवसीय शिविर के माध्यम से विद्यार्थी प्राकृतिक भौगोलिक स्थितियों का ज्ञान प्राप्त करते हुए बंगाल प्रदेश की सामाजिक सांस्कृतिक सुंदरता का अवलोकन करेंगे। इसमें जिले के पांच पीएम श्री विद्यालय होडल, पलवल, मिंडकोला, पिंगोड व कुशक के किरण, कोमल, रोशनी, तनु, मिथिलेश, मनीष, योगेश, गुरमीत, अभिषेक, तनुज सहित 10 विद्यार्थी टीम लीडर शारदा रानी के नेतृत्व में भाग लेंगे। कैंप के दौरान साहसिक क्रियाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के 11 विद्यार्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

फरीदाबाद। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि स्किल के साथ रोजगार से जुड़ना उपलब्धिपूर्ण है। युवाओं को कौशल लेकर ही जॉब मार्केट का रुख करना चाहिए। वह डी. वॉक मैकेनिकल मैन्युफैक्चरिंग के विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए बोल रहे थे। उन्होंने 11 विद्यार्थियों को इंपीरियल ऑटो इंडस्ट्री की ओर से प्राप्त हुए यह पत्र प्रदान किए और विद्यार्थियों को सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि स्किल हासिल करने के बाद युवाओं की कद्र बढ़ जाती है। उन्हें अच्छे वेतन और सम्मानजनक जॉब रोल मिलते हैं। उन्होंने इंपीरियल ऑटो इंडस्ट्रीज के अधिकारी हिमांशु माहेश्वरी और दिवेश गौतम की उपस्थिति में डी. वॉक. मैन्युफैक्चरिंग के छात्र देवेंद्र, वरुण, मोहित, परविंदर, विवेक कुमार, रोहित चौहान, साहिल, मयंक, मोहित कुमार, दीपक कुमार और बॉबी को यह नियुक्ति पत्र सौंपे। विश्वविद्यालय की कुल सचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके सुखद भविष्य की कामना की। उन्होंने इंपीरियल ऑटो इंडस्ट्रीज के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए।

स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

फरीदाबाद। सराय ख्वाजा स्थित गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में वर्ल्ड हार्ट डे पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। उन्होंने वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर बताया कि इस दिवस मनाने का उद्देश्य दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हार्ट अटैक, हार्ट स्ट्रोक और हार्ट फेलियर से सामान्य जनों को जागरूक करना तथा मृत्यु दर को न्यून करना है। प्राचार्य ने प्रार्थना सभा में कहा कि संपूर्ण विश्व में दिल की बीमारियों से हर वर्ष एक करोड़ से भी अधिक लोगों की मृत्यु हो जाती है, अत: हृदय रोग मृत्यु का बड़ा कारण बन चुका है। जिसके लिए जागरूकता का होना बहुत आवश्यक है। यदि आप चाहते है कि आप का हृदय ठीक प्रकार से धड़कता रहे तो आपको चाहिए कि आप प्रतिदिन अन्य कार्यों की तरह योग, शारीरिक कार्य, व्यायाम और प्राणायाम को अपनी जीवन शैली में सम्मिलित करें। प्रात: और सांय के समय तीव्र गति से वॉक करें। पर्यावरण अनुकूल फल और सब्जियों को आहार में सम्मिलित करें, तनावमुक्त जीवन जिएं। धूम्रपान का सेवन निश्चित रूप से बंद कर दें। यह हृदय के साथ ही कई बीमारियों का कारक है।

पशु पालन विभाग ने जागरूकता शिविर का आयोजन किया

फरीदाबाद। रेबीज दिवस के अवसर पर पशुपालन विभाग, फरीदाबाद द्वारा जागरूकता अभियान व नि शुल्क रेबीज टीकाकरण लगाया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न सरकारी पशु चिकित्सालय में विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों द्वारा विषाणु जनित जानलेवा रेबीज रोग जो कि पशुओं से मनुष्य या इसके विपरीत दोनों तरीके से फैलता है बारे में जागरूक किया गया। उपनिदेशक पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग डॉ. वीरेंद्र सहरावत ने बताया कि रेबीज एक जानलेवा बीमारी है जिसमें बरती गई लापरवाही भारी पड़ सकती है। इसलिए समय रहते टीकाकरण अवश्य कराएं। शिविर के दौरान कुल 560 कुत्तों का निशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण किया गया।

गांवों में 20 प्रतिशत से कम लाइन लॉस होने पर मिलेगी 24 घंटे बिजली : गुर्जर

विकास कार्यों के लिए ग्राम पंचायतों को सांसद कोष से दिए 10-10 लाख रुपये

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

हम जिस खुली हवा में सांस ले रहे हैं, वह वीर शहीदों की ही बदौलत है। देश का हर एक जन भारत के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर सीमा की सुरक्षा करने में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर सपूतों का ऋणी है। केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर जिला के गांव घुघेरा में अपने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे।

उन्होंने गांव घुघेरा के साथ-साथ गांव रूंधी, अच्छेजा, चिरवाडी व सोलडा में भी ग्रा वासियों के बीच पहुंचकर उनके साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की परेशानियों को जाना और इन समस्याओं का निस्तारण करने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देशित भी किया। इस दौरान उनके साथ विधायक दीपक मंगला तथा

बीजेपी जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया भी मौजूद रहे। श्री गुर्जर ने दो करोड़ 68 लाख की लागत से सोलडा से बागपुर तथा 73 लाख की लागत से सोलडा से बेगमाबाद तक बनाए जाने वाले मार्गों का विधिवत शिलान्यास भी किया। उन्होंने इन गांवों में प्रशासन की ओर से दो मेगा शिविर आयोजित कर लोगों को सरकार की योजना तथा परियोजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

श्री गुर्जर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं भी राज्यवासियों की समस्याओं को जानने और उनका निदान करने के लिए गांवों में आमजन के बीच पहुंचकर संवाद कर रहे हैं, ताकि जनता की परेशानियों को दूर किया जा सके। इस क्रम में गुर्जर भी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिला पलवल के गांवों में लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए संवाद करने में जुटे हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री ने गांव घुघेरा, रूंधी, अच्छेजा, लाडियाका के अलावा खादर क्षेत्र की 11 ग्राम पंचायतों को विकास कार्य करवाने के लिए 10-10 लाख रुपए अपने सांसद कोष से देने की घोषणा की। गांव रूंधी के यात्रियों की सुविधा के लिए हरियाणा रोडवेज की बस के रूट में गांव रूंधी को भी शामिल करने के निर्देश दिए। श्री गुर्जर ने चिरवाडी के ग्रामीणों की मांग पर गांव से खेतों की ओर जाने वाले दो करम के कच्चे रास्ते को 60 लाख रुपये की लागत से पक्का करवाने की घोषणा की, ताकि किसान खेतों से मंडी तक अपनी फसल को आसानी से पहुंचा सके। उन्होंने कहा कि जिला के जिन पशु अस्पतालों की बिल्डिंग के निर्माण का कार्य चल रहा है। लोक निर्माण विभाग इन सभी बिल्डिंग्स के कार्य को जल्द पूरा करके पशुपालन विभाग को हैंडओवर करें। उन्होंने कहा कि अक्टूबर माह के अंत तक पलवल-रसूलपुर रेलवे फ्लाईओवर का कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा।

गांव अच्छेजा में आंगनबाड़ी सेंटर और लोगों की सुविधा के लिए बैंक खुलवाने तथा स्कूल की चारदीवारी के साथ-साथ स्कूल की बिल्डिंग को बनवाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सीईओ जिला परिषद को निर्देश दिए कि वे गांव अच्छेजा व रूंधी में प्रशासन की ओर से शिविर आयोजित करके लोगों के आधार कार्ड, फैमिली आईडी, आयुष्मान चिरायु कार्ड, राशन कार्ड, बिजली बिल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वोटर आईडी आदि कार्य के साथ-साथ निशुल्क मेडिकल जांच करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गांव घुघेरा में 28 एकड़ जमीन पर सात करोड़ 18 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे जिला स्तरीय स्टेडियम को आगामी तीन महीने में तैयार कर दिया जाएगा। केंद्रीय राज्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गांवों में सड़क बनाने के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क पर पानी का ठहराव न हो। पानी के ठहराव वाले स्थानों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का कार्य किया जाए। उन्होंने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर घर नल से जल योजना के तहत पानी की लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुइ मार्गों को ठेकेदार द्वारा पुन: जल्द से जल्द बनवाया जाए। ऐसा न करने पर संबंधित ठेकेदार के कार्य की राशि का भुगतान न किया जाए। श्री गुर्जर ने कहा कि गांव के सरपंच के हस्ताक्षर के बगैर ठेकेदारों की पेमेंट नहीं होगी। उन्होंने गांव घुघेरा के शमशान घाट में एक हैंडपंप लगवाने तथा एक हॉल बनवाने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सुरक्षा के लिहाज से मुख्य सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाएं। जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने एक-एक कर अपनी शिकायतें केंद्रीय राज्यमंत्री के समक्ष रखीं। मंत्री ने ग्रामीणों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को उनका निदान करने के निर्देश दिए।

मेरिज ब्यूरो से फर्जी सार्टिफिकेट बनवाकर नाबालिग ने की शादी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

शिकायत के बाद जांच में 21 साल से कम मिली उम्र, मामला दर्ज

एक युवक ने युवती को घर से भगाकर दिल्ली के मेरिज ब्यूरो से फर्जी कागजात, झूठा शपथ पत्र और फर्जी आधार कार्ड बनाकर शादी कर ली। युवक ने इन फर्जी कागजातों के आधार पर युवती के परिजनों से खतरा बताकर अदालत में याचिका दायर कर सुरक्षा भी मांग ली। युवती के परिजनों को इसकी भनक लगी तो उन्होंने स्कूल से आरोपी की मार्कशीट निकलवा ली, जिसके बाद उसके द्वारा रची गई साजिश का पर्दाफाश हो गया। कैंप थाना पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार उन्हें एक शिकायत प्राप्त हुई कि होडल थाना अंतर्गत एक गांव के रहने वाले सुखराम ने एक युवती के साथ घर से भागकर शादी की थी। आरोपी ने फर्जी कागजात, झूठा शपथ पत्र और फर्जी आधार कार्ड बनाकर साजिश के तहत अदालत में प्रस्तुत किया। सुखराम ने सात जून, 2023 को दिए गए शपथ पत्र में अपनी जन्मतिथि 15 जनवरी 2002 दिखाई थी और कहा था कि उसके पास जन्मतिथि का कोई कागजी रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। जबकि सच्चाई यह थी कि सुखराम ने गांव के ही स्कूल से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की है।

स्कूल में उसकी जन्मतिथि 15-01-2003 दर्ज है। इसी प्रकार उसने अपने आधार कार्ड में भी फर्जकारी कर गलत जन्मतिथि दर्ज कर रखी है। उसने फर्जी कागजात होडल थाना पुलिस को भी सौंप थे, जिसका किसी ने सत्यापन करना जरूरी नहीं समझा। आरोपी ने 18 सितंबर 2023 को पुलिस से सुरक्षा मांगी और जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समक्ष एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में भी जन्म तिथि संबंधित झूठा शपथ पत्र एवं फर्जकारी युक्त आधार कार्ड प्रस्तुत किया गया था। कोर्ट के संज्ञान में यह मामला आने के बाद न्यायाधीश ने अदालत में शिकायतकर्ता को कैंप थाना में मामला दर्ज कराने की छूट दी थी। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने उसकी बेटी से करीब चार महीने पहले शादी की थी। आरोपी ने यह फर्जी कागजात शादी के लिए उपयोग किए। चूंकि लड़के की उम्र शादी के लिए 21 वर्ष होनी चाहिए, इसीलिए आरोपी ने शादी करने और अदालत में सुरक्षा मांगने के लिए गलत जन्मतिथि के फर्जी कागजातों का सहारा लिया।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, मामले में मुकदमा कर दिया गया है। इस मामले में जांच में सामने आया है कि दिल्ली-एनसीआर के एक मेरिज सेंटर द्वारा यह फर्जी कागजात तैयार कर शादी करवाई गई थी। दिल्ली-एनसीआर में फर्जी कागजात तैयार कर शादी कराने वाले कई गिरोह सक्रिय हैं। यह गिरोह मेरिज ब्यूरो सेंटर चलाते हैं। गिरोह नाबालिग युवक-युवितयों के फर्जी कागजात तैयार कर उनकी जन्मतिथि बदल देते हैं और आर्य समाज मंदिर में शादी करा देते हैं। इसके बदले में मेरिज ब्यूरो सेंटर संचालक युवक-युवतियों से मोटी रकम ऐंठते हैं। पुलिस इस मामले में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

मध्य प्रदेश चुनाव

भाजपा की रणनीति

भाजपा नेतृत्व मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है और इसीलिए तीन केन्द्रीय मंत्रियों को चुनाव में उम्मीदवार बनाया गया है। इस वर्ष के अंत में होने वाले पांच विधानसभा चुनावों से राजनीतिक पारा बढ़ा हुआ है। लेकिन वर्तमान स्थितियों को देखते हुए मध्य प्रदेश की लड़ाई प्रमुख बन गई है। अन्य चार राज्यों के मुकाबले यहां प्रतियोगिता कड़ी है। भाजपा के लिए इन चुनावों में महत्वपूर्ण रूप से नेतृत्व द्वारा केन्द्र सरकार के तीन मंत्रियों, राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले कम से कम चार सांसदों तथा विभिन्न जातियों, धर्मों व क्षेत्रों में प्रभाव रखने वाले अन्य वरिष्ठ नेताओं का मैदान में उतारना है। मध्य प्रदेश में सत्तारूढ़ पार्टी ने 39 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी का यह कदम कांग्रेस से कठोर प्रतियोगिता को देखते हुए उठाया गया है। भाजपा ने राज्य में अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखने के लिए केन्द्रीय मंत्रियों समेत कई कद्दावर नेताओं को मैदान में उतारा है। केन्द्रीय मंत्रियों नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल व फग्गन सिंह कुलस्ते समेत पार्टी सांसदों राकेश सिंह, गणेश सिंह, रीती पाठक व उदय प्रताप सिंह तथा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय अब मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। इन प्रमुख नेताओं को मैदान में उतारने से संभावित मुख्यमंत्री उम्मीदवारों की संख्या भी बढ़ गई है। अब नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल तथा कैलाश विजयवर्गीय को मजबूत मुख्यमंत्री उम्मीदवार माना जा रहा है।

2018 चुनाव के बाद थोड़ा समय छोड़ कर शिवराज सिंह चौहान लगभग 20 साल से मुख्यमंत्री पद पर हैं। भाजपा चौहान के मामले में थोड़ा बासीपन का अनुभव कर रही है। हाल में एक रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार भी चौहान का नाम नहीं लिया। इस बीच कांग्रेस पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व में मजबूत विरोधी के रूप में उभर रही है। यह चुनाव शिवराज सिंह चौहान का भविष्य तय करने के साथ राज्य का राजनीतिक भविष्य भी तय करेगा।

हालांकि, चौहान कई बार मुख्यमंत्री रहे हैं और उनको व्यापक रूप से लोकप्रिय नेता माना जाता है, पर अब उनका सम्मान व राजनीतिक भविष्य पूरी तरह चुनाव परिणाम से जुड़ गया है। यदि भाजपा अच्छा बहुमत प्राप्त करती है तो इससे पार्टी के भीतर उनकी स्थिति मजबूत होगी तथा राज्य में उनका नेतृत्व सुनिश्चित हो जाएगा। दूसरी ओर इससे कम होने पर चुनाव जीतने तथा प्रशासन करने की उनकी क्षमता पर सवाल खड़े होंगे। परिपक्व नेता कमलनाथ अपनी पार्टी का आधार मजबूत करने के साथ 'सत्ता-विरोधी' भावनाओं का लाभ उठाना चाहते हैं। हालिया उपचुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा रहा है जिनसे उसमें विश्वास बढ़ा है। पार्टी बेरोजगारी व ग्रामीण समस्याओं जैसे मुद्दों पर निर्भर है। उसका अभियान 'परिवर्तन व बेहतर प्रशासन' पर केन्द्रित है। इस बीच भाजपा द्वारा कद्दावर नेताओं को मैदान में उतारने का निर्णय चौहान के लिए संकेत है कि पार्टी का उनके नेतृत्व में विश्वास घट रहा है। सत्ता-विरोधी लहर तथा अनेक दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के कारण शिवराज सिंह चौहान का सम्मान पहले की तुलना में घटा है। हालांकि, शिवराज सिंह चौहान ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जनता के सभी वर्गों को खुश करने का प्रयास किया है, लेकिन भाजपा कोई जोखिम उठाने को तैयार नहीं है। संभवत: इसी कारण उसने अनेक कद्दावर नेताओं को मैदान में उतार कर सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ने का फैसला किया है। भाजपा पिछले 20 साल में राज्य में आमूल परिवर्तन की तस्वीर जनता के सामने रख रही है।

ऊर्जा आत्मनिर्भरता के प्रयास

मोदी सरकार ने हाइड्रोकार्बन खोज को काफी नीतिगत समर्थन प्रदान किया है। इससे निवेशकों का अपने निवेश पर लाभ सुनिश्चित हुआ है। सरकार ने नौकरशाही व लाल-फीताशाही बाधायें समाप्त की हैं।

उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 75वें स्वतंत्रता दिवस संबोधन में देश के समक्ष ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य रखा है। इसके लिए बिजली-संचालित आवागमन तथा हाइड्रोजन उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही गैस-आधारित अर्थव्यवस्था को गति दी जा रही है। मोदी चाहते हैं कि कुल ऊर्जा उपभोग में प्राकृतिक गैस-एनजी का हिस्सा वर्तमान 6 प्रतिशत से बढ़ा कर 15 प्रतिशत किया जाए। वर्तमान समय में भारत अपनी कुल एनजी आवश्यकता का 50 प्रतिशत आयात करता है। इसका कारण यह है कि घरेलू उत्पादन 2020-21 व 2021-22 के बीच 28.6 बिलियन क्यूबिक मीटर-बीसीएम से 34 बीसीएम रहा है, जबकि 2021-11 में यह सर्वाधिक 52 बीसीएम था। भारत को लक्ष्य पूरा करने के लिए घरेलू उत्पादन में तेज वृद्धि को बढ़ावा देना होगा। भारत में 26 सेडीमेंट्री बेसिन-एसबी हैं जो 3.4 मिलियन वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले हुए हैं।

यहां हाइड्रोकार्बन संसाधनों की तलाश हो सकती है। केवल 6 एसबी में वाणिज्यिक दोहन हो रहा है और वह भी अधिकतम क्षमता से काफी कम है। हाइड्रोकार्बन खोज में बहुत पैसा लगता है और तकनीक-गहन बिजनेस में काफी समय बाद लाभ होता है। गहरे-अत्यधिक गहरे तथा उच्च दबाव व उच्च तापमान ड्रिलिंग क्षेत्रों-डी, यूडी, एचपी, एचटी में कृष्णा-गोदावरी-केजी बेसिन जैसे क्षेत्र आते हैं। लेकिन इन क्षेत्रों का अधिकतम महत्व आरक्षित भंडारों के रूप में है। बहुराष्ट्रीय कंपनियां-एमएनसी, जैसे इक्सानमोबिल, चेवरान टोटल, आदि के पास तकनीक व संसाधन उपलब्ध हैं जिनका प्रयोग वे भारतीय हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में दीर्घकालीन निवेश के लिए कर सकती हैं। सरकार ने उनको अपने निवेश पर 'टिकाऊ' आधार पर अच्छे मुनाफे का आश्वासन दिया है। इसके लिए आवश्यक है कि एनजी क्षेत्रों में खोज एवं विकास पर कोई नियामक बाधायें न हों जिससे वे एक उचित समय में उत्पादन शुरू कर सकें तथा वे 'लाभदायक' कीमतों पर गैस 'स्वतंत्र' रूप से बेच सकें। इन सभी तीन क्षेत्रों में एमएनसी को अतीत में बाधाओं का सामना करना पड़ा है। हालिया वर्षों में मोदी सरकार ने इन बाधाओं को दूर करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, हालांकि अभी बहुत कुछ करना बाकी है। इसके लिए हमें नियामक परिदृश्य पर गौर करना होगा।

एसबी क्षेत्र का लगभग 50 प्रतिशत क्षेत्र या 1.73 मिलियन वर्ग किलोमीटर आफशोर है। इसमें से अभी हाल तक लगभग 0.69 मिलियन वर्ग किलोमीटर सुरक्षा कारणों से प्रतिबंधित क्षेत्र है। अब सरकार ने 0.67 मिलियन वर्ग किलोमीटर को सेडीमेंट्री आफशोर क्षेत्र घोषित कर दिया है। इससे खोज व उत्पादन-ईएंडपी गतिविधि को काफी बढ़ावा मिलेगा। अब तक ईएंडपी फर्मों को थोड़ समय के लिए पट्टा अधिकार मिलते थे जो गैस-तेल या गैस क्षेत्रों के लिए 10 साल तथा तेल क्षेत्रों के लिए पांच साल थे। इनको पट्टा अवधि विस्तार के लिए नौकरशाही के पास जाना पड़ता था जो दीर्घकालीन निवेश के रास्ते में बड़ी बाधा थी। अब सरकार ने पट्टा विस्तार की पुरानी व्यवस्था के बजाय आबंटित क्षेत्रों के पूरे आर्थिक जीवन के लिए ईएंडपी अधिकारों की अनुमति दी है जो उपलब्ध संसाधनों और उनकी खोज की गति के आधार पर 30 साल या उससे अधिक हो सकती है। इससे वैश्विक फर्मों को दीर्घकालीन निवेश का अवसर मिलेगा। उनको पहले से पता होगा कि पूरे आर्थिक जीवन के लिए उनको फील्ड में काम करने का अवसर मिलेगा। सरकार ने वन संरक्षण संशोधन विधेयक पास कर दिया है जिसके अनुसार भूकंपीय सर्वेक्षण को गैर-वन गतिविधि नहीं माना जाएगा। जमीन के नीचे हाइड्रोकार्बन संसाधनों का पता लगाने के लिए इनका प्रयोग किया जाता है। इसका अर्थ है कि खोज करने वालों को वन क्षेत्रों में फौरन पहुंच मिलेगी जिसे परमिट लेने में खर्च होने वाला उनका समय बचेगा। 2017 में हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन एंड लाइसेंसिंग पालिसी-हेल्प जारी की गई जिसे ओपेन एकरेज लाइसेंसिंग पालिसी-ओल्प भी कहा जाता है। इसके अंतर्गत ईएंडपी फर्मों को अपनी पसंद का ब्लाक चुनने में सहायता मिलेगी, जबकि 1999 में जारी एनईएलपी नीति के अंतर्गत उनको सरकारी प्रस्ताव स्वीकार करना पड़ता था। इसके साथ ही ओल्प के अंतर्गत आपरेटर को हाइड्रोकार्बन खोज के लिए कंपोज़िट लाइसेंस मिलता हे, भले ही वे चाहे जिस रूप में हों। उदाहरण के लिए 'शेल गैस' खोज व निकालने के लिए उसे अलग लाइसेंस की जरूरत नहीं होगी।

लंबे समय से ईएंडपी प्रयासों में जटिल प्रक्रियाओं, अनेक सहमतियों तथा नौकरशाही लाल फीताशाही के कारण बाधायें आती थीं। हर स्थिति पर अनुमति की जरूरत थी, जैसे फील्ड डेवलपमेंट योजना-एफडीपी तैयार करना, इसमें संशोधन करने, अनुबंध के विस्तार, कुंए खोदने, क्षेत्र की वाणिज्यिक क्षमता का पता लगाने, वार्षिक कार्य योजना-एडब्लूपी बनाने, पाइपलाइन बिछाने, उत्पादन की समीक्षा करना, आदि शामिल थे। एनईएलपी के अंतर्गत ब्लाक लेने के लिए फर्म को 37 प्रक्रियाओं का पालन करना होता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'टीम' ने इन प्रक्रियाओं को काफी उदार बनाया है तथा अनुमतियों से नौकरशाही की भूमिका समाप्त की है।

उसने ऐसी 22 प्रक्रियाओं की पहचान की है जिसमें ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का स्वत:-प्रमाणन स्वीकार किया जाता है। इसके साथ ही ब्लाकों की पूर्व-सहमति से अनुमति की व्यवस्था की गई है जिससे सहमति लेने में समय व्यर्थ नहीं होता है। सरकार विवाद समाधान व्यवस्थाओं तथा उत्पादन के लिए वैश्विक रूप से स्वीकृत प्रक्रियायें अपनाने को तैयार है। ओल्प के अंतर्गत 'राजस्व साझा' माडल से आपरेटर को राजस्व के पूर्व-निर्धारित प्रतिशत का भारत सरकार से साझा करने का अवसर मिलता है। यह पहले के एनईएलपी द्वारा निर्धारित उत्पादन साझा अनुबंध-पीएससी से अलग है। इससे फर्म भारत सरकार से मुनाफे का साझा करने से पहले फील्ड में विकास व खोज पर खर्च धन वसूल कर सकती है। इससे पुरानी व्यवस्थ में अनुमतियों का अतिरिक्त स्तर भी समाप्त हुआ है जिसके अंतर्गत हर स्तर पर लागत की आधिकारिक जांच जरूरी थी।

जहां तक एनजी की बिक्री व इससे कमाई का सवाल है, हेल्प-ओल्प के अंतर्गत गैस क्षेत्रों में आपरेटरों को मूल्य निर्धारण व मार्केटिंग की स्वतंत्रता है। यइ ईएंडपी फर्मों के लिए बहुत राहत की बात है कि आबंटित क्षेत्र भी इस नीति के दायरे में आते हैं। इसके साथ ही तथाकथित 149 मार्जिनल फील्ड से सप्लाई में भी मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता है। पहले इनको केन्द्रीय पीएसयू, जैसे ओएनजीसी व आयल को आबंटित किया गया था, पर 2020-21 में इनको निजी क्षेत्र को नीलाम कर दिया गया था। लेकिन तथाकथित लीगेसी क्षेत्र अभी कीमतों व मार्केटिंग के बारे में सरकारी नियंत्रण में हैं जहां से वर्तमान समय में अधिकांश गैस सप्लाई प्राप्त होती है। लीगेसी स्टाफ में ओएनजीसी-आयल 'नामांकन' आधार पर हैं जिनकी व्यवस्था एनईएलपी व एनएलपी-पूर्व ब्लाकों में की गई थी। इस प्रकार मूल्यों की दो सीमायें हैं। 'सामान्य' कीमत किरीट पारिख समिति संस्तुतियों के आधार पर है जो 1 अप्रैल, 2023 से लागू है। यह कीमत प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट-बीटीयू आधार पर है। इसमें हर महीने पिछले महीने के भारतीय कच्चे तेल के 10 प्रतिशत को आधार बनाया जाता है। यह कीमत 4-6 डालर प्रति बीटीयू होती है। जटिल क्षेत्रों पर 'प्रीमियम' मूल्य लागू होता है।

तकनीकी रूप से इन क्षेत्रों से निकलने वाली एनजी के मूल्य बाजार-आधारित होते हैं। हालांकि, इस पर भी एक सीमा आरोपित है जिसका संबंध वैकल्पिक ईंधनों, जैसे फ्यूल आयल, नेप्था व आयातित एलएनजी की कीमतों से है। हालांकि, एक समिति ने जटिल गैस क्षेत्रों से निकलने वाली गैस कीमतों को 1 जनवरी, 2026 से वि-नियमित करने की संस्तुति की थी, पर सरकार ने इस पर निर्णय नहीं किया है। नियामक क्षेत्र में काफी उदारीकरण तथा बाकी बाधायें हटाने के बाद अब मोदी सरकार को लीगेसी क्षेत्रों से निकलने वाली की मार्केटिंग व मूल्य सीमा पर लगे नियंत्रण हटाने का तार्किक कदम उठाना चाहिए।

भारत की संप्रभुता का सम्मान करे कनाडा

> **ट्रूडो के निराधार आरोप खालिस्तानी आतंकवादियों और चरमपंथियों से ध्यान हटाने की कोशिश है, जिन्हें कनाडा में आश्रय मिला है।**

कुमारदीप बनर्जी
(लेखक, नीति विश्लेषक एवं विदेशी मामलों पर टिप्पणीकार हैं)

अंतरराष्ट्रीय अभियानों को अंजाम देने वाले एजेंटों, महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने वाली खुफिया एजेंसियों, बैकचैनल राजनयिक बातचीत, राजनीतिक अस्थिरता और एक सनसनीखेज जासूसी थ्रिलर के हर अध्याय की कहानी दुनिया भर के दर्शकों के लिए चल रही है, जिसमें कनाडा और भारत पिछले कुछ हफ्तों से प्रमुख हैं। जल्दबाजी में और शायद आधे-अधूरे आरोप में कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने कनाडाई नागरिकों की भूक्षेत्र से परे हत्याओं के लिए भारतीय एजेंसियों को दोषी ठहराया।

भारत ने एक संक्षिप्त बयान के साथ तुरंत जवाब दिया, जिसने कनाडा के रूप में भारतीय अलगाववादी समूहों को अपने देश से बाहर काम करने की अनुमति देने के रूप में दोनों देशों के बीच चिंता के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे की ओर इशारा किया। भारतीय बयान में स्पष्ट रूप से कहा गया, हमने कनाडाई प्रधान मंत्री के उनकी संसद में दिए गए बयान और उनके विदेश मंत्री के बयान को देखा है और उन्हें खारिज करते हैं। कनाडा में हिंसा के किसी भी कृत्य में भारत सरकार की संलिप्तता के आरोप बेतुके और प्रेरित हैं। इसी तरह के आरोप कनाडा के प्रधानमंत्री ने हमारे प्रधानमंत्री पर लगाए थे और उन्हें पूरी तरह से खारिज कर दिया गया था। इस तरह के निराधार आरोप खालिस्तान आतंकवादियों और चरमपंथियों से ध्यान हटाने की कोशिश करते हैं, जिन्हें कनाडा में आश्रय दिया गया है और जो भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा बने हुए हैं।

हम भारत सरकार को ऐसे घटनाक्रम से जोड़ने के किसी भी प्रयास को अस्वीकार करते हैं। हम कनाडा सरकार से अपनी धरती से सक्रिय सभी भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं। द्विपक्षीय संबंधों में जो कुछ हो रहा है वह कोई हालिया विकास

नहीं है बल्कि दशकों से चल रहा है। लगभग चालीस साल पहले भारत ने कनाडा से एक आतंकवादी के प्रत्यर्पण की मांग की थी, जो इतिहास के सबसे भयानक विमान बम विस्फोटों में से एक के लिए जिम्मेदार था, जिसमें एयर इंडिया की उड़ान में सभी लोग मारे गए थे। आतंकवाद के कृत्य के लिए जिम्मेदार कई दोषियों को कनाडा द्वारा कभी भी दोषी नहीं ठहराया गया, भारत से बार-बार इनपुट मिलने के बावजूद कि पीड़ितों के परिवारों को दशकों तक लंबे समय तक चलने वाले अदालती मामलों का सामना करना पड़ा।

कनाडा इन भारत-विरोधी ताकतों को अपनी धरती पर अनुमति देता है या उनका पोषण करता है, इसका कारण घरेलू राजनीति के गलियारों से पता चलता है। लाखों भारतीय, विशेष रूप से पंजाब से, कनाडा की जनसांख्यिकी का एक बड़ा हिस्सा बनाते हैं। जबकि उनमें से अधिकांश ईमानदारी से जीवन यापन करते हैं और शांतिप्रिय हैं, कुछ कुख्यात तत्व अच्छी तरह से संचालित अर्ध-सरकारी मशीनरी के माध्यम से काम करके कनाडा में घुसने में कामयाब रहे हैं। पिछले कुछ समय में, भारत द्वारा वांछित ये अपराधी और आतंकवादी, गुरुद्वारा समितियों के माध्यम से महत्वपूर्ण अचल संपत्ति को नियंत्रित करने में कामयाब रहे हैं। ये माफिया-नियंत्रित गुरुद्वारे पंजाब और उत्तर भारत के कई अन्य राज्यों में अपने भारतीय आकाओं के साथ काम करके पंजाब के हजारों युवाओं के आव्रजन सपने को पूरा करने के लिए एक माध्यम के रूप में भी काम करते हैं।

कनाडा की धरती से भारत विरोधी कृत्यों को अंजाम देने के लिए जमीनी ताकत हासिल करने की कार्यप्रणाली भारतीय आकाओं द्वारा जारी एक पत्र से शुरू होती है, जिसमें बताया गया है कि भारत में युवाओं को उनके धर्म के कारण भेदभाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। इससे युवाओं के लिए दया के आधार पर आसानी से कनाडा की नागरिकता पाने की राह तैयार हो जाती है और घरेलू राजनीतिक आख्यानों को हवा मिलती है। वर्तमान मामले में भी, इसका कारण पीएम ट्रूडो की गिरती राजनीतिक लोकप्रियता थी। कुछ महीने पहले उन्होंने चीन पर घरेलू राजनीति में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया था, जबकि वह एक व्यापार समझौते के माध्यम से भारत के द्विपक्षीय संबंधों को गर्म करने की कोशिश कर रहे थे।

कनाडा नई वैश्विक व्यवस्था में भारत के बढ़ते महत्व को समझता है, खासकर चीन और रूस को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। यह समझता है कि एक शक्तिशाली, लचीला, लोकतांत्रिक भारत समृद्ध भारत-प्रशांत क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, जो अप्रत्यक्ष रूप से अपने नागरिकों के लिए अधिक समृद्धि लाने में अनुवाद करता है। हालांकि, घरेलू राजनीतिक चिंताएं भूराजनीति से ऊपर उठती हैं, और पीएम के रूप में कुर्सी बरकरार रखना इस समय ट्रूडो के लिए अधिक महत्वपूर्ण लगता है। यह तर्क दिया जा सकता है कि कई समाचार रिपोर्टों ने भारत के खिलाफ कनाडाई आरोपों में अमेरिकी खुफिया सहायता की ओर इशारा किया है, हालांकि, अमेरिका जानता है कि हवा किस तरफ बह रही है।

आप की बात

स्कूली शिक्षा

स्कूल चाहे जैसा हो, वास्तविक अनुभवों की कक्षा में कोई जगह नहीं है। शिक्षकों को सिलेबस निपटाने की चिंता है और बच्चों को अच्छे ग्रेड्स की। इसलिए शिक्षक लगातार ज्ञान उगलते हैं और बच्चे इसे जस का तस गटकने का प्रयास करते हैं। ज्ञानार्जन की यह तरकीब साधने में जो थोड़े से बच्चे सफल रहते हैं, वे अच्छे विद्यार्थी मान लिए जाते हैं और सत्ता की सीढ़ियों में मनचाही मंजिल तक पहुंच पाते हैं। असफल और औसत ठहराए गए बच्चों की बड़ी संख्या जीवनभर अपनी किस्मत पर रोती है। लेकिन अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले प्रख्यात लोगों में से अधिकतर की स्कूली उपलब्धियां बहुत उल्लेखनीय नहीं रहीं। उनकी योग्यताओं के स्रोत स्कूल की चारदीवारी के बाहर खोजे जा सकते हैं। स्कूली जीवन के बाहर खुद की पहल से उन्होंने अनुभवों का जो संसार रचा, वह जीवनपर्यंत उनकी पूंजी बना। विज्ञान, कला, साहित्य और व्यवसाय के क्षेत्र की ज्यादातर हस्तियों ने मामूली स्कूलों से शिक्षा पाई। वास्तव में सीखना निहायत अंदरूनी मामला है जो बुनियादी रूप से सीखने वाले की पहल और एकाग्रता पर निर्भर है। अत: स्कूली शिक्षा को व्यापक दृष्टिकोण से देखने व इसे जीवन से जोड़ने की आवश्यकता आज बहुत अधिक है।

-सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

जयशंकर का बयान

संयुक्त राष्ट्रसंघ में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने बयान से आज विश्व की बड़ी शक्तियों को आईना दिखाने का काम किया है। उन्होंने कहा, वह जमाना चला गया जब कुछ बड़े देश अपना एजेंडा तय करते थे एवं अपेक्षा करते थे कि अन्य सभी देश उनका अनुसरण करें। उन्होंने यह कह कर कनाडा और अमेरिका को भी यह संदेश देने का प्रयास किया है कि राजनीतिक सुविधानुसार आतंकवाद पर कार्रवाई स्वीकार्य नहीं है। आज जहां कनाडा खालिस्तानी चरमपंथियों को संरक्षण देने का कार्य कर रहा है वहीं अमेरिका भी आज उसका समर्थन करने में लगा हुआ है। विदेश मंत्री ने यही समझाने का प्रयास किया है कि हम कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बेतूके बयानों से कतई सहमत नहीं है एवं इसका विरोध करते हैं। उन्होंने विश्व के कुछ बड़े देशों के एजेंडे की भी आलोचना की है जो चाहते हैं कि रूस-यूक्रेन युद्ध मुद्दे पर भारत उनकी हां में हां मिलाए। दुनिया को यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत को जहां पश्चिमी देशों का सहयोग चाहिए, वहीं पश्चिमी देशों के लिए भारत का सहयोग व दृष्टिकोण बहुत महत्वपूर्ण है। यह भारतीय विदेश नीति की विजय है।

- मनमोहन राजावत, शाजापुर

राज्यों के बीच विवाद

तमिलनाडु-कर्नाटक के बीच थोड़े-थोड़े समय के बाद कावेरी जल को लेकर विवाद और आंदोलन चलते रहे हैं। इस बार सुप्रीम कोर्ट की सहमति के बावजूद बेंगलुरु में पानी देने पर रोक के लिए बेंगलुरु बंद रखा गया और इसमें राजनीतिक दलों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। एक ही देश के दो राज्यों के बीच कभी जल बंटवारे को लेकर, कभी सीमा विवाद को लेकर और कभी जातिगत दुर्भावना को लेकर हमारे देश में साल-दर-साल नए-नए विवाद खड़े होते जा रहे हैं। दुख की बात यह है कि विवादों की चिंगारी को प्रमुख राजनीतिक दल अपने वोटबैंक स्वार्थ को हवा देकर गंभीर बना देते हैं। विडंबना है कि एक ही दल की दो राज्यों की इकाइयां अक्सर ऐसे विवादों में परस्पर-विरोधी दृष्टिकोण अपनाती हैं, जबकि अक्सर उनका आलाकमान खामोश तमाशाई बना रहता है। सवाल है कि ऐसे विवादों में शामिल दोनों राज्यों के राजनीतिक दल जनता में संवाद विकसित करने तथा समस्याओं के व्यापक हल तलाशने के बजाय उनको लड़ाने में क्यों लग जाते हैं? यह प्रवृत्ति देश के विकास के लिए घातक है।

-विभूति बुपक्या, खाचरोद

रिजर्व बैंक की कार्रवाई

भारतीय रिजर्व बैंक ने एसबीआई सहित तीन बैंकों पर 4 करोड़ से भी अधिक का जुर्माना लगाया है। आरबीआई द्वारा निर्धारित नियामक मानदंडों का उल्लंघन करने के कारण यह कार्यवाही की गई है। राष्ट्रीयकृत बैंकों का हमारे देश में अभी भी एक विशिष्ट स्थान है। शासन की लोन संबंधी योजनाओं का लक्ष्य पूरा करने में इनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। जनता की समझ से राष्ट्रीयकृत बैंक व्यापारिक गतिविधियों के साथ-साथ अपना सामाजिक सरोकार भी पूर्ण करती हैं। जनता अपनी जमा बचत इन बैंकों में रखकर निश्चिन्त रहती है। ऐसे में बैंकों के लिए आरबीआई की यह कार्यवाही चिंता का विषय होनी चाहिए। बैंकों को अपनी कार्य पद्धति में सुधार करना चाहिए ताकि जनता का विश्वास उन पर कायम रहे। सूदखोरों के उत्पीड़न के कारण अक्सर लोगों की आत्महत्या की खबरें देखने को मिलती हैं। इनसे स्पष्ट है कि अभी बैंकिंग व्यवस्था को व्यापक, सहज व सुलभ बनाने की आवश्यकता है। भारतीय रिजर्व बैंक व भारत सरकार को इस दिशा में अपने प्रयास तेज करने चाहिए।

-ललित महालकरी, इंदौर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

57 जनपदों में स्थापित होंगे अत्याधुनिक मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय

● सीएम योगी ने की 'पीएम श्री' विद्यालयों के विकास योजना की समीक्षा

● कम्पोजित विद्यालयों को मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों के रूप में उच्चीकृत करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

श्रमिकों के पाल्यों और निराश्रित बच्चों की गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए 'अटल आवासीय विद्यालयों' की स्थापना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 57 जनपदों में सर्वसुविधायुक्त 'मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों' की स्थापना तथा सभी 75 जनपदों में एक-एक कम्पोजिट विद्यालय को मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में उच्चीकृत करने का निर्णय लिया है।

शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए 'पीएम श्री' विद्यालयों के विकास योजना की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन प्रारंभ हो चुका है। अब हमें प्री-प्राईमरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के लिए हर जनपद में एक सर्वसुविधायुक्त विद्यालयों की स्थापना की दिशा में आगे बढ़ना होगा। अटल आवासीय विद्यालयों से आच्छादित जनपदों के अतिरिक्त शेष 57 जनपदों में एक-एक 'मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय' की स्थापना की तैयारी करें। उन्होंने निर्देश दिए कि 'मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय' का परिसर 5-10 एकड़ का हो। इसके लिए संबंधित जनपदों में भूमि का चिन्हांकन यथाशीघ्र पूरा कर लें। प्रारंभिक रूप में यहां हर कक्षा के लिए न्यूनतम 3 सेक्शन की व्यवस्था हो। विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य, शिक्षक संवर्ग व अन्य स्टाफ के लिए आवासीय सुविधा हो। विद्यालय में विश्वस्तरीय अवस्थापना सुविधाएं मुहैया कराई जाए। प्रत्येक कक्षा कक्ष हेतु स्मार्ट क्लास हो। रोबोटिक्स व मशीन लर्निंग सेंटर हो। कक्षा 1 से 8 हेतु कम्पोजिट विज्ञान व गणित प्रयोगशालाए कक्षा 9 से 12 हेतु रसायन, भौतिकी विज्ञान हेतु माड्यूलर प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब एवं लैंग्वेज लैब, कक्षा 1 से 8 एवं कक्षा 9 से 12 हेतु पृथक-पृथक पुस्तकालय, विशाल खेल का मैदान व ओपन जिम के साथ मल्टीपल एक्टीविटी हॉल, सोलर पैनल एवं वर्षा जल संचयन इकाई की स्थापना, वॉटर प्लान्ट, मिड-डे-मील किचन व डायनिंग हॉल, वॉशिंग एरिया, मल्टीपल हैण्डवाशिंग यूनिट की एकीकृत व्यवस्था, आधुनिक अग्नि शमन यंत्र एवं ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरों की सुविधा से लैस बनाया जाए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बेसिक शिक्षा में व्यापक सुधार के उद्देश्य से पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) योजना की घोषणा की गई है। योजना अंतर्गत भारत सरकार के सहयोग से प्रदेश के 1725 शासकीय विद्यालयों का चयन किया गया है।

स्टेट कैपिटल रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी का यथाशीघ्र हो गठन: मुख्यमंत्री

● तीन महीने के अंदर कार्ययोजना प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

●लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर और बाराबंकी जिले होंगे जनपद होंगे एससीआरडीए में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्टेट कैपिटल रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एससीआरडीए) के जल्द से जल्द गठन के निर्देश दिए। बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि तीन महीने के अंदर एससीआरडीए की कार्ययोजना प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि एससीआरडीए में लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर और बाराबंकी को शामिल करें। साथ ही राजधानी लखनऊ को एससीआरडीए का मुख्यालय बनाएं और नागरिकों की सुविधा के लिए बाकी जनपदों में रीजनल ऑफिस खोलें।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी की निगरानी में एससीआरडीए का प्लान तैयार किया जाए। झांसी औद्योगिक विकास प्राधिकरण के बाद एससीआरडीए प्रदेश में नियोजित शहरी विकास का मॉडल होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले सौ साल की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शहरी विकास की योजना बनाएं। उन्होंने जोर देते हुए कहा की शहरी विकास की जो भी योजनाएं तैयार हों उनका आधार निवेश और रोजगार होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत योजना के अंतर्गत 59 शहरों के लिए तैयार किया जा रहा मास्टर प्लान शासन के अनुमोदनार्थ 30 सितंबर तक भेज दें। उन्होंने कहा कि शामली, बड़ौत, चंदौसी, गोंडाए एवं अमरोहा में पहली बार मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है, इसमें तेजी लाएं। साथ ही लोनी और मोदी नगर को गाजियाबाद में इंट्रीग्रेटेड करते हुए एक मास्टर प्लान बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां पर मास्टर प्लान का नक्शा पास हो गया है, अगर वहां कोई बिल्डर नियमों का उल्लंन करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

केजीएमयू में नर्सेज की नियुक्ति पूर्व की भांति लोकसेवा आयोग से कराने की मांग

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में राजकीय नर्सेज संघ, उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने केजीएमयू एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में नर्सेज की नियुक्ति पूर्व की भांति लोकसेवा आयोग प्रयागराज से कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि केजीएमयू रजिस्ट्रार लखनऊ ने नर्सेज भर्ती हेतु 22 जून 2023 को पत्र जारी कर कम्प्यूटर बोर्ड टेस्ट द्वारा किए जाने की तैयारी की गई है जबकि इससे पूर्व 12 अगस्त 20221 को स्टाफ नर्स-सिस्टर-ग्रेड-2 की भर्ती उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा की गई थी। इससे पूर्व भी 20215-16 में केजीएमयूए की भर्ती में तमाम गड़बड़ियां मिली थीं। उस भर्ती को राज्यपाल ने रद्द कर दिया था और वही भर्ती फि र लोकसेवा आयोग द्वारा की गई थी। राजकीय नर्सेज संघ के प्रतिनिधिमण्डल ने कहा कि अब पुन: केजीएमयू द्वारा नर्सेज की भर्ती एजेंसी एडुटेस्ट से कराने का प्रावधान शासन को भेजा जा रहा है। जिसने इसी वर्ष राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में काफी धांधली की थी, कुछ सेन्टरों पर दोबारा परीक्षा कराई गई थी। लोकसेवा आयोग सरकार की एक विश्वसनीय संस्था है इसके द्वारा ही नर्सिंग भर्ती कराई जानी चाहिए।

दो आईएएस अफसरों के तबादले

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को दो आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। किए हैं। इस फेरबदल में प्रभाश कुमार एसीईओ नोएडा को विशेष सचिव खाद्य एवं रसद विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं वंदना त्रिपाठी को ओएसडी नोएडा से एसीईओ नोएडा के पद पर भेजा गया है।

रालोद ने की विधुड़ी की संसद सदस्यता से निष्कासित करने की मांग

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने लोकसभा के अध्यक्ष को पत्र लिखकर भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी को लोकसभा की सदस्यता से निष्कासित करने की मांग की है। साथ ही विधुड़ी के अशोभनीय टिप्पणियाँ और अमर्यादित आचरण की घोर निंदा और भर्त्सना की है। उन्होंने पत्र में लोकसभा अध्यक्ष से कहा कि आप अपने कार्यकाल में बराबर सदन की लोक मर्यादा, संवैधानिक नियमों, परम्पराओं की बात करते रहें हैं जिसकी सर्वत्र सराहना होती है।

नई संसद भवन में पिछले दिनों जिस प्रकार से बसपा सांसद कुंवर दानिश अली के साथ भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने अपने वक्तव्य से संसद की गरिमा, मर्यादा तथा शालीनता को तार तार कर दिया है। उनकी इस अभिव्यक्ति से संसद की नहीं बल्कि आपकी गरिमा भी प्रभावित हुयी है। राय ने पत्र में कहा कि लोकतंत्र में भारतीय संसद की गरिमा और आपके पद की महत्ता को धूमिल करने वाले ऐसे सांसद को सदन की सदस्यता से निष्कासित किया जाए और उक्त सांसद के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होंने रमेश बिधूड़ी की अमर्यादित भाषा और टिप्पणियों की घोर निंदा करते हुये कहा कि कोई भी सभ्य समाज उन्हें सही नहीं ठहरा सकता इसकी जितनी निंदा की जाय कम है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर देश के सबसे बड़े एयर कॉर्गो टर्मिनल का हुआ भूमिपूजन

● टर्मिनल न केवल यूपी को पूरे देश से जोड़ेगा बल्कि आसियान देशों और प्रस्तावित भारत-यूएई यूरोप इकॉनमिक कॉरिडोर में भी निभाएगा महत्वपूर्ण भूमिका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश को लैंड लॉक फ्री स्टेट के रूप में विकसित करते हुए वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का लक्ष्य हासिल करने में जुटे सीएम योगी के प्रयासों को अब और बल मिला है। एयर इंडिया और सैट्स के ज्वॉइंट वेंचर एयर इंडिया सैट्स (एआईएसएटीएस) की एसपीवी (स्पेशल परपस वेहिकल) एआईएसएटीएस नोएडा कार्गो टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर में अपने अत्याधुनिक मल्टी-मॉडल कार्गो हब ;एमएमसीएचद्ध के लिए भूमिपूजन किया है। यह अत्याधुनिक मल्टी.मॉडल कार्गो हब परंपरा और आधुनिकता के सम्मिश्रण के साथ भारतीय एयर कार्गो और लॉजिस्टिक सप्लाई चेन सेक्टर को स्मार्ट, सहज, स्केलेबल और सुरक्षित समाधान प्रदान करने का वादा करता है।

उल्लेखनीय है कि नोएडा इंटरनेशल एयरपोर्ट में बन रहा इंटीग्रेटेड कार्गो टर्मिनल और लॉजिस्टिक पार्क सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। यह न केवल राज्य को पूरे देश से जोड़ेगा बल्कि यह आसियान देशों और प्रस्तावित भारत-यूएई यूरोप इकॉनमिक कॉरिडोर में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कंपनी ने फ रवरी माह में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रदेश सरकार के साथ 5 हजार करोड़ का एक एमओयू साइन किया था। इसमें एक एमओयू इंटीग्रेटेड कॉर्गो लाइनर के लिए था और दूसरा लॉजिस्टिक पार्क बनाने को लेकर था। इसी में कंपनी ने अपने पहले एमओयू को धरातल पर उतारते हुए एयर कॉर्गो का भूमि पूजन संपन्न किया है। पहले चरण में कंपनी कुल 1200 करोड़ रुपए का निवेश करेगी, जिसमें से कंपनी अब तक 456 करोड़ रुपए का निवेश कर चुकी है। कंपनी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की शुरुआत तक इस मल्टी मॉडल कॉर्गो हब को तैयार करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। संभावना है कि 2024 में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मल्टी मॉडल कॉर्गो हब का भी शुभारंभ कर सकते हैं। भूमिपूजन में एआई सैट्स, वाईआईएपीएल और टाटा प्रोजेक्ट्स के शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसारए यह मल्टी मॉडल कॉर्गो टर्मिनल 37 एकड़ में बन रहा है। इससे बड़ा कॉर्गो टर्मिनल अब तक नहीं बना है। इसके जरिए पूरे यूपी का एक्सपोर्ट कई गुना तक बढ़ जाएगा। यूपी का एग्रो मार्केट, ओडीओपी मार्केट, एमएसएमई मार्केट दुनिया के मार्केट से कनेक्ट हो सकेगा। बाहर से लोग यहां से माल मंगा सकेंगे। आसियान देशों को इसका लाभ मिलेगा और वो भी एयर कॉर्गो के माध्यम से यूपी के मार्केट से प्रोडक्ट्स को इंपोर्ट कर सकेंगे। इसके साथ ही भारत-यूएई यूरोप के बीच बनने वाले इकॉनमिक कॉरिडोर से भी काफी लाभ होगा। इसके माध्यम से यूपी को यूएई और यूरोप से भी जुड़ने में मदद मिलेगी। सामान्य शब्दों में कहें तो यूपी की ग्रोथ में यह कॉर्गो ग्रोथ इंजन के रूप में काम करेगा। यह यूपी के लैंड लॉक स्टेट के स्टेटस को तोड़ देगा और प्रदेश का बहुआयामी विकास सुनिश्चित करेगा।

गाजियाबाद भी होगा आईटीएमएस से लैस

● इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से शहरों के यातायात नियंत्रण में मिल रही अच्छी मदद

●सरकार ने परियोजना के लिए दी 8575 लाख की धनराशि की स्वीकृत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के शहरों को सेफ और स्मार्ट बनाने में योगी सरकार तेज गति से जुटी हुई है। इसी क्रम में सरकार ने गाजियाबाद को भी इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) से युक्त बनाने के लिए 8575.71 लाख रुपए की परियोजना को स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही प्रदेश के सभी नगर निगम आईटीएमएस से युक्त हो जाएंगे।

प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अमृत अभिजात के अनुसार केन्द्र सरकार की स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत यूपी के 10 शहरों (अलीगढ़, आगरा, बरेली, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और वाराणसी) के अलावा नोएडा तथा राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत प्रदेश के शेष 6 नगर निगमों (अयोध्या, फि रोजाबाद, गोरखपुर, मथुरा-वृन्दावन, मेरठ व शाहजहांपुर) में आईटीएमएस परियोजना पहले से ही कार्यरत है। इसके बाद गाजियाबाद शहर के लिए आईटीएमएस परियोजना के लिए 8575'71 लाख रुपए की स्वीकृति मिलने से अब प्रदेश के सभी नगर निगम इस योजना से युक्त हो गए हैं। उन्होंने बताया कि अगले 6 माह में सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे।

स्मार्ट सिटी मिशन डायरेक्टर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि दरअसल इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत शहरों में सीसीटीवी समेत हाई डेफिनिशन कैमरा के जरिए रेड लाइट पर वाहनों के दबाव के हिसाब से रेड/ग्रीन लाइट की टाइमिंग ऑटोमैटिक तरीके से खुद ही सेट हो जाती है। यही नहीं रेड लाइट वायलेशन डिटेक्शन कैमरा के जरिए कमांड कंट्रोल रूम में बैठकर ट्रैफिक पुलिस उन वाहन चालकों पर भी निगाह रख सकती है जो रेड लाइट जंप करते हैं। ये कैमरा ऐसे लोगों की इमेज कैप्चर करने के साथ ही वाहन के नंबर के आधार पर खुद ही चालान काट देता है। बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट वाले चालकों के खिलाफ भी चालान की कार्रवाई इसके माध्यम से आसानी से की जा सकती है। आईटीएमएस के जरिए ट्रैफि क मैनेजमेंट में तो मदद मिलती ही है साथ ही साथ कानून व्यवस्था को सुचारू रखने में भी सहायता मिलती है। इसकी मदद से बदमाशों की धर-पकड़ में पुलिस को अच्छी कामयाबी मिलने लगी है। सड़क पर लगे सर्विलांस कैमरों की मदद से कमांड सेंटर के जरिए पुलिस बेहद नजदीक से संदिग्धों के चेहरे को देख सकती है। साथ ही साथ बदमाशों की लोकेशन को ट्रेस करते हुए पुलिस उन्हें आसानी से पहचान और दबोच सकती है

मतदाता सूची में भी हेराफेरी कर रही सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा द्वारा सत्ता का दुरूपयोग करना जारी है। भाजपा सरकार मतदाता सूची में भी हेराफेरी करने लगी है। कन्नौज में सपा की आपत्ति और शिकायत से छुपा हुआ ये सच सामने आया है कि एक बूथ में जितने नाम सही हैं उनसे 5 गुना नाम फर्जी हैं। अगर ईमानदारी से जांच हो जाए तो केवल कन्नौज के एक बूथ में ही नहीं, उप्र के हर एक बूथ में ये भाजपाई घोटाला सामने आएगा। चुनाव आयोग संज्ञान ले और दंडात्मक कार्रवाई करने के बाद मतदाता सूची को सत्यापित कर सुधारे।

यादव ने कहा कि मतदाता सूची को लेकर जानबूझकर भ्रांतियां पैदा की जा रही है। दिनांक 6 जनवरी से 17 अक्टूबर 2023 तक मतदाता सूची में नाम जोड़े गए हैं, काटे गए हैं, नाम संशोधित किए गए हैं। 5 जनवरी 2024 को अन्तिम मतदाता सूची को राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराने की मांग की गई थी, जिसके लिए आदेश भी निर्गत किया गया था। आश्चर्य की बात है कि बाद में मैनुअल रोल्स 2023 जारी कर संशोधित सूची प्रिंट नहीं कराने और उसे राजनैतिक दलों को नहीं देने का निर्देश-नियम बना दिया गया।

अखिलेश ने कहा कि अब नया नियम बना दिया गया है, कि चुनावों की घोषणा हो जाने के बाद भी मतदाता एक राज्य से दूसरे राज्य में अपना पता स्थानान्तरित करवा सकता है। नये नियम का दुरुपयोग भी किया जा सकता है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में प्रथम चरण के मतदान वाले क्षेत्र का कोई ऐसा मतदाता जिसका नाम सातवें चरण वाले मतदान क्षेत्र में अनुपस्थित, स्थानान्तरित और मृतक लिस्ट में नाम शामिल होगा वह प्रथम चरण वाले मतदान में मतदान करके फार्म नं-8 भरकर अपना नाम, पता स्थानान्तरित करवा कर सातवें चरण के मतदान में भी मतदान कर सकता है इस नियम का दुष्प्रभाव होगा। इस नए नियम को बनाने से पूर्व राजनैतिक दलों की बैठक नहीं की गयी और कोई चर्चा भी नहीं की गई।

अखिलेश यादव ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने साजिश और षड्यंत्र करके बड़े पैमाने पर समाजवादी पार्टी समर्थकों के वोट कटवा दिए। भाजपा ने बेईमानी करके चुनाव जीता। समाजवादी पार्टी ने इसकी शिकायत भी की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता को प्रभावित कर रही है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान को कमजोर कर रही है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार इंडिया गठबंधन और पीडीए की एकजुटता से परेशान और डरी हुई है। मतदाता सूची में धांधली पर ही उसका भरोसा रह गया है। फर्जी मतदान के सहारे वह चुनाव जीतने की साजिश कर रही है। जब मतदाता सूची में एक बूथ पर इतनी गड़बड़ियां सामने आ रही है तो पूरे प्रदेश में मतदान के समय क्या स्थिति होगी, इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। ऐसे में लोकतांत्रिक प्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की सुरक्षा बढ़ाने की मांग को लेकर प्रतिनिधिमंडल डीजीपी से मिला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश कांग्रेस के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को डीजीपी विजय कुमार से मिलकर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में एक मांग पत्र भी डीजीपी को सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक इंदल रावत, जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, पूर्व महामंत्री सेंट्रल बार एसोसिएशन संजीव पाण्डेय और रूद्र दमन सिंह शामिल रहे।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस महानिदेशक से मिलकर तीन मांगों पर अनुरोध किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल द्वारा सौंपे गए पत्र के माध्यम से कहा गया है कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को संगठनात्मक कार्यो से प्राय: प्रदेश के विभिन्न जनपदों में जाना पड़ता है ऐसे में उनकी सुरक्षा को देखते हुए सुरक्षा हेतु स्काट उपलब्ध कराने, वर्तमान में जो सुरक्षा उनको प्रदान की गई वह पर्याप्त नहीं है। अत: अविलम्ब सुरक्षा में वृद्धि की जाए। डीजीपी को इस बात से भी अवगत कराते हुए कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के वाराणसी एवं लखनऊ स्थित आवास पर चूंकि आम जनमानस का बड़ी संख्या में आना जाना लगा रहता है वहां पर भी सुरक्षा की व्यवस्था की जाए।

कांग्रेस विधि विभाग की टीम अमेठी धरने में हुई शामिल

● अमेठी में एसजीपीजीआई की मान्यता खत्म करने का मामला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश की भाजपा सरकार के इशारे पर जनपद अमेठी स्थित संजय गांधी अस्पताल की सीएमओ द्वारा मान्यता समाप्त करने सम्बन्धी मामले को संज्ञान में लेते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के चेयरमैन नितिन कुमार मिश्रा के साथ 19 सदस्यीय अधिवक्तागणों की एक टीम आज अमेठी पहुंचकर धरने में शामिल हुई साथ ही इस मामले के विधिक पक्षों का भी संज्ञान लिया। जिससे इस लड़ाई को मजबूती से लड़ने में बल मिल सके। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि भाजपा सरकार राजनीति करते-करते अमानवीयता पर उतर आई है। उन्होंने कहा कि जिस अस्पताल में रोज लगभग हजारों लोगों का इलाज होता हो उसे अचानक बंद करवा देना उस क्षेत्र की जनता के लिए कितना कष्टप्रद है इसका अंदाजा इस अहंकारी सरकार को नहीं है। प्रवक्ता निषाद ने कहा कि जब अस्पताल स्वत: उस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जांच एवं दोषियों को सजा दिलाने के लिए तैयार है, इसके बावजूद प्रदेश सरकार द्वारा पूरे अस्पताल की मान्यता रद्द करने का आनन-फानन में लिया गया फैसला एक निम्न स्तर की राजनीति के सिवा कुछ भी नहीं है। कांग्रेस पार्टी सरकार के इस जनविरोधी निर्णय की निंदा करती है और अस्पताल की मान्यता बहाल करने हेतु हर स्तर पर लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रवक्ता ने बताया कि अधिवक्ता टीम में मीडिया पैनलिस्ट एडवोकेट प्रदीप सिंह, अनस खान, अजहर फैज खान, विपिन कुमार यादव, अजीत मिश्रा, आईपी सिंह, दीपक त्रिवेदी, सैय्यद इमरान, अभिषेक यादव, सुनील कुमार शुक्ला, बीएल भारती, शैलेश त्रिपाठी, सोमेश त्रिपाठी, दिलीप मिश्रा, राजकरन त्रिपाठी, मकरंद शुक्ला, मदन कुमार तिवारी, शशिकांत शुक्ला शामिल रहे।

62 जिलों में 2100 नलकूप निर्माण परियोजना को गति देगी सरकार

● प्रदेश में सिंचाई से जुड़ी परियोजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए शुरू की तैयारी, तीसरी किस्त के तौर पर 244.19 करोड़ रुपए की धनराशि जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में लागातार प्रयास कर रही योगी सरकार ने लोगों को सुरक्षित पेयजल पहुंचाने व सिंचाई से जुड़ी परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए वृहद स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप, प्रदेश में जलशोधन व सिंचाई से जुड़ी परियोजनाओं के लंबित कार्यों को पूर्ण करने के लिए सिंचाई व जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों को एक विस्तृत कार्ययोजना की शक्ल दी गई है जिसके क्रियान्वयन के लिए सिंचाई व जल संसाधन विभाग ने कई स्तरों पर प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में प्रदेश के 62 जिलों में 2100 नलकूप निर्माण परियोजना के लंबित कार्यों को गति देने के लिए वर्ष 2023-24 में तीसरी किस्त के तौर पर 244.19 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 841.98 करोड़ रुपए है और नाबार्ड पोषित इस परियोजना के अंतर्गत 410 करोड़ रुपए की प्रावधानित राशि में से तीसरी किस्त के तौर पर मौजूदा धनावंटन को वित्तीय स्वीकृति के बाद जारी कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, बांदा, सुल्तानपुर, जौनपुर, मेरठ व भदोही समेत प्रदेश के कई क्षेत्रों में नलकूपों के आधुनीकिकरण के लिए 7.16 करोड़ रुपए खर्च कर मरम्मत कार्यों में तेजी लाने की प्रक्रिया को लेकर भी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी किए गए निर्देश में सिंचाई व जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता व विभागाध्यक्ष को कार्यों की पूर्ति की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि परियोजना के तहत जारी की गई धनराशि का इस्तेमाल किसी अन्य मद में न हो। वह यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सभी नलकूपों का निर्माण व मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण और स्थापित मानकों के अनुरूप ही हो। साथ ही वह इस बात को भी सुनिश्चित करेंगे कि निर्धारित कार्यों की पूर्ति के लिए खर्च की जाने वाली धनराशि उत्तर प्रदेश शासन की रूल बुक के अनुसार ही हो। प्रदेश में दक्षिण परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तमाम जिलों में 100 से अधिक राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली के आधुनीकिकरण व जर्जर विद्युत उपकरणों की प्रतिस्थापना के मद में सिंचाई व जल संसाधन विभाग बड़ा कदम उठाने जा रही है। परियोजना के लिए 2.99 करोड़ रुपए की धनराशि प्राविधानित है जिसमें से पहली किस्त के तौर पर 1.49 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। इससे परियोजना के तहत लंबित कार्यों की पूर्ति में मदद मिलेगी। इसी प्रकार, बांदा में 137, सुल्तानपुर सदर क्षेत्र में 50, जौनपुर के शाहगंज विधानसभा क्षेत्र में 22, मेरठ के नलकूप खंड पूर्व के अंतर्गत 80 राजकीय नलकूप व 14 पंप सेटों की प्रतिस्थापना व भदोही में 69 अदद राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण एक करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी है।

लखनऊ में डेंगू के 28 नये केस मिले, 10 को नोटिस जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ जनपद में डेंगू के रोगियों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को राजधानी में डेंगू के 29 केस सामने आये हैं। इनमें अलीगंज में 3, चन्दरनगर में 4, गोसाईगंज में 1, इंदिरानगर में 5, चिनहट में 4, एनके रोड इलाके में 4, सिल्वर जुबिली में 4, रेडक्रास में 3 डेंगू रोगी शामिल है। आज लगभग 1213 घरों एवं आस.पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 10 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। इसके अतिरिक्त नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों,भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव किया गया।

डेंगू रोग पर प्रभावी रोकथाम एवं नियन्त्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम की संयुक्त टीमों द्वारा आज जनपद के फूलबाग, सुन्नी इण्टर कालेज बिल्लौजपुरा, राजकीय उद्यान सेक्टर.जी अलीगंज, ब्राहमण टोला निकट लोहिया अस्पताल, फतेह अली चौराहा नियर परिषद आफिस आनन्द नगर, मल्लाही टोला, मंजू टण्डन नर्सिग होम, टीकापुरवा गॉव नियर सी.ब्लाक हनुमान मन्दिर, बंगला बाजार चौराहा के आस.पास लार्वा रोधी रसायन एवं फागिंग का कार्य कराया गया तथा जनसामान्य को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी।

अजय राय ने एमएस स्वामीनाथन के देहावसान पर गहरा शोक व्यक्त किया

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने भारत को खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने वाले हरित क्रांति के पितामह एमएस स्वामीनाथन के देहावसान पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अजय राय ने शोक संवेदना में कहा कि 1960 का वह भयावह दौर जब इस बात की सम्भावना व्यक्त की जा रही थी कि भारत में खाद्यान्नों की होने वाली कमी से लाखों लोगों की मौत हो सकती है। ऐसे दौर में एमएस स्वामीनाथन द्वारा हरित क्रान्ति की शुरूआत 1967 में की गई। ये इसी क्रान्ति का नतीजा था कि भारत में 70 का दशक खत्म होते-होते खाद्यानों के मामलों में आत्मनिर्भर हो गया। अपना पूरा जीवन भारतीय कृषि की उन्नति के लिए समर्पित करने वाले श्री स्वामीनाथन ने कई लाभप्रद पद छोड़े ताकि वह देश की सेवा कर सके।

डीएम ने जिला शिक्षा व अनुश्रवण समिति की ली बैठक

● डीटीएफ सदस्य समय से पूरा करें निरीक्षण, बीएसए को सौंपे रिपोर्टः जिलाधिकारी

●बीडीओ बीईओ समन्वय से अधूरे कामों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता से कराएं पूरा

लखीमपुर खीरी। शुक्रवार शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक ली, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक का संचालन बीएसए प्रवीण तिवारी ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निर्देश दिए कि डीटीएफ के सदस्य सभी संबंधित अधिकारीगण अनिवार्य रूप से विद्यालयों के निरीक्षण को पूर्ण करते हुए अपनी अद्यतन आख्या बीएसए के जरिए उन्हें भिजवाए। बीडीओ.बीईओ आपसी समन्वय से कायाकल्प के अधूरे कामों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता से पूरा कराएं।

डीएम ने परिषदीय विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में निर्माणाधीन कामो की प्रगति की समीक्षा कीए कार्यदायी संस्था को जरूरी निर्देश दिए। अधूरे निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। यदि कहीं कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो उसे सीडीओ अथवा उनके संज्ञान में लाया जाए। जिन विद्यालयों में बाउंड्री वाल, शौचालय का काम अधूरा है वहां बीईओ स्वयं अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करते हुए युद्धस्तर पर गुणवत्तायुक्त काम को पूरा कराएं।

बैठक में डीएम ने एसएमसी गठन सूचना प्रेरणा पोर्टल पर अपलोडिंग, केजीबीवी परिसर में एकेडमिक, छात्रावास निर्माण की प्रगति, डीबीटी मॉडल, स्कूल चलो अभियान, मिशन प्रेरणा, फेज.दो, निपुण भारत के प्रभावी क्रियान्वयन, ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में 19 पैरामीटर्स के संतृप्तिकरणए कक्षाओं को प्रेषित विभिन्न शैक्षिक सामग्री व शिक्षकों की दक्षता वृद्धि हेतु प्रशिक्षण, मेंटरिंग एवं प्रोग्राम प्रगति का प्रस्तुतीकरण, डीटीएफ डीटीएफ निरीक्षण, सहयोगात्मक पर्यवेक्षण, शिक्षक संकुल बैठक, दिव्यांग बच्चों की ट्रैकिंग, शैक्षणिक कार्यक्रमों की प्रगति संबंधी समर्थ प्रणाली का प्रस्तुतीकरण, मध्यान भोजन टास्क फोर्स बा विद्यालय में स्टाफ उपस्थिति प्रतिशत की बिंदुवार समीक्षा की व जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि बीईओ अपने आवंटित ब्लॉक में अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण को बढ़ाते हुए उपस्थिति को शत.प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करें। अभियान के दौरान कम अटेंडेंस वाले बच्चों के घर दस्तक देकर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। विद्यालयों के शैक्षिक व भौतिक गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। बैठक में बीएसए प्रवीण तिवारी ने बताया कि आज की बैठक में जो भी निर्देश डीएम व सीडीओ द्वारा दिए गए हैं उनका उनके स्तर से या उनकी टीम द्वारा पूर्णतया अनुपालन किया जाएगा। बैठक में डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह सभी खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

बरेली में 3 से 31 अक्टूबर तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियानः जिलाधिकारी

● सूअर बाड़ो, अन्य पशु बाड़ो के आसपास सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए किसी भी स्थान पर जलभराव न हो

संवाददाता। बरेली

जिलाधिकारी शिवकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के जनपदीय टास्क फोर्सध् अंतर विभागीय समन्वय समिति की द्वितीय बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में 3 अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 16 अक्टूबर से 31अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाएं जाने के निर्देश शासन से प्राप्त हुए हैं, जिसके दृष्टिगत सभी विभागों से माइक्रोप्लान प्राप्त हो चुके हैं लेकिन अधिशासी अधिकारी गण अपना प्लान हार्डकॉपी में उपलब्ध करा दें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मुख्य रूप से सार्वजनिक भवन, धार्मिक स्थलों व भीड़ भाड़ वाले स्थानों के आसपास नालियों की सफाई, झाड़ियां की कटाई, एंटी लार्वा का छिड़काव, फॉगिंग आदि से संबंधित क्रियाकलापों पर विशेष जोर दिए जाने के निर्देश दिए। सूअर बाड़ो, अन्य पशु बाड़ो के आसपास सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, किसी भी स्थान पर जलभराव न होने पाए, जहां पर भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो वहां एंटीलार्वा का छिड़काव समय-समय पर किया जाए। उन्होंने कहा संचारी रोग से संबंधित समस्त गतिविधियों के लिए एक ग्रुप बनाकर उसमें दिन प्रतिदिन होने वाले क्रियाकलापों की। उन्होंने कहा 2 अक्टूबर को आयुष्मान भव कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत में आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाना है, जिसमें गांव के लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी हैं, आयुष्मान सभा से संबंधित संपूर्ण तैयारी सभी संबंधित विभागों द्वारा पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को लगने वाले आयुष्मान सभा में गोल्डन कार्ड बनाने पर विशेष जोर दिया जाए, गोल्डन कार्ड बनाने में पंचायत सहायक की विशेष भूमिका होती है ऐसे में डीपीआरओ सभी पंचायत सहायकों को तेजी से गोल्डन कार्ड बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दें।

एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन

बरेली। सहायक निदेशक सेवायोजन श्री त्रिभुवन सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेन्टर, राजकीय आद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उप्र कौशल विकास मिशन बरेली एवं क्लासिक कॉलेज ऑफलॉ बदायूँ रोड, बरेली के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन क्लासिक कालेज ऑफ लॉ, बदायूँ रोड़, बरेली में दिनांक 30.09.2023 को प्रात: 10:00 बजे से किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल प्रतिष्ठित लगभग 25 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। उक्त रोजगार मेले को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक प्रशिक्षित बेरोजगारों तथा कंपनियों को उक्त रोजगार मेले में प्रतिभाग करानें के निर्देश प्रदान किए गए है। इस रोजगार मेले में जनपद के बेरोजगार युवक सेवायोजन पोर्टल पर अपने यूजर आईडी पार्सवर्ड से मेला आई0 डी0 8329 पर आनलाइन आवेदन कर एवं एनसीएस पोर्टल पर पंजीकरण कर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है तथा जिन अभ्यर्थियों द्वारा आनलाइन पंजीकरण नहीं कराया गया है उनके लिए मेले में हैल्पडेस्क की व्यवस्था की गई है वे वहॉ से ऑफलाइन फार्म प्राप्त कर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। उक्त रोजगार मेले में प्रचार-प्रसार हेतु जनपद के कालेजों, मैनेजमेंट कालेजों में कैरियर काउन्सिलिंग के द्वारा एवं पोस्टर-बैनर के माध्यम से अधिक अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। अत: जनपद, बरेली के समस्त बेरोजगार अभ्यर्थियों से अपील की जाती है कि वे उक्त बृहद रोजगार मेले को सफल बनाने तथा अवसर का लाभ उठाने के उद्देश्य से 30.09.2023 को क्लासिक कालेज आफ लॉ, बदायूँ रोड़, बरेली में आयोजित होने वाले रोजगार मेले में प्रतिभाग करें।

खीरी में 3 से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान

● डीएम बोले.लक्षण मिलने पर झोलाछाप डॉक्टर को न दिखाएंए आसपास सफाई जरूर रखें

●सामूहिक सहयोग से रोगों पर होगा नियंत्रण

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

खीरी में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक का संचालन सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने किया। अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि संचारी रोगों का प्रभावी नियंत्रण मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि वेक्टर जनित रोगोंए संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से है। विगत वर्षों की भाँति वर्ष 2023 में भी जिले में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय अपनाते हुए व्यापक अभियान सम्पादित किये जाने के निर्देश दिए।

शासन की शीर्ष प्राथमिकता के मद्देनजर अभियान में शामिल सभी विभाग 03 से 31 अक्टूबर तक संचालित होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 16 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ काम करे। डीएम ने निर्देश दिया कि अभियान के दौरान आमजन में इस बात का व्यापक स्तर पर प्रचार.प्रसार किया जाए कि संचारी रोग से पीड़ित होने पर बिल्कुल भी झोलाझाप चिकित्सकों के चक्कर में न पड़ें। बल्कि सरकारी चिकित्सालयों से सम्पर्क कर उपचार कराएं। डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रवार अवैध चिकित्सालयोंध् पैथोलॉजी पर हुई कार्यवाहियो के संबंध में संबंधित एमओआईसी से जानकारी प्राप्त कीए इस कार्यवाही को आगे भी जारी रखने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि एक हफ्ते के अंदर अवशेष अवैध चिकित्सालयों पर कड़ी कार्यवाही अमल में लाएं। डीएम ने बताया कि एलीजा टेस्ट के जरिए डेंगू की पुष्टि होती है। इस टेस्ट की सुविधा जिला चिकित्सालय में ही है। बुखार के मामले में सरकारी चिकित्सालय आकर ट्रीटमेंट शुरू कराएं। बुखार में कतई लापरवाही ना बरतेए तुरंत इलाज शुरू कराए। एक सप्ताह के उपरांत वह स्वयं एसडीएम के जरिए अवैध चिकित्सालयों की जांच कराएंगे। यदि किसी सीएससी क्षेत्र में कोई अवैध चिकित्सालय संचालित मिला तो संबंधित एमओआईसी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।

क्विक न्यूज

तहसीलस्तरीय टास्क फोर्स समीक्षा बैठक आयोजित

मोहम्मदी खीरी। उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार की अध्यक्षता में तहसीलस्तरीय टास्क फोर्स समीक्षा बैठक की गई। बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर के चर्चा की गई है जिसमें सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान, दस्तक एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान कार्यक्रमों के माइक्रोप्लान एवं संवेदीकरण पर बिंदुवार समीक्षा की गई ए सुधार हेतु सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर डॉ. मोहित सिह, पसगवां सीएससी अधीक्षक डॉ. अश्वनी कुमार वर्मा, एडीओ पंचायत/पसगवां, बीईओ मोहम्मदी/पसगवां, ईओ प्रतिनिधि पसगवां सीडीपीओ बीसीपीएम प्रेम कुमार वर्मा, सरिता गंगवार ब्लॉक यूनिसेफप्रतिनिधि आदि लोग मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता की मौत

बरेली। मोटरसाइकिल सवार भारतीय जनता पार्टी के नेता को तेजी से आ रहे किसी वाहन ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बहेड़ी के गांव लखनपुर निवासी संजय सिंह सिंघानिया बहेड़ी के ही महादेवपुर स्थित किराए के मकान में रहते थे और भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष थे वह कल शाम को मोटरसाइकिल लेकर अपने घर से किसी परिचित से मिलने के लिए निकले थे लेकिन वन विभाग चौकी और गॉडविन विद्यालय के बीच किसी अज्ञात करने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस में मृतक के घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और लाश की पहचान कर ली पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

नई ऊंचाई तय कर रहे उद्यमी

लखनऊ। इनोवेशन और सफलता की थीम के साथ बढ़ते इस सफर में हम भारत के विभिन्न क्षेत्रों से उद्यमियों की ऐसी कहानियां सामने लेकर आए हैं, जो प्रेरित और प्रोत्साहित करती हैं। अपने समर्पण और फ्लिपकार्ट के सतत समर्थन के साथ डायनामिक ई.कॉमर्स की दुनिया में बढ़ते हुए इन उद्यमियों ने नई ऊंचाई तय की है। ये कहानियां इनोवेशन द्वारा आगे बढ़ने वाले विकास का प्रतीक हैं। त्योहारी सीजन आने वाला है और ऐसे में उद्यमियों की ये कहानियां उनके उद्योगों के लिए नई राह बनाने की दिशा में ई.कॉमर्स की क्षमता को उजागर करती हैं।

तनावग्रस्त युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

बरेली। तनाव ग्रस्त चल रहे एक युवक ने घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया उसकी मौके पर ही मौत होगी पुलिस में लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।सुभाष नगर थाना क्षेत्र में खन्ना बिल्डिंग के पास रहने वाले 35 वर्षीय नरेंद्र सक्सेना की बीती रात जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि नरेंद्र लगभग 3 सालों से बीमार चल रहा था और मानसिक रूप से परेशान था तीन दिन पहले उसने घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से हालत में सुधार होने पर कल दिन में उसे घर लाया गया जहां फिर से उसने जहरीला पदार्थ खा लिया और रात में उसकी मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी मृतक दो बच्चों का पिता था।

ग्राहकों के लिए तोहफा

लखनऊ। मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट की द बिग बिलियन डेज़ सेल से पहले अपने स्मार्टफोन्स पर अब तक की सबसे कम कीमत के साथ भारी डिस्काउंट की घोषणा की है। इसके अलावा बिग बिलियन डेज़ स्पेशल स्मार्टफोन मोटोरोला एज 40 नियो भी पहली बार सीमित समय के लिए फेस्टिव स्पेशल प्राइस पर उपलब्ध है। इस स्मार्टफोन में कई खूबियां हैं।

गैंग रेप के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बरेली। एक युवती से गैंगरेप करने के बाद फरार हुए दो युवकों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा । बहेड़ी थाना क्षेत्र में रामलीला मैदान के पास रहने वाले राजाराम पुत्र लक्ष्मी शंकर गुप्ता, शिवम गुप्ता पुत्र दिलीप कुमार गुप्ता को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेजा उनके विरुद्ध पास में ही रहने वाली एक युवती ने गैंगरेप करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की थी युवती ने आरोप लगाया कि दोनों युवक उसके साथ गैंग रेप करने के बाद फरार हो गए पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी और कई दिनों के बाद आज दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

फोटोग्राफर के परिवार को जान का खतरा

बरेली। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के बंशीनगला के रहने वाले भारतीय संसद लोकसभा के फोटोग्राफर की पत्नी -बेटी -बेटे के साथ मारपीट की और जान का खतरा है इसकी शिकायत लेकर एसएसपी बरेली कार्यालय पहुचा तबतक एसएसपी कार्यालय से किसी काम से जा चुके थे। पीड़ित संजीव पुत्र स्वर्गीय हीरालाल निवासी बंशीनगला ने बताया कि 22 सितंबर को करीब 5 बजे उनके पड़ोस में रहने वाले टीका राम और उनका परिवार घर मे घुस आया और उनकी पत्नी बेटी बेटे के साथ मारपीट करने के साथ घर में रखी स्कूटी को तोड़ डाला। इतना ही नहीं दबंगों ने उनके बेटी बेटे के अपहरण की धमकी देने के साथ पुलिस से शिकायत करने पर देख लेने की धमकी दी है। वबाल होता देख अन्य पड़ोसी पहुंच गए जिसके चलते टीका राम और उसके बच्चे मौके से चले गए। पीड़ित संजीव ने बताया कि वह दिल्ली में रहकर भारतीय संसद लोकसभा की सरकार के लिए कवरेज करता है। उसे डर है उसकी गैर मौजूदगी में दबंग उसके घर मे घुस नहीं जाए और किसी बारदात को अंजाम नहीं दे डाले। इस टेंशन की वजह से वह अपनी ड्यूटी भी सही से नहीं कर पा रहा हु। संजीव एसएसपी ऑफिस पहुचा उसी समय एसएसपी किसी काम से चले गए संजीव ने सीओ को तहरीर नही दी उसने कहा जब थाना में तहरीर दी पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की।

ईद मिलादुन्नबी के मौके पर कस्बे में निकाला जुलूस

बरेली ।फतेहगंज पश्चिमी में जश्न ए ईद मिलादुन्नबी पर हर तरफ गूंजा सरकार की आमद मरहवा जानकारी के अनुसार कस्बे के पूर्व चेयरमैन शकील अहमद अंसारी और हाजी मौलाना अकील अहमद टाल वालों ने बताया कि मोहम्मद साहब के जन्मदिन जश्न ए ईद मिलादुन्नबी पर बड़े शानो शौकत के साथ कस्बे में निकाला जुलूस ए मोहम्मदी। जगह-जगह हुआ जुलूस ए मोहम्मदी का जोरदार स्वागत। घरों और मस्जिदों में रोशनी के साथ घर में बने पकवान। हाजी मौलाना अकील अहमद ने बताया। हर साल की तरह इस साल भी ईद मिलादुन्नबी के मौके पर कस्बे सभी मदरसों और मस्जिदों के अंजुमन सुबह 8 बजे पुराना कपड़ा बाजार में एकत्रित होने के बाद सभी अंजुमन कस्बे के मुख्य मार्ग पर पहुंचे। तो भारी संख्या में भीड़ दिखाई दी। अंजुमनो का जुलूस कस्बे के मुख्य मार्ग से होते हुए लोधीनगर चौराहे पर पहुंचा। उसके बाद जुलुस वापस होकर जानकी देवी इंटर कॉलेज, भोले शाह मजार पर जाकर जुलूस समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान जुलूसे मोहम्मदी झूम कर निकले नबी के दीवाने। अंजुमनी के साथ जुलूस निर्धारित रास्तों से होता हुआ दरूदो सलाम, नात शरीफ पढ़ते हुए आगे बढता रहा। जुलूस में रंग बिरंगी पोशाकों और तरह तरह की टोपी पगड़ी पहने अंजुमनो के सदस्य आकर्षण का केन्द्र रहे। सुरक्षा के मद्देनजर थाना प्रभारी ललित मोहन, क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार, चौकी प्रभारी महेंद्र प्रताप आदि पुलिस दल वल के साथ मुस्तैद रहे। इस दौरान जुलूस में जामा मस्जिद के इमाम हाजी वारिस, हाफिज जाकिर हुसैन, हाफिज जुबेर, हाफिज जकी, हाफिज ताहिर, मौलाना अख्तर,हाजी वारिस, हाफिज जाकिर हुसैन, हाफिज जुबेर, हाफिज जकी, हाफिज ताहिर, मौलाना अख्तर, हाजी अंजुम, हाजी मौलाना अकील अहमद, जुल्फिकार अहमद, मौलाना गरकजी, हाजी आफ्ताब हसन खां, एडवोकेट इफ्तिखार अहमद अंसारी, बख्तियार अंसारी, वसीम जावेद अंसारी, नवैद कादरी, कस्बे के वरिष्ठ व्यापारी मोहम्मदएडवोकेट इफ्तिखार अहमद अंसारी, बख्तियार अंसारी, वसीम जावेद अंसारी, नवैद कादरी, कस्बे के वरिष्ठ व्यापारी मोहम्मद तारिक अजीम उर्फ शानू, सपा के वरिष्ठ नेता नईम उद्दीन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम इश्तियाक खान, भाजपा अल्पसंख्यक विभाग के युवा मंडल अध्यक्ष अब्दुल वाजिद अंसारी, कपड़ा व्यापार मंडल अध्यक्ष ताहिर राजा नूरी, शरीफ अंसारी, नदीम अंसारी, सभासद जाकिर, सभासद तस्लीम उर्फ टिंकू, सभासद डॉक्टर मोईन उद्दीन, गुड्डू डिश, आदि मौजूद थे।

छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही भाजपा सरकारः इं. विनीत कुशवाहा

रायबरेली। समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर इं. विनीत कुशवाहा ने मनोनयन के पश्चात् जनपद रायबरेली में प्रथम आगमन पर पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा बछरावाँ कस्बे में जोरदार स्वागत किया गया। हरचन्दपुर, गंगागंज, त्रिपुला में भी कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह फूल-मालाओं से अभिवादन किया गया। समाजवादी पार्टी के कार्यालय सुपर मार्केट में जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में बैठक कर समाजवादी छात्र सभा संगठन के विस्तार पर वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष इं. विनीत कुशवाहा ने कहा कि रायबरेली का समाजवादी छात्र सभा का संगठन आने वाले समय में छात्रों के हितों में जोरदार संघर्ष करेगी। महविद्यालय में छात्र संघ के चुनाव समय पर हों, भाजपा सरकार की छात्र विरोधी दमनकारी नीतियों को उजागर करना छात्र सभा का उद्देश्य होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है शिक्षित बेरोजगार दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर बैठक में बोलते हुए जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में अखिलेश यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराये गये थे।

एक तारीख एक घंटा स्वच्छता के लिए कार्यक्रम का होगा भव्य आयोजन

● 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे एक साथ 1 घंटे स्वच्छता के लिए करे श्रमदानः डीएम

अभियान का अनुश्रवण, पर्यवेक्षण के लिए खीरी आएंगी नोडल अफसर

लखीमपुर खीरी। स्वच्छ शहर और गांव बनाने हेतु सार्वजनिक कार्यों को प्रेरित करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा 01 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सभी नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए 01 घंटे के श्रमदान का आहवान किया गया है, जो बापू जी के लिए उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर एक स्वच्छांजलि होगी। उक्त जानकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दी। इस स्वच्छता अभियान का मुख्य फोकस कूड़ा करकट वाले संवेदनशील क्षेत्रों और अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर वास्तविक रूप से सफाई गतिविधियों को करने पर होगाए ताकि उसके बाद गांव.शहर स्वच्छ दिखें। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 01 अक्टूबर रविवार को एक तारीख एक घण्टा स्वच्छता के लिए हर गांव, नगर निकाय आदि में भव्य आयोजन होगा। शासन से नामित जिले की नोडल अधिकारी आयुक्त, वाणिज्य कर मिनिष्ती एस. जनपद में 01ए 02 अक्टूबर को अभियान का पर्यवेक्षण व अनुश्रवण करेगी। डीएम ने कहा कि नगर विकास विभाग द्वारा जारी शासनादेश में दिए गए निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए सभी गतिविधियों को प्रशासन द्वारा पोर्टल के फोटो/वीडियो को पर अपलोड कराएं। किए जा रहे समस्त कार्यक्रमों का प्रचार.प्रसार सोशल मीडिया हेंडल के माध्यम से अन्तर्गत कराए जाए। अभियान जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए।

देखभाल की थीम पर मनाया गया विश्व हृदय दिवस

● जिला पुरुष चिकित्सालय में गोष्टी व हस्ताक्षर अभियान कर लोगों को किया गया जागरूक

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जिला पुरुष चिकित्सालय एमसीएच विंग ओयल सभागार में एक गोष्ठी व हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी ने की। इस दौरान जिला पुरुष चिकित्सालय में अप्रेंटिस कर रहे छात्र.छात्राओं और मरीज के तीमारदारों को यूज़ हार्ट नो हार्ट विषय पर जानकारी दी गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए एनसीडी एपिडेमियोलॉजी डॉ राकेश गुप्ता ने नॉन कम्युनिकेबल डिसीज (एनसीडी) के बारे में बताया। उन्होंने गैर संचारी रोग और संचारी रोगों पर सभी को जागरूक किया। उन्होंने कहा गैर संचारी रोग वह रोग हैं जो छूने, साथ खाने और एक दूसरे के संपर्क में आने से नहीं फैलते। इन्हीं में हृदय की बीमारियां भी शामिल हैं। इस दौरान जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ शिखर बाजपेई ने यूज़ हार्ट नो हार्ट थीम पर बोलते हुए कहा कि हृदय के प्रयोग के साथ हृदय की देखभाल बेहद जरूरी है। खासकर बुजुर्गों में हृदय संबंधी बीमारियां अधिक होती हैं। ऐसे में उनकी देखभाल आवश्यक है और इसके लिए एनसीडी द्वारा ही बुजुर्ग देखभाल कार्यक्रम भी संचालित है। जिससे जागरूकता के साथ बुजुर्गों का बेहतर इलाज किया जा रहा है। एनसीडी फिजिशियन डॉ शिशिर पांडे ने बताया कि वर्तमान समय में नई और युवा पीढ़ी में भी हृदय की बीमारियां दिखने लगी हैं। खासकर हृदयघाट तेजी से बढ़ा है। ऐसे में लोगों को बहुत ज्यादा जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि घबराहट होनाए या छाती सहित उसके आसपास की जगह पर दर्द होनाए पसीना आनाए घबराहट होनाए उलझन मचाना और हृदय में जलन महसूस होनाए यह सभी हृदय संबंधी बीमारियों के लक्षण हो सकते हैं। ऐसे में बिना किसी लापरवाही के चिकित्सकीय परामर्श के साथ इलाज अवश्य कराएं। मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में फिजिकल अनफिट होने के साथ ही हृदय की बीमारियों का एक प्रमुख कारण मानसिक तनाव एंजायटी भी है। मन स्वस्थ रहेगा तो तन और हृदय भी स्वस्थ रहेगा। इस दौरान सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी ने कहां कि लोगों को पानए पुड़ियाए सिगरेटए बीड़ी सहित मदिरा के सेवन से बचना चाहिए।

नियमित व्यायाम करना चाहिए। हानिकारक पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए और जंक फूड का सेवन भी हृदय की बीमारियों को बढ़ावा देता है तो ऐसे में उनसे भी परहेज करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में प्रशिक्षित चिकित्सक लगातार मरीज को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन एनसीडी काउंसलर देवनन्दन श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डॉ आरपी वर्माए मैट्रन रजनी मसीहए स्टाफनर्स एनसीडी नीरज कुमारए सरिता सहितए फिजियोथैरेपिस्ट विवेक तिवारी और मोहम्मद सईदए स्टाफनर्स मोहम्मद शकील व फार्मासिस्ट अमरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

फोटोग्राफर की पत्नी से छेड़छाड़

बरेली। लोक सभा में तैनात फोटोग्राफर के घर में घुसकर दबंगों ने उसकी पत्नी से छेड़छाड़ की और विरोध करनें पर पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट व तोड़फोड़ करते हुए जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत कर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की ।थाना सुभाषनगर के बंशीनगला निवासी संजीव पुत्र हीरा लाल ने बताया वह वर्तमान समय में भारतीय संसद लोक सभा में फोटोग्राफर के पद पर कार्यरत हैं और इस समय दिल्ली में पार्लियामेन्ट में रहकर अपनी ड्यूटी कर रहा है 22 सितंबर की शाम पड़ौसी अपने परिवार व तीन-चार अज्ञात व्यक्ति के साथ एक राय होकर उसकी गैर मौजूदगी में घर में जबरन घुस गया और उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ की व विरोध करने पर पत्नी और बेटे और बेटी के साथ मारपीट की उसकी पत्नी कीऔर बेटे और बेटी के साथ मारपीट की उसकी पत्नी की नई एक्टिवा स्कूटी को ईंट मारकर तोड़ दिया और जब मदद के लिए पत्नी व बच्चों ने चीख पुकार की तो लोगों को आता देख गन्दी गन्दी गालियां दी और साथ ही उसके बच्चों को उठा ले जाने और अपहरण करके ले जाने व जान से मारने की धमकी दी और पुलिस में शिकायत करने पर अंजाम भुगतने को कहकर फरार हो गए जब उसकी पत्नी ने उसे घटना की जानकारी दी तो वह छुट्टी लेकर दिल्ली से बरेली आया और एसएसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

एसडीओ द्वारा रिश्वत की मांग का ऑडियो वायरल, जनता में आक्रोश

- प्रेस वार्ता में भाजपा नेता बोले, बिजली विभाग में भ्रष्टाचार का होगा खुलासा
- बिजली चोरी तो कभी शंट मीटर के नाम पर अवैध उगाही का आरोप

प्रेस सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा नेता

संवाददाता। माधौगढ़, जालौन

विद्युत एसडीओ के खिलाफ लोगों का गुस्सा बाहर निकल आया है। बहुत दिन से विद्युत विभाग द्वारा लूट खसोट के मामले को नजरअंदाज किया जा रहा था लेकिन अब भ्रष्टाचार हद से ऊपर हो गया है। जिसको लेकर जनता और जनप्रतिनिधियों का मूड उखड़ चुका है। एसडीओ के खिलाफ अब आंदोलन ही नहीं बल्कि उनकी चल अचल संपत्ति की जांच भी लोकायुक्त के माध्यम से करने की बात कही गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष राघवेंद्र व्यास, भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह सेंगर और उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रिंस द्विवेदी ने संयुक्त प्रेस वार्ता करते हुए पत्रकारों को बताया कि अब उनके भ्रष्टाचार का खुलासा होकर ही शांत हुआ जाएगा।

माधौगढ़ में तैनात एसडीओ अभिषेक सोनकर द्वारा उपभोक्ताओं के पहले गलत बिल भेजे जाते हैं। उसके बाद सुधार के नाम पर उनसे पैसों की वसूली की जाती है। गरीबों को भी नहीं बक्शा जा रहा है। कभी विद्युत चोरी के नाम पर तो कभी शंट मीटर के नाम पर लोगों से अवैध उगाही की जा रही है। जिसको लेकर दो सैकड़ो लोगों ने एफिडेविट और शिकायती पत्र दिए हैं। बल्कि एई मीटर अनुपम सचान और एसडीओ माधौगढ़ अभिषेक सोनकर का एक लाख रुपया रिश्वत मांगने का ऑडियो तक साक्ष्य के तौर पर लोगों के पास है। जिसे जिलाधिकारी को दिया जाएगा। प्रेस वार्ता करने वाले जनप्रतिनिधियों ने कहा कि एसडीओ महाभ्रष्ट है, जिसकी लोकायुक्त से जांच करायी जाएगी।

गंदगी को दूर कर भारत माता की सेवा करें: धर्मवीर प्रजापति

संवाददाता। उरई, जालौन

प्रभारी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कारागार एवं होमगार्ड विभाग धर्मवीर प्रजापति ने विकास खण्ड डकोर के ग्राम कुकरगांव में गांव की समस्या-गांव में समाधान के तहत जनचौपाल कर लोगों की समस्याओं से अवगत होकर मौके पर ही निस्तारण कराया गया। जन चौपाल को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आप लोगों के लिये सेवक के रूप में कार्य कर निरन्तर जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री का सपना है कि अपना देश स्वच्छ रहे इसके लिये वह निरन्तर स्वच्छता पखवाड़ा जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री 1 अक्टूबर को श्रमदान करेंगे, आप लोगों से भी अनुरोध है कि अपने घर, मोहल्ला, गांव आदि में श्रमदान कर अपने गांव को स्वच्छ बनायें। प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास के 18 व प्रधानमंत्री शहरी आवास के 12 लाभार्थियों को चाबी वितरण की गयी। इसी प्रकार शौचालय के 5 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिये गये। उन्होंने एनआरएलएम के अंतर्गत गठित समूहों को 1 करोड़ 9 लाख 50 हजार रूपये का डैमो चेक दिया गया।

गीता जयंती के अवसर पर फर्रुखाबाद में बनेगी 151 किमी लंबी मानव श्रंखला

- गीता स्वाध्याय संकल्प ज्ञान यज्ञ संगोष्ठी का हुआ आयोजन

संवाददाता। फर्रुखाबाद

भारत विश्व गुरु बने हमारी संस्कृति विश्व व्यापी हो। हमारे युवा पीढ़ी हिंदू धर्म, हिंदू संस्कृति एवं हिंदू जीवन मूल्यों के प्रति गौरव का भाव रखें। इसी उद्देश्य से जन-जन तक गीता संदेश को ले जाने के लिए गीता जयंती मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी के दिन फर्रुखाबाद जिले में 151 किलोमीटर लंबी गीता संदेश मानव श्रृंखला की तैयारी चल रही है। इसी निमित्त गीता स्वाध्याय संकल्प ज्ञान यज्ञ संगोष्ठी का आयोजन रेडियन्टो हॉस्पिटल एवं काम्प्लेक्स मसेनी रोड बिर्रा बाग फर्रुखाबाद में हुआ।

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पालीवाल डायग्नोस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक डॉ उमेश पालीवाल, मुख्य वक्ता श्री अमरनाथ जी होंगे अध्यक्षता दुर्वासा गषि आश्रम के ब्रह्मचारी स्वामी ओंकार दास जी, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह उमेश गुप्ता व प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष अनिल सिंह रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। श्री पांडे ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। गंगा पार महात्मा गांधी इंटर कॉलेज की छात्रा अनुपम ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जिला प्रचारक प्रवीण ने विषय प्रस्तावना रखी। निशा गौतम ने श्लोक वाचन किया। श्याम सिंह ने गीता पर विचार रखें। डॉ रजनी सरीन, मिथिलेश अग्रवाल, कमल किशोर पांडे, मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यलय के कुलपति डॉ रंगनाथ मिश्र आदि ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अमरनाथ ने सभी से आवाहन किया आज हमें गीता पढ़ने के साथ-साथ उसको मानने की भी आवश्यकता है। हम सभी मिलकर गीता को जन-जन तक पहुंचाएं, ऐसा प्रण आज की इस संगोष्ठी में करें।

डीएम, एसपी और डीजे ने परखी जिला कारागार की सुरक्षा व्यवस्था

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने शुक्रवार को जिला कारागार में महिला बैरक, पाठशाला व कारागार में बने कौशल प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया।

उन्होंने जेल में निरूद्ध कैदियों से खान पान के बारे में जानकारी ली एवं प्रभारी जिला कारागार को निर्देशित किया कि मीनू के हिसाब से खाना दिया जाए। जिलाधिकारी ने पृथक वास में निरुद्ध कैदियों के खाना तलाशी भी कराई। उन्होंने अधीक्षक जिला कारागार को निर्देश दिए कि हाई सिक्योरिटी की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। लगातार सीसीटीवी कैमरे संचालित रहे यह सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रभारी जिला कारागार को निर्देश दिए की कारागार में निरुद्ध कैदियों के बीच-बीच में स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक करें एवं दवाएं भी सुनिश्चित कराएं। इसके अलावा जो बाहर से कैदी चित्रकूट कारागार में स्थानांतरित किए गए हैं उन सभी कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिला जज विकास कुमार प्रथम, सीजीएम शेषमणि, पूर्णकालिक सचिव फारूक सिद्दीकी, अधीक्षक जिला कारागार शशांक पांडेय, डिप्टी जेलर रजनीश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

गांधी जयंती पर स्वच्छांजलि अर्पित करेंगे भाजपाई: लवकुश चतुर्वेदी

चित्रकूट। सेवा पखवाड़ा के तहत दो अक्टूबर को पूरे जिले में स्वच्छता अभियान चलाकर महात्मा गांधी को भाजपा श्रद्धांजलि अर्पित करेगी। स्वच्छता अभियान की व्यापक योजना साझा करने को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने डाक बंगले में पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान की शुरुवात की थी। शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी पत्रकारों से रुबरु हुए। उन्होंने कहा कि सेवा ही संगठन भाव के साथ भाजपा कार्यकर्ता निरंतर समाज जीवन के सभी क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। दो अक्टूबर गांधी जयंती पर भाजपा ने पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाकर जयंती पर उन्हें स्वच्छांजलि अर्पित करने का संकल्प लिया है। इस निमित्त जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल को जिला संयोजक, जिलामंत्री रामबाबू गुप्ता को सहसंयोजक बनाया गया है। चतुर्वेदी ने कहा कि जिले के किसानों, नौजवानों, श्रमिकों, मातृशक्ति, शिक्षकों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, बुद्धिजीवियों, व्यापारियों सबकी सहभागिता से आत्मनिर्भर चित्रकूट बनाने को सामूहिक प्रयासों की अविरल श्रृंखला बनायेंगे।

नगर पालिका जालौन को नहीं स्वच्छता अभियान की परवाह, नहीं हुई सफ़ाई

- पितृ पक्ष में भी नहीं कराई मुरली मनोहर तालाब की सफाई
- पुरखों के पिंडदान करने पहुंचे लोग नहीं कर सके जल अर्पण

संवाददाता। जालौन, उरई

पितृ पक्ष शुरू हो चुका है। नगर के लोग ऐतिहासिक मुरली मनोहर तालाब पर पुरखों के पिंडदान और उन्हें जल अर्पण करने के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन तालाब पर गंदगी के चलते लोग परेशान हैं। लोगों ने तालाब पर नगर पालिका जालौन से सफाई कराने की मांग की है। ताज्जुब की बात तो यह है कि पालिका के जिम्मेदार अधिकारी स्वच्छता मिशन को लेकर गैर जिम्मेदाराना रवैया विशेष अवसरों पर दिखाने से नहीं चूकते हैं। पितृ पक्ष में भी ऐसा ही किया गया जिससे लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है।

नगर के मध्य में ऐतिहासिक मुरली मनोहर तालाब स्थित है। शुक्रवार से पितृ पक्ष शुरू हो चुका है। पितृपक्ष में बड़ी संख्या में लोग अपने पूर्वजों के श्राद्ध और तर्पण के लिए जाते हैं। जिसमें स्नान करने के बाद तालाब के घाट के किनारे पूर्वजों को जल अर्पण करने की परंपरा है। नगर के मध्य स्थित मुरलीमनोहर तालाब के घाटों पर अभी तक सफाई न होने से गंदगी फैली हुई है। जगह जगह फैला कूड़ा और उससे निकलने वाली बदबू लोगों के लिए परेशनी का सबब बनी हुई है।पंडित देवेंद्र, अरविंद, मनोज, नीरज, देवेश आदि ने बताया कि पितृ पक्ष में मृत आत्मा की शांति के लिए उनके निमित जल से तर्पण की व्यवस्था होती है। अंत में सिर मुड़वाकर घाट किनारे पिंडदान करने की परंपरा है। पितृ पक्ष में काफी संख्या में लोग अपने पितरों के तर्पण के लिए पहुंचते हैं। लेकिन नगर पालिका की लापरवाही के कारण अभी तक तालाब के घाटों और आसपास सफाई नहीं हो पाई है।

क्विक न्यूज

समरसता भोज के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी का सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत् आज भिटौरा गांव में भाजपा जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल सहित तमाम पार्टी कार्यकर्ताओ ने जुगराज रविदास के आवास पर समरसता भोज कार्यक्रम में सहभाग किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष श्री पाल समेत ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी, जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फरिकू लोहारी, पवन मिश्रा, स्वरूप राज सिंह जूली, विवेक श्रीवास्तव, गोविंद तिवारी, महेंद्र गुप्ता, दिनेश साहू, महेंद्र दिवाकर, भोला सिंह, सर्वेश पाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के पश्चात भिटौरा ब्लॉक परिसर में भाजपा जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल का ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी द्वारा 51 किलो की माला पहनकर स्वागत किया गया।

व्यापारी स्वाभिमान यात्रा का व्यापारियों ने किया स्वागत

फर्रुखाबाद। व्यापारी स्वाभिमान यात्रा का व्यापारियों ने किया स्वागत उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के नेतृत्व में व्यापारी स्वाभिमान यात्रा निकाली गई। इसके साथ ही यात्रा का स्वागत किया गया। गुरुवार को नगर में पंहुची व्यापारी स्वाभिमान यात्रा नगर अध्यक्ष इखलाक खान, नगर महामंत्री राकेश सक्सेना, नगर युवा अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव, नगर युवा संरक्षक राजू भारद्वाज के नेतृत्व में निकाली गयी। प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, प्रदेश महामंत्री दिलीप सेठ, सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी का व्यापारी ने तिकोना तिराहा से लालगेट जोरदार स्वागत किया।

गंगा नहाने आई किशोरी की डूबकर मौत

फर्रुखाबाद। गंगा नहाने के लिए अपनी नानी और मौसी के साथ आयी किशोरी अचानक गहरे पानी में डूब गयी। जिससे हड़कंप मच गया। पुलिस नें गोताखोरों की मदद से उसको बाहर निकलवाया। परिजन उसे लेकर लोहिया अस्पताल पंहुचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों में चीत्कार मच गयी । पुलिस के मुताबिक घर वालों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

आंगनवाड़ी केंद्रों को सीमित संसाधनों में माडल के रूप में करें स्थापित: राज्यपाल

- आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए राज्यपाल ने किया प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ एवं किटों का वितरण

संवाददाता। कानपुर देहात

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय सभागार में राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में जनपद कानपुर देहात के 100 एवं कानपुर नगर के 60 आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा संपन्न बनाने हेतु आवश्यक वस्तुओं की किट वितरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

राज्यपाल महोदया ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में सबसे अधिक जिम्मेदारियों का निर्वहन महिलाएं करती हैं, इतनी जिम्मेदारियों के होते हुए भी वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और लगन के साथ करती हैं। आंगनवाडी कार्यकत्रियों की भूमिका को इसी सन्दर्भ में देखा जाना चाहिए।

हमने पुरे देश में एक मुहिम की शुरुआत की थी कि विश्वविद्यालय एवं आंगनवाडी केन्द्रों को जोड़ा जाए, जिससे आंगनवाड़ी केंद्र अपनी भूमिकाओं को और प्रभावशाली बना सकें, मुझे खुशी है कि हम इस पहल में सफल होते दिखाई दे रहे हैं। उन्होनें कहा कि पहले हमें अज्ञानता के कारण बच्चों की विकास प्रक्रिया का ज्ञान नहीं था, किन्तु बढती तकनीकी ने हमें इस बात का ज्ञान करा दिया है कि बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास के लिए किन उपयोगी चीजों की आवश्यकता होती है।

उन्होनें अपने जर्मनी भ्रमण के दृष्टान्त के द्वारा लोगों को यह बताया कि किस प्रकार वहां पर जन्म से लेकर पालन पोषण तक बच्चों की शारीरिक एवं मानसिक क्षमताओं को परखा जाता है और उसी के अनुसार उनकी देखभाल की जाती है। उन्होनें कहा कि आंगनवाडी केन्द्रों के भवनों को बच्चों की सुविधानुसार बनाया जाना चाहिए।

राष्ट्रीय ध्वज के रंग वाले झंडे में अरबी में आयतें लिखने पर एफआईआर दर्ज

जालौन, उरई। ईद ए मिलाद के मौके पर नगर में निकाले गए जुलूस में कुछ लोगों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के रंग वाले झंडे (जिसमें अशोक चक्र नहीं बना था) पर अरबी में लिखी हुई आयतों के साथ लहराया गया। मामले में चौकी प्रभारी द्वारा कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गुरुवार को ईद ए मिलाद के मौके पर नगर में एक समुदाय विशेष द्वारा जुलूस निकाला गया था। जुलूस के दौरान कुछ युवक हाथों में राष्ट्रीय ध्वज के रंगों वाला एक तिरंगा झंडा हाथों में लिए हुए थे। हालांकि तीन रंग के इस झंडे में भारत का राष्ट्रीय चिन्ह अशोक चक्र नहीं बना था। सफेद पट्टी में लाल अक्षरों से अरबी में आयतें लिखी हुई थीं। जुलूस के दौरान इन युवकों द्वारा इस झंडे को लहराया गया। देर शाम यह मामला सुर्खियों में आ गया। कुछ धार्मिक संगठनों ने इस पर आपत्ति की। जिसके बाद जुलूस में लहराए गए उक्त झंडे को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। शुक्रवार को मामले में चौकी प्रभारी अनिल कुमार राणा ने कुछ अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया गया कि जुलूस में कुछ युवक हाथों में राष्ट्रीय ध्वज के रंग वाला झंडा जिसमें अरबी में आयतें लिखी हुई थीं, लहरा रहे थे। धार्मिक जलूस में राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से मिलता जुलता झंडा लहराना दंडनीय अपराध है।

नेत्रहीन हाफिज़ को हेडमास्टर ने पीट कर किया जख्मी, बीएसए ने प्रारंभ की जांच

मौदहा, हमीरपुर। नगर के एक मदरसा यतीमखाना में बुधवार की रात एक दबंग हेडमास्टर द्वारा नेत्रहीन हाफिज़ के साथ मारपीट का वीडियो वायरल होने के उपरांत शुक्रवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मदरसे में पहुंचकर वहां मौजूद चश्मदीदों के बयान दर्ज कर कार्यवाही की बात कही। बुधवार की देर रात नगर के मकतब रहमानिया यतीम खाने में बच्चों को कुरान हिफ्ज कराने वाले नेत्रहीन हाफिज़ के साथ रात्रि में छिमौली गांव में तैनात हेडमास्टर मुनीर उद्दीन ने जमकर मारपीट की और घसीट कर नीचे गिरा दिया जिससे वह जख्मी हो गये, इसके बाद मारपीट की घटना वहीं लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। वहीं सुबह होने के पश्चात सीसीटीवी कैमरे में कैद वीडियो आग की तरह कस्बा सहित क्षेत्र में फैल गया। कुछ लोगों ने घटना में आरोपी प्रधानाध्यापक को बचाने का प्रयास किया।

दैवीय आपदा से बचने को शासन हर गांव में पांच लोगों को करेगा प्रशिक्षित

हमीरपुर। शासन ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में दैवीय आपदाओं से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिये हरेक गांव व शहर में कम से पांच लोगों को पहली मर्तवा प्रशिक्षित करने का फैसला किया है। ताकि लोगो को अकाल मृत्यु से बचाया जा सके। जिले के दैवीय आपदा विशेषज्ञ प्रियेश रंजन मालवीय ने शुक्रवार को बताया कि प्रदेश में दैवीय आपदा जैसे आकाशीय बिजली,भारी बरसात,आग,बाढ़,सर्पदंश से लोगों की मरने की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होती जा रही है। कई बार जानकारी के अभाव में लोगो की जान चली जाती है इसलिये शासन ने खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम पांच लोगो को जागरुक करने का फैसला किया।

पेज एक का शेष

निशानेबाजी में...

पाने के कारण वह पहले से पांचवें स्थान पर खिसक गए। इससे पदक की दौड़ से बाहर होकर चौथे स्थान पर रहे। ऐश्चर्य ने 10 मीटर एयर राइफल और 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण और व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य तथा रजत पदक जीते।

पॉक्सो कानून...

तस्करी तथा बाल वेश्यावृत्ति की बुराइयों पर विचार करने के बाद, पॉक्सो कानून के तहत सहमति की मौजूदा उम्र में बदलाव करने की सलाह नहीं दी जा सकती। रिपोर्ट के अनुसार, इस सिलसिले में सभी पहलुओं और सुझावों की सावधानीपूर्वक समीक्षा करने के बाद, आयोग ने कहा कि यह इसे जरूरी मान रहा है कि उन मामलों में स्थिति में सुधार करने के लिए पॉक्सो कानून में कुछ खास संशोधन करने की जरूरत है, जहां 16 से 18 वर्ष की आयु के बीच के किशोरों के बीच मौन स्वीकृति है, लेकिन कानून के तहत सहमति की उम्र नहीं है। इसमें कहा गया है कि इस तरह के मामलों से उतनी गंभीरता से नहीं निपटे जाने की जरूरत है, जितनी की पॉक्सो कानून के तहत आने वाले मामलों में उम्मीद की जाती है। आयोग इस तरह के मामलों में सजा के विषय में निर्देशित न्यायिक विवेवाधिकार अपनाए जाने को उपयुक्त मानता है। रिपोर्ट में कहा गया है, यह सुनिश्चित करेगा कि कानून संतुलित है, इसलिए बच्चों के सर्वश्रेष्ठ हितों की हिफाजत की जा रही है। विधि आयोग ने कहा कि विषय पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की टिप्पणी भी मांगी गई थी। आयोग कहा, लेकिन, कोई जवाब नहीं मिला। रिपोर्ट में कहा गया है कि बच्चों के बीच उनके यौन गतिविधियों को व्यापक रूप से अपराध की श्रेणी में लाने का मकसद उनकी सुरक्षा करना है, लेकिन यह किशोर/किशोरियों को जेल में डालने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है, जबकि वे यौन जिज्ञासा के परिणामस्वरूप ऐसी गतिविधियों में शामिल होते हैं। इसमें कहा गया है कि वर्तमान स्थिति के साथ एक सामाजिक कीमत जुड़ी हुई है, जिसमें बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव के साथ-साथ जांच एजेंसियों और अदालतों पर बोझ भी शामिल है, जो वास्तविक और तुरंत विचार करने की आवश्यकता वाले मामलों से ध्यान भटका रहा है। विधि आयोग ने उल्लेख किया कि आपसी सहमति से किए गए इस तरह के कृत्य में शामिल होने के कारण बच्चों को पहुंचने वाला मानसिक आघात, और उत्पीड़न निश्चित रूप से चिंता के विषय हैं।

2029 में...

सुझाव यह दे सकता है कि त्रिस्तरीय चुनाव एक साल में दो चरणों में कराए जाएं। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं और दूसरे चरण में स्थानीय निकाय चुनाव कराए जा सकते हैं। सूत्रों ने इसे देश की विभिन्न जलवायु परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एक व्यावहारिक दृष्टिकोण के रूप में गिना है। अगस्त 2018 में, पिछले विधि आयोग ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के मोदी सरकार के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा था कि यह देश को लगातार चुनाव मोड में रहने से रोकेगा, लेकिन उसने अंतिम निर्णय पर पहुंचने से पहले इस मुद्दे पर आगे सार्वजनिक चर्चा की मांग की थी। पैनल ने अपनी मसौदा रिपोर्ट में यह भी कहा था कि यह अभ्यास वर्तमान संवैधानिक ढांचे में नहीं किया जा सकता है, और चुनावों के दो सेटों को एक साथ कराने के लिए आवश्यक बदलावों का सुझाव दिया है। अप्रैल 2018 में, कानून मंत्रालय ने विधि आयोग से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे की जांच करने को कहा था।

पाकिस्तान: दो...

दिया है उन्हें मुस्लिम नहीं कहा जा सकता। डोमकी ने इस घटना को लेकर सूबे में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। इस हमले के कुछ घंटे बाद खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक मस्जिद में आत्मघाती बम धमाके में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक यह विस्फोट हांगू जिले के दोआबा पुलिस थाने के नजदीक मस्जिद के पास हुआ। पुलिस के अनुसार पांच आतंकवादी दोआबा पुलिस थाने में घुस गए थे, लेकिन कानून प्रवर्तन बलों ने तुरंत उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी में जहां एक आतंकवादी मारा गया, वहीं दूसरे ने मस्जिद की इमारत के पास खुद को बम से उड़ा लिया, जिससे उसकी छत ढह गई। पुलिस ने बताया कि तीन आतंकवादी घटनास्थल से भाग गए। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के समय मस्जिद में 30 से 40 नमाजी मौजूद थे। विस्फोट में चार लोग मारे गए और 12 अन्य घायल हो गए। पुलिस उपायुक्त फजले अकबर और आईजीपी अख्तर हयात गंडापुर दोनों ने अलग-अलग बयानों में इसकी पुष्टि की है। अंतरिम गृह मंत्री सरफराज अहमद बुगती ने भी घटना की कड़ी निंदा की है। बुगती ने कहा कि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान के दौरान सभी संसाधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घायलों के उपचार में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और आतंकवादी किसी भी तरह से रहम के हकदार नहीं हैं। इस बीच, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन पर इस तरह का घृणित कृत्य निंदनीय है। उन्होंने हमले की निंदा की और मृतकों के परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। बलूचिस्तान में हमले के बाद पंजाब सूबे की पुलिस ने कहा कि उसके मेहनती अधिकारी पूरे प्रांत में जुम्मे की नमाज पर मस्जिदों की सुरक्षा का अपना कर्तव्य निर्वहन कर रहे हैं। कराची पुलिस ने कहा कि अतिरिक्त महानिरीक्षक खादिम हुसैन रिंद ने मस्तुंग की घटना के मद्देनजर पुलिस को पूरी तरह से सतर्क रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने पुलिस को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी जुलूस और शुक्रवार की नमाज के संबंध में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के साथ ही किसी भी असामान्य गतिविधि पर नजर रखने का निर्देश दिया है। जियो न्यूज ने बताया कि मस्तुंग में गत 15 दिन में यह दूसरा बड़ा धमाका है। इसी महीने की शुरुआत में मस्तुंग में ही हुए धमाके में 11 लोग मारे गए थे। मस्तुंग पिछले कई वर्षों से आतंकवादी हमलों का निशाना रहा है। जिले में जुलाई 2018 में हुए एक बड़े हमले में कम से कम 128 लोगों की मौत हो गई थी। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने संघीय सरकार के साथ संघर्षविराम खत्म कर दिया है और अपने आतंकवादियों को देशभर में हमले करने के आदेश दिए हैं।

सील हुआ...

बैरिकेड लगा दिए थे। सुबह 5 बजे से, कई बसों में भरकर पहुंची पुलिस ने क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया और क्लब के परिसर में किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं दी। सुबह करीब छह बजे घटना से अनजान सैकड़ों सदस्य मुख्य द्वार पर इंतजार करते रहे, लेकिन उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया। केवल क्लब के पदाधिकारियों को ही अनुमति थी लेकिन उन्हें ज्यादा देर ठहरने नहीं दिया गया। बाहर तैनात पुलिस कर्मियों ने ज्यादा कुछ नहीं बताया लेकिन कहा कि अंदर ताला लग रहा है। लीज समाप्त हो गई है शायद। क्लब के एक वरिष्ठ सदस्य ने पायनियर से कहा कि हमें डीसीपी (पुलिस उपायुक्त) कार्यालय से जानकारी मिली है कि क्लब को सील करने के लिए डीडीए ने उनसे पुलिस बल मांगा है।' प्राधिकरण ने लीज का नवीनीकरण नहीं किया है। लीज खत्म होने के बाद से मामला कोर्ट में था। उच्च न्यायालय ने इस साल डीडीए को कोई भी कठोर कदम नहीं उठाने को कहा था और आदेश पर रोक लगा दी थी। हमने उच्च न्यायालय के सुझाव के अनुसार निचली अदालत का दरवाजा खटखटाया। लेकिन निचली अदालत ने 27 सितंबर यानी बुधवार को हमारी अर्जी खारिज कर दी। रोशनआरा क्लब के महासचिव राजन मनचंदा ने कहा कि हमारे पास दो पट्टे थे, एक 1922 का और दूसरा 1928 का, हर 30 साल में उनका नवीनीकरण होता था। हमारा पहला पट्टा 2012 में समाप्त हो गया, जिसके बाद आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) के साथ हमारा उचित संवाद हुआ, जिसमें हमने मंत्रालय से इसकी समय अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया। इसके बाद, हमें छह महीने का विस्तार मिला। एक और पट्टा 2018 में समाप्त हो गया, जिसके बाद एमओएचयूए ने हमें एक पत्र भेजा जिसमें उल्लेख किया गया था कि सरकार एक नीति बनाएगी ताकि हमारे साथ तदनुसार व्यवहार किया जाएगा, हमने एलजी से संपर्क किया लेकिन वह तुरंत हमारी मदद नहीं कर सके। रोशनआरा क्रिकेट क्लब के चेयरमैन अमित कुमार के मुताबिक, विराट कोहली, वीरेंद्र सहवाग, इशांत शर्मा, कपिल देव जैसे दिग्गज भी क्लब के मानद सदस्य हैं। वर्षों तक, क्लब दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ऑफ सीजन और चयन शिविरों का भी आयोजन करता रहा है। रोशनारा क्लब, जिसका नाम मुगल सम्राट शाहजहाँ की बेटी रोशनआरा बेगम के नाम पर रखा गया है। यह क्लब देश के सबसे पुराने क्लबों में से एक माना जाता है। राय बहादुर अंबा प्रसाद, सरदार साहेब सोभा सिंह (प्रख्यात लेखक खुशवंत सिंह के पिता), राय बहादुर सुल्तान सिंह (जिनका कश्मीरी गेट स्थित आवास सुल्तान सिंह बिल्डिंग के नाम से जाना जाता था, कांग्रेस कार्य समिति की बैठकों का स्थान था), रेमंड ग्रांट गोवन, दिल्ली फ्लोर मिल्स के तत्कालीन मालिक तथा लाला राम किशोर क्लब के संस्थापक सदस्यों में से थे। दिल्ली क्रिकेट में एक ऐसा दौर था जब एसोसिएशन ने जीवंत सतह के कारण रोशनआरा में रणजी ट्रॉफी के अपने अवश्य जीतने वाले मुकाबलों की मेजबानी की थी और यहां तक? कि खेल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को भी यहां संघर्ष करना पड़ा था। 22 एकड़ में फैला, यह भारत के प्रमुख क्लबों में से एक है और वास्तव में, रोशनारा में क्रिकेट वर्तमान सदस्यों की अपेक्षाओं को पूरा करने और उनसे आगे निकलने के लिए समय के साथ विकसित होते हुए अपने समृद्ध ऐतिहासिक अतीत को संरक्षित करने के क्लब के प्रयास का प्रतीक है। इसके अलावा, क्रिकेट मैदान पर नव स्थापित फ्लड लाइटें प्रगति और बदलाव का संकेत हैं। इस सुविधा ने वर्षों तक पुरानी दुनिया के आकर्षण को बरकरार रखा और इसमें टेनिस, स्क्वैश, टेबल टेनिस और तैराकी जैसे कई अन्य खेलों के लिए बुनियादी ढांचा भी था। भारत और दिल्ली के पूर्व क्रिकेटरों को सर्द सुबह में परिसर में गर्म चाय का आनंद लेते और फिर क्रिकेट खेलते हुए देखना एक आम दृश्य है।

दुनिया को किसी तरह के पुनः वैश्वीकरण की सख्त जरूरत है : एस. जयशंकर

● भारत गैर पश्चिमी देश है लेकिन पश्चिम का विरोधी नहीं

भाषा। वाशिंगटन

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया को किसी तरह के पुनः वैश्वीकरण की सख्त जरूरत है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि भारत गैर पश्चिमी देश है लेकिन पश्चिम का विरोधी नहीं है। जयशंकर वाशिंगटन डीसी में थिंक टैंक हडसन इंस्टीट्यूट द्वारा नई प्रशांत व्यवस्था में भारत की भूमिका विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, यदि आप इसे एक साथ रखें तो मैं आपको सुझाव दूंगा कि दुनिया को किसी प्रकार के पुनः वैश्वीकरण की सख्त जरूरत है। मंत्री ने कहा कि वैश्वीकरण अपने आप में निर्विवाद है क्योंकि इसने बहुत गहरी जड़ें जमा ली हैं। उन्होंने कहा, इसके जबरदस्त फायदे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन वैश्वीकरण का यह विशेष मॉडल पिछले 25 वर्षों में विकसित हुआ है। जाहिर है, इसमें बहुत सारे जोखिम निहित हैं और आज उन जोखिमों को कैसे दूर किया जाए और एक सुरक्षित दुनिया कैसे बनाई जाए, यह चुनौती का हिस्सा है। हिंद-प्रशांत पर जयशंकर ने कहा कि यह एक अवधारणा है जिसने आधार कायम कर लिया है। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर और प्रशांत क्षेत्र का एक तरह से अलगाव वास्तव में कुछ ऐसा है जो वास्तव में द्वितीय विश्व युद्ध का परिणाम था। उन्होंने कहा कि इसमें हिंद महासागर, प्रशांत महासागर से पहले एक वैश्विक रणनीति और वैश्विक समझ पर ध्यान दिया गया, लेकिन भारत पर जोर देते हुए इसे कहीं अधिक एकीकृत तरीके से सामने रखा गया।

अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन से कनाडा मुद्दे पर चर्चा हुई

वाशिंगटन। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि एक दिन पहले अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ उनकी बैठक के दौरान एक खालिस्तानी अलगाववादी की मौत के संबंध में कनाडाई आरोपों पर चर्चा की गई थी। उन्होंने कहा कि बैठक के बाद दोनों प्रतिनिधिमंडलों ने बेहतर जानकारी साझा की। जयशंकर से थिंक-टैंक हडसन इंस्टीट्यूट में पूछा गया था कि क्या विदेश विभाग के फॉगी बॉटम मुख्यालय में ब्लिंकन के साथ उनकी बैठक के दौरान कनाडाई आरोपों का मुद्दा उठा था। इसके जवाब में उन्होंने कहा, हां, मैंने ऐसा किया था। जयशंकर ने कहा कि अमेरिकी पक्ष ने इस पूरी स्थिति पर अपना आकलन साझा किया और उन्होंने अमेरिकियों को भारत की चिंताओं का सारांश समझाया।

द.सूडान के नेता ने पुतिन के साथ ऊर्जा, व्यापार में घनिष्ठ संबंधों पर चर्चा की

भाषा। जुबा (दक्षिण सूडान)

दक्षिण सूडान के राष्ट्रपति साल्वा कीर ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक मे ऊर्जा, व्यापार और अन्य क्षेत्रों (विशेष रूप से तेल) में दोनों देशों के संबंधों को विस्तार देने पर सहमति व्यक्त की है। कीर और पुतिन ने बृहस्पतिवार को मॉस्को में मुलाकात की और दक्षिण सूडान में राजनीतिक और सुरक्षा मामलों पर भी चर्चा की। दक्षिण सूडान दिसंबर 2024 में अपने पहले राष्ट्रपति चुनाव की तैयारी कर रहा है। सूडान से 2011 में आजादी के बाद कीर देश का नेतृत्व कर रहे हैं। क्रेमलिन द्वारा ऑनलाइन साझा किए गए दोनों नेताओं के सार्वजनिक बयान के एक वीडियो के अनुसार पुतिन ने कहा कि रूसी कंपनियों की भागीदारी से दक्षिण सूडान में तेल रिफाइनरियों के विकास से संबंध मजबूत होंगे। पुतिन ने कहा, "यह केवल शुरुआत है। हमारे पास ऊर्जा समेत विभिन्न क्षेत्रों में कई अच्छे अवसर हैं। वर्तमान में, रूस का सफीनाट समूह दक्षिण सूडान के यूनिटी राज्य में एक तेल रिफाइनरी पर काम कर रहा है। रूस ने दक्षिण सुडान के राष्ट्रपति कीर को उस वक्त निमंत्रण भेजा, जब वैश्विक शक्तियां यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के संबंध में समर्थन के लिए अफ्रीकी देशों की ओर बढ़ रही हैं।

रूस ने तालिबान की मेज़बानी की

इस्लामाबाद। रूस ने क्षेत्रीय खतरों पर बातचीत करने के लिए तालिबान के प्रतिनिधियों की अपने देश में मेज़बानी करते हुए कहा कि मॉस्को अफ़ग़ानिस्तान की खुद और संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी के जरिए मदद करता रहेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी शुक्रवार को दी। यह वार्ता रूसी शहर कज़ान में हो रही है और ऐसे वक्त हो रही है जब रूस यूक्रेन में जंग के बीच मध्य एशिया पर अपना प्रभाव बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने खबर दी है कि क्षेत्रीय खतरे और समावेशी सरकार के निर्माण पर चर्चा केंद्रित रही।

क्विक न्यूज

फिलीपीन झगड़ा नहीं चाहता लेकिन चीन से अपने जलक्षेत्र की रक्षा करेगा : राष्ट्रपति मार्कोस

मनीला। दक्षिण चीन सागर में विवादित स्थल पर चीन द्वारा लगाए गए अवरोधकों को फिलीपीन के तटरक्षकों द्वारा हटाए जाने के बाद देश के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश, चीन से झगड़ा नहीं चाहता, लेकिन वह मजबूती से अपने जलक्षेत्र की रक्षा करेगे। यह पहली बार है जब फिलीपीन के राष्ट्रपति ने सार्वजनिक रूप से चीन के खिलाफ आवाज उठाई है। चीन ने स्कारबोरो शोल (रेतीले और चट्टानों से घिरे समुद्री क्षेत्र, जहां प्रचुर मात्रा में मछलियां पाई जाती है) के शुरुआती भाग में 300 मीटर (980 फुट) लंबा अवरोधक लगाया था, जिसे मार्कोस के आदेश के बाद हटा दिया गया। दक्षिणी सुरीगाओ डेन नोर्ते प्रांत में संवाददाता द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में मार्कोस ने कहा, हम झगड़ा नहीं चाहते लेकिन हम फिलीपीन के जलक्षेत्र और हमारे मछुआरों के अधिकारों की रक्षा करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि ए मछुआरे सौ से ज्यादा वर्षों से इन इलाकों में मछली पकड़ रहे है।

नागोर्नो-काराबाख की आबादी ने पलायन किया

एरेवान (आर्मीनिया)। नागोर्नो-काराबाख की 70 प्रतिशत से अधिक मूल आबादी आर्मीनिया पलायन कर गई है। शुक्रवार सुबह तक 84,770 लोग नागोर्नो-काराबाख छोड़ चुके थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस बीच, क्षेत्र की अलगाववादी सरकार ने कहा है कि वह खुद को भंग कर देगी और साल के अंत तक अजरबैजान में गैर मान्यताप्राप्त गणतंत्र का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। आर्मीनिया के अधिकारियों के अनुसार जातीय आर्मीनियाई लोगों का क्षेत्र से रविवार से बड़े पैमाने पर पलायन शुरू हुआ, जो अभी जारी है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह तक 84,770 लोग नागोर्नो-काराबाख छोड़ चुके थे। पलायन शुरू होने से पहले इस क्षेत्र की आबादी लगभग 1,20,000 थी। हाल में अजरबैजान ने अपने से अलग हुए क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करने के लिए आक्रमक कार्वाई की थी और नागोर्नो-काराबाख में आर्मीनियाई सैनिकों से अपने हथियार डालने तथा अलगाववादी सरकार से खुद को भंग करने के लिए कहा था।

नवाज शरीफ 21 अक्टूबर को स्वदेश लौटने पर रैली को संबोधित करेंगे

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ 21 अक्टूबर को स्व-निर्वासन से लंदन से लौटने पर लाहौर के मीनार-ए-पाकिस्तान में एक रैली को संबोधित करने के एक दिन बाद अदालत में पेश होंगे। मीडिया में शुक्रवार को आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रमुख शरीफ (73) मीनार-ए-पाकिस्तान में एक रैली को संबोधित करने के बाद अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। पाकिस्तान ऑब्जर्वर अखबार ने पीएमएल-एन के पंजाब प्रमुख राना सनाउल्ला को उद्धृत करते हुए कहा, रैली में शामिल होने और पार्टी के चुनाव घोषणापत्र को जारी करने के बाद, इसके अगले दिन नवाज शरीफ अदालत में पेश होंगे। सनाउल्ला की इस घोषणा से एक दिन पहले, पाकिस्तान की भ्रष्टाचार रोधी संस्था ने कहा था कि वह नवाज शरीफ की अगले महीने प्रस्तावित स्वदेश वापसी से पहले उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के कम से कम चार मामलों को फिर से खोल रही है।

लंदन भारतीय फिल्म महोत्सव-2023 का ब्रिटेन के कई शहरों में होगा आयोजन

लंदन। लंदन भारतीय फिल्म महोत्सव (एलआईएफएफ)-2023 की शुरूआत जासूसी रोमांच पर आधारित भारतीय फिल्म बर्लिन के प्रदर्शन से होगी। फिल्म महोत्सव के आयोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दक्षिण एशिया की फिल्मों के प्रदर्शन वाले इस महोत्सव के तहत इस बार ब्रिटेन के मैनचेस्टर, बर्मिंघम, ब्रैडफोर्ड औ लीड्स जैसे शहरों में फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। लंदन में 25 अक्टूबर को इस महोत्सव की शुरूआत होने के बाद बर्लिन का प्रदर्शन बर्मिंघम जैसे शहर में भी किया जाएगा। एलआईएफएफ के तहत ब्रैडफोर्ड में अनुराग कश्यप की थ्रिलर कैनेडी का प्रदर्शन होगा। एलआईएफएफ में अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर और निर्देशक एस.एस. राजामौली की ईगा का भी प्रदर्शन होगा।

अमेरिका: बंदूकधारी के घुसने और झगड़ा करने के बाद हवाई सैन्य अड्डा बंद किया गया

होनोलूलू (अमेरिका)। हवाई में एक सैन्य अड्डे में एक बंदूकधारी के घुसने और सैनिकों से बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में झगड़ा होने के बाद बृहस्पतिवार को सैन्य अड्डे को बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूएस आर्मी गैरीसन हवाई के प्रवक्ता माइकल डोनेली ने बताया कि झगड़े के दौरान एक भी गोली नहीं चली। डोनेली ने कहा कि शोफील्ड बैरेक्स के लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है। पड़ोस के व्हीलर आर्मी एयरफील्ड को भी बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि झगड़ा करने वाले व्यक्ति की तलाश की जा रही है। डोनेली ने कहा, वह कथित तौर पर सैनिकों से बातचीत करने की कोशिश कर रहा था और उसी दौरान झगड़ा हुआ।

सांसद ने हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन अमेरिकियों के लिए कॉकस का गठन किया

वाशिंगटन। भारतीय अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन समुदायों के हितों की रक्षा के लिए नए कांग्रेशनल (संसदीय) कॉकस के गठन की घोषणा की है। थानेदार ने बृहस्पतिवार को कहा कि हिंदू, बौद्ध, सिख एवं जैन (एचबीएसजे) अमेरिकन कांग्रेशनल कॉकस की शुक्रवार को शुरूआत होगी और इसे दो दर्जन सांसदों ने समर्थन दिया है। कॉकस संवाद को बढ़ावा देने, समझ विकसित करने और इन समुदायों की विशिष्ट आवश्यकताओं एवं चिंताओं को लेकर जागरूकता पैदा करने के वास्ते एक मंच प्रदान करेगा। इसका उद्देश्य धार्मिक भेदभाव से निपटना है।

भारतीय-अमेरिकियों ने कनाडा में हिंदुओं पर घटती घटनाओं पर चिंता जताई

भाषा। वाशिंगटन

भारतीय-अमेरिकियों के एक समूह ने कनाडा में हिंदुओं के खिलाफ नफरत फैलाने वाले बयानों तथा प्रतिकूल माहौल की निंदा की है, साथ ही कनाडा से कहा है कि वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को आतंकवाद के लिए स्वतंत्रता न बनाएं।भारतीय अमेरिकियों ने यह बात खालिस्तानी समर्थक एक समूह की ओर से हिंदुओं को धमकाने वाला एक वीडियो सार्वजनिक किए जाने के बाद कही। इस वीडियो में कनाडा में रह रहे हिंदुओं से देश छोड़ कर जाने को कहा गया है। द हिंदू यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका में अंडरस्टैंडिंग हिंदूफोबिया की सह-संस्थापक एवं सह निदेशक इंदू विश्वनाथन ने कहा, यह चिंताजनक है कि खालिस्तानी आतंकवादी कनाडाई हिंदुओं को लगातार धमका रहे हैं। इस तरह के हिंदूफोबिया के सामने चुप्पी - या इससे भी बदतर, ऐसा स्पष्टीकरण देना कि यह राजनीतिक अभिव्यक्ति का एक स्वीकार्य रूप है, एक प्रकार से घृणा अपराधों का समर्थन करने जैसा है। फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) से जुड़े खांडेराव कांड ने एक बयान में कहा, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को आतंकवाद के लिए स्वतंत्रता नहीं बनाना चाहिए। बल्कि उन्हें कट्टरपंथ रोकना चाहिए, मादक पदार्थों के गिरोहों पर लगाम लगानी चाहिए तथा अंतरराष्ट्रीय हालातों को कूटनीतिक तरीके से संभालना चाहिए। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जून में सरे में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार के एजेंटों का हाथ होने की आशंका जताई, जिसके बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद पैदा हो गया।

भारत के साथ करीबी संबंधों को लेकर प्रतिबद्ध है कनाडा : ट्रूडो

टोरंटो। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने कहा है कि उनका देश भारत के साथ करीबी संबंध स्थापित करने को लेकर बहुत गंभीर है, क्योंकि उसकी आर्थिक ताकत बढ़ रही है और वह एक अहम भूराजनीतिक भागीदार है, लेकिन वह चाहते है कि भारत खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के संबंध में पूरी सच्चाई सामने लाने के लिए कनाडा के साथ मिलकर काम करे। ट्रूडो ने ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को हुई निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोप लगाए है, जिसके कारण भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ गया है। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और निहित स्वार्थों से प्रेरित बताकर खारिज कर दिया है। उसने इस मामले में एक भारतीय अधिकारी को कनाडा से निष्कासित किए जाने के बाद जवाबी कार्वाई करते हुए एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को भारत से निष्कासित कर दिया। द नेशनल पोस्ट समाचार पत्र के अनुसार, ट्रूडो ने कहा कि भारत के खिलाफ विश्वसनीय आरोपों के बावजूद, कनाडा उसके साथ निकट संबंध स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। ट्रूडो ने मॉन्ट्रियाल में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनका मानना है कि वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते महत्व को देखते हुए कनाडा और उसके सहयोगियों का उसके साथ रचनात्मक और गंभीर तरीके से जुड़े रहना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, भारत एक बढ़ती आर्थिक शक्ति और महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक भागीदार है।

हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले की जांच जारी: कनाडा पुलिस

वाशिंगटन। कनाडा में खालिस्तान समर्थक अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले की जांच सक्रिय रूप से जारी है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने यह जानकारी दी। प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख निज्जर की 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। भारत ने निज्जर (45) को 2020 में आतंकवादी घोषित किया था। उसकी हत्या की जांच आरसीएमपी की एकीकृत मानव हत्या जांच दल कर रहा है। आईएचआईटी के प्रवक्ता ने कहा, हम हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से संबंधित खबरों से अवगत है।

अमेरिकी संसद ने दो श्री श्री रविशंकर और आचार्य लोकेश मुनि को सराहा

वाशिंगटन। अमेरिकी संसद (कांग्रेस) ने विश्व शांति और भाईचारे की दिशा में प्रयास के लिए दो भारतीय आध्यात्मिक गुरुओं श्री श्री रविशंकर और आचार्य लोकेश मुनि की सराहना की है। भारतीय अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में कहा, अपने शांति के संदेश और शिक्षा और मानवतावाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ गुरुदेव का जीवन दूसरों की भलाई के लिए समर्पित रहा। रवि शंकर को एक वैश्विक मानवतावादी और आध्यात्मिक गुरु करार देते हुए कृष्णमूर्ति ने कहा कि 40 से अधिक सालों से उन्होंने ध्यान और योग पर आधारित अपने कार्यक्रमों के जरिए इलिनोइस समेत दुनियाभर के व्यक्तियों को आंतरिक शांति की खोज करने में मार्गदर्शन करके मदद की है। उन्होंने शांति को बढ़ावा देने, धार्मिक सदभाव और वैश्विक मूल्यों के प्रति आजीवन समर्पण के लिए आचार्य मुनि के प्रयासों की सराहना की।

भारतीय छात्रा की मौत का मजाक उड़ाने वाले सिएटल पुलिस के अधिकारी को हटाया गया

भाषा। सिएटल (अमेरिका)

अमेरिका की सिएटल पुलिस के उस अधिकारी को गश्त ड्यूटी से हटा दिया गया है, जिसने इस साल की शुरुआत में एक भारतीय छात्रा की मौत का मजाक उड़ाया था। दक्षिण एशियाई समुदाय इस अधिकारी के खिलाफ कार्वाई की मांग कर रहा था, जिसके बाद यह कदम उठाया गया। सिएटल टाइम्स की एक खबर के अनुसार सिएटल में जनवरी में पुलिस के तेज रफ्तार गश्ती वाहन की टक्कर लगने से 23-वर्षीया एक भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की मौत हो गई थी।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Dharmender Chauhan is the owner of Plot No. 20, area measuring 218.33 sq. yds., comprising Khasra No.442M, 443M, 444 & 447, situated in Old Abadi of Village Barola, Paragana & amp; Tehsil Dadri, District Gautam Budh Nagar, U.P, vide Sale Deed dt. 18.04.2022, Doc. No.2934. Also Original Sale Deed dated 20.09.2020, Doc. No.6152 executed by M/s. Shri Nath Ji Developers in favour of Mrs.Vandana Singh is missing in respect of said property. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/ mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that our client Mr. Servesh Kumar Jindal S/O Mr.Jaynti Prasad is in process to purchase the Residential House No. 72, area measuring 200 sq. yd. situated at Gandhi Nagar residential colony, Tehsil & Distt. Ghaziabad UP. (availing loan from RBL Bank Ltd.) from Rama Aggarwal who inherited the same after the death of her husband Mr. Shyam Sunder, whereas he acquired the same by virtue of Gift Deed dated 25.07.2007 (doc. No. 4678) read with mutation letter GPA Gift Deed dated 25.07.2007 in the name of Rama Aggarwal
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that our client Sh. Dharmender Singh Chauhan, Smt. Subhi Chauhan, Sh. Shivam Chauhan and Sh. Naman Chauhan are in process to avail LAP from Piramal Capital & Housing Finance Limited against their Apartment No. D-202 on 20th floor, super area measuring 1810 sq ft., covered area measuring 1448 sq. fts., built in project known as "Assotech The Nest Flexi Homes" constructed on Group Housing Plot No. 6 in the Township Known as THE NEST Crossings Republik, Dundahera Ghaziabad, U.P inherited after the death of Anita Chauhan, who purchased the same vide Sale Deed dated 28.11.2014 (doc. No. 9360) executed by M/s. Assotech Limited
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

बाइडन ने ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया

भाषा। टेम्पे (अमेरिका)

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि वह और उनके सहयोगी देश के लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रंप देश के मूल्यों को बरकरार रखने के बजाय व्यक्तिगत सत्ता में ज्यादा विश्वास रखते हैं। अपने मित्र और रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व सीनेटर दिवंगत जॉन मैक्केन की याद में आयोजित एक कार्यक्रम में बाइडन ने अपने चुनाव प्रचार अभियान की प्रमुख थीम अमेरिका को फिर से महान बनाओ पर जोर दिया। बाइडन ने कहा, हम सभी को याद रखना चाहिए कि लोकतंत्र को बंदूक के दम पर खत्म नहीं किया जाता। वह तब खत्म हो सकता है, जब लोग चुप हों, जब वे लोकतंत्र पर खतरे की निंदा न कर पाएं। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए 2024 में होने वाले चुनाव में अभी एक साल से ज्यादा का वक्त है, लेकिन बाइडन का ट्रंप पर ध्यान केंद्रित करना पूर्व राष्ट्रपति की स्थिति को दर्शाता है, जो चार मुकदमों का सामना करने के बावजूद अपनी पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में सबसे आगे हैं। बाइडन अपनी घटती लोकप्रियता और बढ़ती उम्र को लेकर मतदाताओं के बीच व्यापक चिंता के बीच राष्ट्रपति पद पर बने रहने का प्रयास कर रहे है। वह अपने भाषणों में लगातार लोकतंत्र पर खतरे का मुद्दा उठा रहे हैं।

ईरान का उपग्रह सफलतापूर्वक अंतरिक्ष की कक्षा में : अमेरिका

दुबई। अमेरिका ने दबे मन से स्वीकार कर लिया है कि ईरान के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने इस सप्ताह प्रक्षेपित एक उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर लिया है। अमेरिका ने इससे पूर्व ईरान द्वारा किए गए उपग्रह प्रक्षेपणों की यह कहते हुए आलोचना की थी कि वे तेहरान के बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम में मदद पहुंचाने वाले है।

Public Notice

This is to inform General Public Notice that Sh. Archit Bansal acquired Built up property bearing no 16-A, area measuring 100 Sq Yds, Khasra no 394, Situated in Vill Gharonda, Pratap Ganj, Gali no 10, Mayur Vihar Phase-I, Illaqa Shahdara, Delhi-110091 vide Relinquishment Deed dated 13.10.2021 registered as doc. No. 8429 executed by 1. Smt. Kusum Bansal, 2. Ms. Disha Bansal and 3. Smt. Alka Bansal.Now Sh. Archit Bansal intends to sell the Built-up property bearing no 16-A, area measuring 100 Sq Yds, Khasra no 394, Situated in Vill Gharonda, Pratap Ganj, Gali no 10, Mayur Vihar Phase-I, Illaqa Shahdara, Delhi-110091 to Mr. Deepak Soni and further Mr. Deepak Soni has agreed to create a mortgage in respect of the said Floors in favour of our client IDFC FIRST Bank Limited. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client & in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that my client Mrs. Lata Jain and Mrs. Preeti Goel Jain are in process of availing loan from RBL Bank Ltd. against their property at Ground Floor, without roof right of Property Bearing No. 1180, area measuring 243.87 Sq. Mtrs., i.e., 291.67 Sq. yds., Situated in the residential Colony Known as sector-4, urban Estate Gurugram, Tehsil & District Gurugram, Haryana having acquired the same vide Sale Deed dated 08.02.2021 (Doc No. 5693) executed by Mr. Vicky Ahuja and Mr. Rajesh Paul
And whereas they have lost the following original document pertaining to the said property, FIR has already been lodged in lieu of that on dated 19/4/2019
1.Original Sale Deed dated 01.08.2019 executed by Mrs. Motia Rani in favour of Mr. Vicky Ahuja and Mr. Rajesh Paul (Doc no. 4695)
2.Original Re-Allotment Letter dated 19.08.2019 issued by HUDA in favour of Mr. Vicky Ahuja and Mr. Rajesh Paul
3.Original Allotment For Floor Registration Letter dated 12.01.2021 issued by HUDA in favour of Mrs. Vicky Ahuja and Mr. Rajesh Paul
4.Original Re-Allotment Letter dated 22.02.2021 issued by HSVP in favour of Mrs. Lata Jain and Mrs. Preeti Goel Jain
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क, रेस कोर्स सर्किल, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई), मुम्बई-400051
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ 143 ए, द्वितीय एवं तृतीय तल, सिटी एम्पोरियम इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1, चंडीगढ़ (यूटी)-160002

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथा कि उसके अतिरिक्त, यहां नीचे वर्णित उक्त कर्जदारों की सूचना के प्रयोजनार्थ, उक्त कर्जदारों को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रवर्तित की जाने वाली प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	LUPNP00044265339/अंकुर/मेरोक्स 10 आईटी सॉल्यूशन्स प्रा. लि./बी-601, सेक्टर-62/आईटी पार्क नोएडा-1 यूपी/नोएडा-201301	हेक्सा/एक्सटीए/हेक्सा/यूपी14डीडी8826	02-08-2023 रू. 10,95,372/-	11-07-2022
2.	LAYGR00044109411/घनराज डागर/173 राम नगर कालोनी/जारोडा जगाधरी यमुनानगर/दिल्ली/दिल्ली-135001	स्कॉर्पियो/एस11/स्कॉर्पियो/एचआर02एवी1268	09-08-2023 रू. 9,97,194/-	30-06-2023
3.	LASNP00046036442/ग्रीनबुक वर्व प्राइवेट लिमिटेड/मोहित/भू तल, केएच नंबर 75/2, कापसहेड़ा/नई दिल्ली/साउथ/दिल्ली-110037	नेक्सन ईवी/एक्सजैड प्लस/नेक्सन ईवी/डीएल8जीडी3514	09-08-2023 रू. 13,87,292/-	08-06-2023
4.	LVROH00040773861/श्री श्याम हैंडलूम इंडस्ट्री/मोहित/निकट हैप्पी माडल स्कूल शॉप नंबर 1/मकान नंबर 1352/3, गली नंबर 06/राजीव नगर/गुरूग्राम-122001	10.59/10.59/10.59/एचआर63डी1322	03-07-2023 रू. 5,99,149/-	13-09-2022
5.	LATHR00038227157/सूरज जे/- / कारूमैथिल हाउस कारिक्काड वाया/कुन्नामकुलम पोर्कुलम अक्कीकावु/दिल्ली/दिल्ली_680519	सैन्ट्रो/स्पोर्ट्स/सैन्ट्रो/केएल48एम6750	05-09-2023 रू. 2,43,741/-	13-02-2023

उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान 13(2) के तहत सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें असफल रहने पर 13(2) के तहत सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के बाद वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 30-09-2023
स्थान : दिल्ली एनसीआर

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्र

उद्योग का आकार व स्तर बदलने का समय : शाह

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय उद्योग के आकार और स्तर दोनों को बदलने का समय आ गया है और समय की मांग है कि कंपनियों को बहुराष्ट्रीय बनना चाहिए। गृह मंत्री ने पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के 118वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि बड़े उद्योगों के साथ-साथ छोटे उद्योगों के नेटवर्क को मजबूत करना होगा और इसमें मार्गदर्शन तथा बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के लिए चैंबर को मजबूती से आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि चैंबर को एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा ताकि युवाओं, महिलाओं और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सरकार की नीतियों से अधिकतम लाभ मिल सके। शाह ने कहा कि अगले 25 वर्षों के अमृत काल में, यानी आजादी की 75वीं वर्षगांठ से शताब्दी वर्ष के बीच की अवधि में, देश के उद्योगों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में पीएचडीसीसीआई की निर्णायक भूमिका है। उन्होंने कहा कि इन 75 वर्षों में सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही है कि एक देश के रूप में भारत लोकतंत्र की जड़ों को गहरा करने में सफल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने दुनिया को दिखाया है कि नीति के संदर्भ में शासन एक सतत प्रक्रिया है। शाह ने कहा कि भारत वसुधैव कुटुंबकम के दृष्टिकोण के अनुसार सभी क्षेत्रों में वैश्विक समस्याओं को हल करने में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा, अब दुनिया आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, सौर गठबंधन, हरित ऊर्जा सहित सभी क्षेत्रों में भारत की ओर देख रही है और हमारी कई पहल आज दुनिया का मार्गदर्शन कर रही हैं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आने वाले 25 वर्षों के लिए विश्व अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले सभी क्षेत्रों में भारत के लिए एक मजबूत नींव रखने की दृष्टि से काम किया है। उन्होंने कहा, समय आ गया है कि भारतीय उद्योग के आकार और स्तर दोनों को बदला जाए और चैंबर ऑफ कॉमर्स को इस पहल की दिशा में सोचना चाहिए। हमारी कंपनियों को बहुराष्ट्रीय बनने की दिशा में काम

●पीएचडीसीसीआई के 118वें वार्षिक सत्र को संबोधित किया

करना होगा और अब समय की मांग है भारतीय कंपनियां बहुराष्ट्रीय बनें। शाह ने कहा कि भारत ने हरित हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, सौर ऊर्जा, रक्षा, ड्रोन, अंतरिक्ष, खनन और हरित ईंधन इथेनॉल जैसे सभी क्षेत्रों में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है, जो अगले 25 वर्षों तक विश्व अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले हैं। दालों, दूध, जूट उत्पादन और रेलवे इंजन के उत्पादन में भारत के अहम स्थान हासिल करने का हवाला देते हुए गृह मंत्री ने कहा, हमें अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा, इसके अलावा, आज हम मोबाइल हैंडसेट उत्पादन, सीमेंट, इस्पात और कपास उत्पादन में दुनिया में दूसरे स्थान पर हैं। चाय उत्पादन में भी हम दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। स्टार्टअप और मोटर वाहन में हम तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। यह दर्शाता है कि यदि हम निर्णय लेते हैं, तो हम उसे पूरा भी करते हैं। शाह ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में संघीय ढांचे में निर्णायक नीतियां, राजनीतिक स्थिरता, लोकतंत्र और टीम वर्क देखा गया है, जिसने देश को नीतिगत जड़ता से बाहर निकाला है जो 2004-14 तक मौजूद थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2004 से 2014 के कालखंड ने देश को हिलाकर रख दिया जो राजनीतिक अस्थिरता का आखिरी कालखंड भी था जबकि पिछले नौ वर्षों में काम का नतीजा देखा गया है। उन्होंने कहा, पिछले नौ वर्ष राजनीतिक स्थिरता और निर्णायक नीति निर्माण के रहे हैं...इस अवधि के दौरान हमारा सकल घरेलू उत्पाद 2030 अरब डॉलर से बढ़कर 3750 अरब डॉलर हो गया है जो लगभग दोगुना है। प्रति व्यक्ति आय 2013-14 में 68,000 रुपए थी और अब बढ़कर 1.80 लाख रुपए तक पहुंच गई है।

कश्मीर में भाजपा ने अनुशासनहीनता पर आठ नेताओं को नोटिस जारी कर माफी मांगने के लिए कहा

भाषा। जम्मू

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में अपने आठ नेताओं को अनुशासनहीनता के लिए नोटिस जारी किया और उनसे बिना शर्त माफी मांगने के लिए कहा है। भाजपा ने 11 सितंबर को जम्मू-कश्मीर इकाई के उपाध्यक्ष सोफी यूसुफ को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था, और उन्हें कुछ समय के लिए मीडिया से बातचीत करने से रोक दिया था। कश्मीर के पार्टी प्रभारी यूसुफ को उन खबरों के बीच अनुशासनात्मक नोटिस दिया गया था, जिसमें कहा गया था कि घाटी में पार्टी के अधिकतर नेताओं ने पिछले महीने सामूहिक रूप से पार्टी से इस्तीफा देने की योजना बनाई थी। शुक्रवार को,भाजपा की अनुशासनात्मक समिति ने पार्टी के आठ नेताओं - जीएम मीर (प्रवक्ता), डॉ. अली मोहम्मद मीर (राष्ट्रीय परिषद सदस्य), अल्ताफ ठाकुर (प्रवक्ता), आसिफ मसूदी, आरिफ राजा, अनवर खान, मंजूर भट और बिलाल पेर को नोटिस जारी किया। नोटिस में कहा गया है, सोफी यूसुफ के खिलाफ अनुशासनहीनता की जांच करते समय...अनुशासन समिति के संज्ञान में यह आया कि पार्टी में अनुशासन बनाए रखने के लिहाज से हानिकारक गतिविधियों में शामिल होने को लेकर आपमें से प्रत्येक के खिलाफ गंभीर आरोप है और अनुशासनहीनता के सबूत है।

पंजाब में किसान आंदोलन से रेलों की आवाजाही प्रभावित, अंबाला राजमार्ग सात घंटे तक बाधित

चंडीगढ़-फिरोजपुर-होशियारपुर। पंजाब में शुक्रवार को किसानों ने अपने आंदोलन के दूसरे दिन रेल पटरियों पर धरना दिया और चंडीगढ़-अंबाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग को सात घंटे तक अवरुद्ध किया। प्रदर्शनकारी किसान हाल ही में आई बाढ़ में फसल के नुकसान के लिए मुआवजे, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और व्यापक कर्ज माफी की मांग कर रहे हैं। तीन दिवसीय रेल रोको प्रदर्शन में शामिल किसान देवीदास पुरा में अमृतसर-दिल्ली रेलवे लाइन पर बैठ गए, जबकि होशियारपुर में आज़ाद किसान समिति दोआबा के सदस्यों ने स्थानीय रेलवे स्टेशन पर धरना दिया। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि कुछ ट्रेन रद्द की गई हैं जबकि अन्य कई रेलों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। आंदोलन के कारण कुछ ट्रेनों को गंतव्य से पहले समाप्त (शार्ट टर्मिनेट) किया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि फिरोजपुर रेल मंडल के अधीन आने वाले 91 रेलगाड़ियां रद्द कर दी गई है, 48 की यात्रा गंतव्य से पहले समाप्त कर दी गई है, जबकि 35 ट्रेन का मार्ग परिवर्तन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस आंदोलन के कारण 179 यात्री ट्रेन एवं 14 मालगाड़ी का परिचालन प्रभावित हुआ है।

क्विक न्यूज

मोदी की डिग्रीः अदालत ने केजरीवाल की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई पूरी की, आदेश सुरक्षित

अहमदाबाद। गुजरात उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री से संबंधित मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका पर बहस पूरी होने के बाद शुक्रवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव ने फैसला सुरक्षित रख लिया।इससे पहले जून में, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और उसके हालिया आदेश की समीक्षा की मांग की। उच्च न्यायालय ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस निर्देश को दरकिनार कर दिया था जिसमें उसने गुजरात विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री मोदी की कला परास्नातक (एमए) की डिग्री के बारे में उन्हें जानकारी मुहैया कराने को कहा था। न्यायमूर्ति वैष्णव ने मार्च में सीआईसी के आदेश के खिलाफ गुजरात विश्वविद्यालय की अपील स्वीकार की थी और केजरीवाल पर 25,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया था।केजरीवाल द्वारा अपनी पुनर्विचार याचिका में उठाए गए प्रमुख तर्कों में से एक यह है कि मोदी की डिग्री ऑनलाइन उपलब्ध होने के गुजरात विश्वविद्यालय के दावे के विपरीत, ऐसी कोई डिग्री विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है।

गृह मंत्रालय ने जेल अधिकारियों को कैदियों से मिलने वालों का आधार सत्यापित करने की अनुमति दी

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने देश भर के जेल अधिकारियों को जेल में बंद कैदियों से मुलाकात के लिए आने वाले सभी लोगों का स्वैच्छिक आधार पर आधार सत्यापन करने की शुक्रवार को अनुमति दे दी। मंत्रालय ने जेल में कैदियों से मुलाकात करने वालों की पृष्ठभूमि की जांच करने के लिए इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना सुशासन (सामाजिक कल्याण, नवाचार, ज्ञान) नियम, 2020 के लिए आधार सत्यापन के नियम 5 के तहत जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि जेल में कैदियों से मुलाकात करने वालों के प्रमाणन के लिए स्वैच्छिक आधार पर आधार सत्यापन हां या ना का उपयोग करके किया जा सकता है। अधिसूचना के अनुसार, यह सूचित किया जाता है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जेल विभाग को जेल में बंद कैदियों से मुलाकात करने वालों का आधार सत्यापन करने की अनुमति है। गृह मंत्रालय ने कहा कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के जेल विभाग बच्चों यानी 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों के सत्यापन के संबंध में आधार अधिनियम की धारा 3 ए और 8 के प्रावधानों का पालन करेंगे।

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती घोटाला मामले की जांच से ईडी अधिकारी को हटाने का आदेश दिया

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में कथित प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम के सहायक निदेशक मिथिलेश कुमार मिश्रा को तत्काल हटाने का शुक्रवार को आदेश दिया।अदालत ने कहा कि वह पिछली सुनवाई में इस अधिकारी की पेशी के दौरान उससे पूछे गए सवालों के जवाब से असंतुष्ट है। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने निर्देश दिया, प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक को निर्देश दिया जाता है कि मिश्रा को सौंपा गया काम तुरंत किसी अन्य सक्षम अधिकारी को दिया जाए। अदालत ने निर्देश दिया कि मिश्रा को वर्तमान मामले की जांच से मुक्त कर दिया जाए। न्यायमूर्ति सिन्हा ने आदेश दिया, ईडी निदेशक को मिश्रा को किसी अन्य मामले में शामिल करने का निर्देश दिया गया है, लेकिन उक्त अधिकारी को पश्चिम बंगाल में अब किसी भी मामले की जांच नहीं सौंपी जाएगी।

करुवन्नूर बैंक घोटालाः ईडी ने माकपा नेता एम. के. कन्नन से फिर पूछताछ की

कोच्चि। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नियंत्रण वाले करुवन्नूर सहकारी बैंक में 150 करोड़ रुपए के कथित घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को पार्टी की राज्य समिति के सदस्य एम. के. कन्नन से लगभग चार घंटे तक पूछताछ की। केरल बैंक के राज्य उपाध्यक्ष कन्नन, त्रिशूर सेवा सहकारी बैंक के अध्यक्ष भी हैं। वह सुबह यहां ईडी कार्यालय पहुंचे, लेकिन करीब चार घंटे बाद लौट गए। मीडिया के एक वर्ग ने पहले खबर दी थी कि कन्नन खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं। हालांकि, जब वह यहां ईडी के कार्यालय से बाहर आए तो उन्होंने इन खबरों का खंडन किया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा,ˆ अधिकारियों के साथ बातचीत सहज रही। फिलहाल मुझे स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं है। हो सकता है कि किसी ने मेरे परिवार को चिंता में डालने के लिए ऐसी खबर फैलाई हो।

वाचथी कांड में 200 से ज्यादा लोगों की दोषसिद्धि रकरार, बलात्कार पीड़ितों को मुआवजे का निर्देश

चेन्नई,। मद्रास उच्च न्यायालय ने वन विभाग के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की छापेमारी के दौरान महिलाओं के यौन उत्पीड़न और आदिवासियों पर अत्याचार के करीब 30 वर्ष पुराने मामले में निचली अदालत द्वारा 215 लोगों की दोषसिद्धि और सजा के आदेश को शुक्रवार को बरकरार रखा। यह मामला तमिलनाडु के धर्मपुरी जिले के वाचथी गांव में 1992 में चंदन की लकड़ी की तस्करी के खिलाफ पुलिस और वन विभाग द्वारा की गई छापेमारी से संबंधित था जिससे समूचे राज्य में बड़े पैमाने पर आक्रोश फैल गया था। मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जांच की थी। धर्मपुरी की निचली अदालत ने 2011 में 215 लोगों को दोषी ठहराया था और एक से 10 वर्ष तक की जेल की सजा सुनाई थी। संयोग से, उच्च न्यायालय का आदेश निचली अदालत के फैसले के ठीक 12 वर्ष बाद आया। निचली अदालत ने 29 सितंबर, 2011 को फैसला सुनाया था। न्यायमूर्ति पी. वेलमुरुगन ने शुक्रवार को 18 महिलाओं को तत्काल 10-10 लाख रुपए का मुआवजा देने का भी निर्देश दिया जो धर्मपुरी में हुई इस कुख्यात घटना के दौरान यौन उत्पीड़न का शिकार हुई थीं। दोषियों की कई अपीलों को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति वेलमुरुगन ने कहा, इन अपीलों में कोई दम नहीं है। इसलिए इन्हें खारिज किया जाता है।

मुंबई में खुला मालाबार नेशनल हब

मुंबई। दुनिया के छठे सबसे बड़े ज्वैलरी रीटेलर मालाबार गोल्ड एण्ड डायमण्ड्स जिसके 11 देशों में 330 से अधिक आउटलेट्स हैं ने मुंबई के अंधेरी ईस्ट में इंडिया ऑपरेशन्स के सेंट्रलाइज्ड बेस-मालाबार नेशनल हब (एम-एनएच) का लॉन्च किया है। इस आधुनिक युनिट का उद्घाटन महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फणनवीस द्वारा किया गया गया। इस मौके पर एम पी अहमद, चेयरमैन, मालाबार ग्रुप, विजय दारदा, पूर्व संसद सदस्य एवं चेयरमैन, लोकमत मीडिया ग्रुप, के पी अब्दुल सलाम, वाईस चेयरमैन, मालाबार ग्रुप, अशेर ओ, एमडी- इंडिया ऑपरेशन्स, मालाबार गोल्ड एण्ड डायमण्ड्स, ग्रुप एक्टिव डायरेक्टर एके निशाद, के पी वीरंकुट्टी, मायिनकुट्टी, अब्दुल माजिद, एकके फैजल, अब्दुल्ला वेस्ट रीजनल हैड, फहीम अहमद तथा अन्य आधिकारिक मैनेजमेन्ट टीम के सदस्य और शुभचिंतक भी मौजूद थे। 50,000 वर्गफीट में फैला एम-एनएच मालाबार गोल्ड एण्ड डायमण्ड के मल्टीपल ऑपरेशन्स जैसे रीटेल, प्रोक्योरमेन्ट, सप्लाई चेन, ई-कॉमर्स, डिजिटल गोल्ड, डिजिटल मार्केटिंग, सीआरएम, ओमनी चैनल ऑपरेशन्स, मर्चेन्डाइंग एवं बुलियन, कॉर्पोरेट गिफ्टिंग और बी2बी डिविजन, ह्युमन रिसोर्सेज एवं लीगल को एक छत के नीचे लेकर आएगा। एम-एनएच के उद्घाटन पर बात करते हुए ी एम.पी. अहमद, चेयरमैन, ने कहा, ''हम अपनी यात्रा के 30 भव्य वर्षों का जश्न मना रहे हैं, मालाबार नेशनल हब की ओपनिंग हमारे लिए गर्व का अवसर और उल्लेखनीय उपलब्धि है।

इंफाल में स्थिति शांत पर तनावपूर्ण, कर्फ्यू में ढील

भाषा। इंफाल

मणिपुर की इंफाल घाटी में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के खाली पड़े पैतृक आवास पर हमले की कोशिश समेत हिंसक झड़पों के एक दिन बाद शुक्रवार को स्थिति शांत लेकिन तनावपूर्ण रही। प्राधिकारियों ने इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट जिलों में सुबह पांच बजे से रात 11 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी ताकि लोग आवश्यक सामान तथा दवाएं आदि खरीद सकें। दिन के दौरान कोई हिंसा की सूचना नहीं मिलने पर, सरकार ने शनिवार को सुबह पांच बजे से अपराह्न दो बजे तक दोनों जिलों में कर्फ्यू हटाए जाने की घोषणा की है। प्रशासन की ओर से जारी एक आदेश में कहा गया, सुबह पांच बजे से अपराह्न दो बजे तक आम लोगों की उनके आवासों के बाहर आवाजाही पर लगी रोक हटा दी गई है। छूट में सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त किए बिना कोई सभाधरना विरोधारैली आदि शामिल नहीं होगी। बिष्णुपुर जिला प्रशासन ने एक अलग आदेश में कहा कि उसके अधिकार क्षेत्र में कर्फ्यू में छूट शनिवार को सुबह पांच बजे से शाम पांच बजे तक होगी। स्वास्थ्य, बिजली, मीडिया और नगर निगमों जैसी आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों को कर्फ्यू के दायरे से छूट दी गई है। इंफाल घाटी में भारी सुरक्षा व्यवस्था तथा कर्फ्यू के बावजूद भीड़ ने बृहस्पतिवार की रात को मुख्यमंत्री के खाली पड़े पैतृक आवास पर हमला करने की कोशिश की। सुरक्षाबलों ने आंसू गैस के कई गोले छोड़े और इस प्रयास को नाकाम कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, इंफाल के हिंगांग इलाके में मुख्यमंत्री के पैतृक आवास पर बृहस्पतिवार रात को हमले की कोशिश की गई। सुरक्षाबलों ने मुख्यमंत्री के पैतृक आवास से करीब 100-150 मीटर दूर भीड़ को रोक दिया था। मुख्यमंत्री राजधानी इंफाल के केंद्र में एक अलग आधिकारिक आवास में रहते हैं जिस पर सुरक्षाकर्मियों का कड़ा पहरा रहता है। सूत्रों ने बताया कि इंफाल में बृहस्पतिवार की रात को विभिन्न स्थानों पर सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में कई लोग घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि इंफाल ईस्ट के हट्टा मिनुथोंग में, मारे गए दो छात्रों के लिए न्याय की मांग करते हुए निकाली जा रही एक रैली में उस समय हिंसा भड़क गई जब सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया। घटना में कई लोग घायल हुए और उन्हें एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात को भीड़ ने इंफाल ईस्ट के चेकोन इलाके में एक मकान में आग लगा दी। बाद में दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि इंफाल ईस्ट जिले के वांगखेई, खुरई और कोंग्बा में प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों की आवाजाही बाधित करने के लिए टायर जलाए और लोहे की छड़ों तथा पत्थरों से सड़कें अवरुद्ध कर दीं। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, मणिपुर सरकार ने पिछले दो दिन में यहां सुरक्षा बलों के प्रदर्शनकारियों पर, मुख्य रूप से छात्रों पर कथित रूप से अत्यधिक बल प्रयोग की शिकायतों की जांच के लिए बृहस्पतिवार को एक समिति का गठन किया।

मराठा समुदाय को आरक्षण देते वक्त ओबीसी कोटा में छेड़छाड़ नहीं की जाएगी : शिंदे

भाषा। मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि मराठा समुदाय को आरक्षण देते वक्त अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण में कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री शिंदे ने दिन में सहायद्रि अतिथि गृह में ओबीसी और घुमंतू जनजातियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक के दौरान इन प्रतिनिधियों ने अपनी मांग सरकार के समक्ष रखी। शिंदे ने कहा, सरकार का रुख है कि किसी भी समुदाय के आरक्षण से छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। मराठा समुदाय को आरक्षण देने के दौरान बाकी समुदायों के आरक्षण प्रभावित नहीं होंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि सरकार घुमंतू जनजातियों के साथ मजबूती से खड़ी है। शिंदे ने कहा कि अधिकारियों को ओबीसी विद्यार्थियों के लिए 72 छात्रावास खोलने के निर्देश दिए गए हैं। फडणवीस ने कहा कि चार हजार करोड़ रुपए की योजना लागू की जा रही है। राज्य के वित्त विभाग को संभाल रहे पवार ने कहा कि घुमंतू जनजातियों के समुदाय के लिए बजट में बड़ी राशि आवंटित की जाएगी। इस बीच, बैठक में शामिल राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ के महासचिव सचिन राजुरकर ने कहा कि फडणवीस चंद्रपुर जाएंगे और रवींद्र टोंगे का 19 दिन से जारी अनशन को समाप्त कराएंगे। टोंगे राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ की छात्र इकाई के प्रमुख हैं और अपनी विभिन्न मांगों को लेकर भूख हड़ताल कर रहे हैं। उन्होंने ओबीसी आरक्षण में मराठा समुदाय को शामिल करने का भी विरोध किया है।

आगामी चुनावों में विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवारों का समर्थन करने का कई संस्थाओं ने संकल्प लिया

भाषा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में, 50 से अधिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं बने 18 छोटे दलों के नेताओं ने आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में विपक्षी गठजोड़ के उम्मीदवारों का समर्थन करने का शुक्रवार को संकल्प लिया। भारत जोड़ो अभियान (बीजेए) और कंफेडरेशन ऑफ इंडियन कम्युनिस्ट्स एंड डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट्स द्वारा आयोजित जीतेगा इंडिया : नेशनल कन्वेंशन फॉर डेमोक्रेसी, सेक्युलरिज्म एंड सोशल जस्टिस में स्वराज इंडिया के नेता योगेन्द्र यादव ने कहा कि वे उन 100 से 150 सीट पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जहां विपक्षी उम्मीदवार बहुत कम मतों के अंतर से हारे हैं, और उन्हें वोट बढ़ाने में मदद करेंगे। योगेन्द्र ने कहा कि 20 से अधिक राज्यों के प्रतिनिधि शुक्रवार को हुए सम्मेलन में शरीक हुए। उन्होंने कहा, जो चीज हमें जोड़ती है वह भारत के संविधान में विश्वास है। लोकतंत्र पर एक अभूतपूर्व हमला हुआ है, और हमने दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक लड़ाई लड़ने का फैसला किया है...अल्पकालिक लड़ाई में आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव शामिल हैं। भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय समन्वयक विजय महाजन ने कहा कि कम से कम 270 सीट भाजपा के पास हैं जहां विपक्षी वोट को एकजुट करने से विपक्षी उम्मीदवार जीत सकते हैं। योगेन्द्र ने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा की ट्रोल सेना का मुकाबला करने के लिए एक ट्रूथ आर्मी का गठन किया जाएगा। विपक्षी गठबंधन इंडिया को समर्थन देने का अभियान महाराष्ट्र के वर्धा में गांधी सेवाश्रम में शुरू किया जाएगा। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, योगेन्द्र ने इनकार करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन को समर्थन देने वाले दल और संगठन बिना किसी शर्त के ऐसा कर रहे हैं।

राजनीतिक कारणों से संवैधानिक संस्थाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रहीः धनखड़

नालंदा (बिहार)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि राजनीतिक कारणों से संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही हैं जो गंभीर चिंता का विषय है। नालंदा विश्वविद्यालय में एक खुले सत्र में विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के विरुद्ध कोई प्रतिकूल टिप्पणी भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के खिलाफ है। उन्होंने कहा, राजनीतिक बढ़त हासिल करने के लिए हमें संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों को राजनीतिक चश्मे से नहीं देखना चाहिए। यह स्वीकार्य नहीं है। संवैधानिक संस्थाएं कुछ राजनीतिक कारणों से आपत्तिजनक टिप्पणियों का सामना कर रही हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है। संवैधानिक संस्थानों की शुचिता का सम्मान किया जाना चाहिए।

टीएमसी का दावा-विशेष ट्रेन का अनुरोध अस्वीकार किया

● रेलवे ने आवेदन नहीं मिलने की बात कही

भाषा। कोलकाता

टीएमसी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि ैधनराशि रोकनै पर केंद्र के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के वास्ते महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कार्य कार्डधारकों को पश्चिम बंगाल से नई दिल्ली तक ले जाने के लिए एक विशेष ट्रेन के उसके अनुरोध को रेल अधिकारियों ने अस्वीकार कर दिया। हालांकि, रेलवे ने कहा कि उसे भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) से आवेदन मिला है, पार्टी से नहीं। पूर्वी रेलवे ने कहा कि रेलों की अनुपलब्धता के कारण अनुरोध पूरा नहीं किया जा सका।टीएमसी सूत्रों के अनुसार, लगभग 4,000 मनरेगा श्रमिकों को 30 सितंबर के लिए पार्टी द्वारा बुक की गई एक विशेष ट्रेन से नई दिल्ली रवाना होने का कार्यक्रम है। टीएमसी ने दावा किया कि विशेष ट्रेन के अनुरोध को अस्वीकार करना मनरेगा लाभार्थियों को नई दिल्ली पहुंचने से रोकने का भाजपा का एक और प्रयास है।टीएमसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा पोस्ट में कहा, हमें रोकने का एक और प्रयासउ पूर्वी रेलवे के अधिकारियों ने मनरेगा और आवास योजना के वंचित लाभार्थियों को दिल्ली ले जाने के लिए एक विशेष ट्रेन के हमारे अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। हालांकि, उनकी कुटिल रणनीति बंगाल के वाजिब बकाए को लेने की हमारी प्रतिबद्धता में बाधक नहीं बन पाएगी। न्याय के लिए हमारी लड़ाई किसी भी परिस्थिति में दिल्ली तक पहुंचेगी। जितना भी रोकने की कोशिश कर लो, हम डटे रहेंगे, झुकेंगे नहीं।

केंद्रीय मंत्री ईरानी ने इसरो की उपलब्धियों की तारीफ की

नई दिल्ली,। वैज्ञानिक निगार शाजी को उद्धृत करते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक ऐसा संगठन है जहां महिलाओं से भेदभाव नहीं होता। शाजी एक एयरोस्पेस इंजीनियर हैं जो इसरो में काम करती हैं। वह भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 की परियोजना निदेशक हैं। टाइम्स नाउ के अमेजिंग इंडियन पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए ईरानी ने कहा कि यह मंच न केवल लोगों के प्रति सभ्यतागत सहानुभूति का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि धैर्य, दृढ़ संकल्प और अनुग्रह का भी प्रतिनिधित्व करता है। समारोह में शाजी को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा, निगार जी ने जोरदार ढंग से कहा कि वह एक ऐसे संगठन का हिस्सा हैं, जिसमें कोई लैंगिक भेदभाव नहीं है, जहां क्षमता से अवसर का फैसला होता है, और यही सब नया भारत है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री ने ऐसे भारत के बारे में बात की जो बदल रहा है।

हमारे दृढ़ रूख से दुनिया ने भारत के राजनीतिक एवं सैन्य संकल्प का लिया संज्ञानः सेना प्रमुख

नई दिल्ली। सेना प्रमुख मनोज पांडे ने शुक्रवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख सीमा गतिरोध के दौरान चीनी सैन्यबलों के सामने जिस दृढ़ता के साथ भारतीय सैनिक खड़े रहे, उसके कारण दुनिया ने उभरते भारत के राजनीतिक एवं सैन्य संकल्प को देखा। यहां एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि चीन का आक्रामक रवैया अपने क्षेत्र के बाहर शक्ति प्रदर्शित करने की उसकी निरंतर प्रवृत्ति में स्पष्ट नजर आता है और यह नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए खतरा पेश करता है।

वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था कर रही हैः अभिषेक

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने विशेष ट्रेन के लिए रेलवे की ओर से इनकार करने के बाद शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी तीन अक्टूबर को दिल्ली में प्रस्तावित प्रदर्शन के लिए अपने समर्थकों को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली ले जाने की वैकल्पिक व्यवस्था करेगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर रोड़े अटकाने का आरोप लगाया।

ग्वालियर जिले में एक ही परिवार के तीन बच्चों की तालाब में डूबने से मौत

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले के करहिया गांव में शुक्रवार को सात से नौ साल की उम्र के तीन चचेरे भाइयों की एक निर्माणाधीन तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। करहिया थाना प्रभारी अजय सिकरवार ने कहा कि बच्चे नहाने के लिए तालाब में गए थे और जब उनमें से एक डूबने लगा तो बाकी दो ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन तीनों डूब गए। उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्य और ग्रामीण तालाब में पहुंचे और बच्चों को बाहर निकाला लेकिन अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान आदित्य बघेल (8), नैतिक बघेल (9) और मयंक बघेल (7) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

पुणे में 2,904 प्रतिमाआ का विसर्जन

● पालघर में जुलूस के दौरान एक व्यक्ति की मौत

भाषा। पुणे-ठाणे

महाराष्ट्र के पुणे में गणपति उत्सव के आखिरी दिन 30 घंटे से अधिक समय तक चले जुलूस में सार्वजनिक मंडलों की 2,904 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। राज्य के ठाणे जिले में 10 दिनों तक चले गणेशोत्सव के दौरान 35 हजार से ज्यादा गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया।पालघर में विसर्जन जुलूस के दौरान संजय

भारतीय निशानेबाजों की बंदूकों ने उगले सोना-चांदी

● दो स्वर्ण और तीन रजत पर लगाया निशाना

भाषा। हांगझोउ

भारत के युवा निशानेबाजों का एशियाई खेलों में सोना उगलने का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा जब दो स्वर्ण और तीन रजत का इजाफा करके उन्होंने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर दिखाया। पिछले छह दिन में भारतीय निशानेबाजों ने छह स्वर्ण और सात रजत समेत 18 पदक जीते हैं। इससे पहले एशियाई खेलों की निशानेबाजी स्पर्धा में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2006 दोहा खेलों में था जब 14 पदक जीते थे। पलक गूलिया और ईशा सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। वहीं टीम वर्ग में 18 वर्ष की ईशा (579), पलक (577) और दिव्या टीएस (575) का कुल स्कोर 1731 रहा। चीन ने 1736 अंक लेकर स्वर्ण पदक जीता जो एशियाई खेलों का रिकॉर्ड भी है। चीनी ताइपै को कांस्य पदक मिला। इसके बाद 22 वर्ष के ऐश्वर्य ने व्यक्तिगत राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में रजत पदक जीता। पलक और ईशा ने व्यक्तिगत वर्ग में एक दूसरे को कड़ी चुनौती देते हुए शीर्ष दो स्थान हासिल किए।17 वर्ष की पलक ने स्वर्ण और ईशा ने रजत पदक जीता। पाकिस्तान की तलत किश्माला को कांस्य पदक मिला। पलक का यह अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में पहला व्यक्तिगत पदक है। उसने फाइनल में 242 .। स्कोर किया जो एशियाई खेलों में रिकॉर्ड है। ईशा ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत भी जीता है। वहीं ईशा, मनु भाकर और रिदम सांगवान ने टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। पलक ने बाद में कहा, किसी से भी कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं है। मैं खुद ही अपनी सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी हूं। मैं हमेशा खुद को ही चुनौती देती हूं। हरियाणा के झज्जर की 17 वर्षीय निशानेबाज ने कहा, मेरा पहला शॉट 9.1 का था जो पूरी तरह से आउटर शॉट था। मैं इसके बाद थोड़ी नर्वस हो गई। लेकिन फिर मैंने खुद से कहा, अभी यह खत्म नहीं हुआ है। यह पहला ही शॉट है और अभी 23 और शॉट लगाने हैं। उन्होंने कहा, इसलिए जब तक आप जीत नहीं जाते, यह खत्म नहीं होता। बस एक शॉट खराब होने का असर बाकी शॉट पर नहीं पड़ने दे सकते। एक खिलाड़ी को खराब शॉट से वापसी करनी होती है। मैं सिर्फ प्रक्रिया पर ध्यान लगा रही थी, भले ही कुछ भी हो। ईशा ने कहा, शुरु में काफी अच्छा रहा, मैं फोकस बरकरार रखने में कामयाब रही। ऐसा भी समय होता है जब चीजें कारगर नहीं होती, लेकिन खुश हूं कि अंत में यह सब मेरे पक्ष में रहा। मैं थोड़ी नर्वस थी और अच्छी तरह ट्रिगर नहीं कर पा रही थी। मैंने महसूस किया कि इसके बाद मैंने ज्यादा ध्यान अपने ट्रिगर पर दिया। बुधवार को 25 मीटर पिस्टल में व्यक्तिगत रजत जीतने वाली ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल रजत जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थी। ईशा ने व्यक्तिगत फाइनल में 239 . 7 स्कोर किया। पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में भारत ने विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (591), स्वप्निल कुसाले (591) और अखिल श्योराण (587) टीम में थे जिन्होंने चीनी चुनौती से पार पाते हुए 1769 स्कोर किया। चीन 1763 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा जबकि दक्षिण कोरिया को कांस्य पदक मिला। ऐश्वर्य और स्वप्निल ने क्वालीफिकेशन में पहले और दूसरे स्थान पर रहकर व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया।

रामकुमार, माइनेनी ने रजत जीता

बोपन्ना और भोसले की जोड़ी मिश्रित स्पर्धा के फाइनल में

हांगझोउ। रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी एशियाई खेलों मे टेनिस पुरूष युगल स्पर्धा के फाइनल मे हार गए और उन्हे रजत पदक से संतोष करना पड़ा। रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले की मिश्रित युगल जोड़ी ने हालांकि फाइनल मे पहुंच कर टेनिस मे भारत के स्वर्ण पदक की आस जगाए रखी है। बोपन्ना और भोसले की जोड़ी ने चीनी ताइपै की मिश्रित युगल सेमीफाइनल मे चान हाओ-चिंग और यू-हसिउ सू को 6-1, 3-6, 10- 4 से हराया। इससे पहले पुरूष युगल मे भारतीय जोड़ी को फाइनल मे चीनी ताइपै के सू यु सियू और जैसन जुंग ने सीधे सेटो मे हराया। गैर वरीय चीनी ताइपै टीम के दोनो सदस्य सू (182) और जुंग (231) की एक्स रैंकिंग बेहतर थी जो उनके खेल मे भी नजर आया। उन्होने दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को 6-4, 6-4 से हराया। रामकुमार का एशियाई खेलो मे यह पहला और माइनेनी का तीसरा पदक है। वह 2014 इंचियोन खेलो मे सतनाम सिंह के साथ पुरूष युगल रजत और सानिया मिर्जा के साथ मिश्रित युगल स्वर्ण जीत चुके है। टेनिस मे इस बार भारत का यह पहला पदक है। जकार्ता मे 2018 मे भारत ने तीन पदक जीते थे लेकिन इस बार दो पदक के साथ ही लौटना होगा। रामकुमार ने मैच के बाद कहा , यह एशियाई खेलो मे मेरा पहला पदक है। मै भारत के लिए हमेशा से पदक जीतना चाहता था। यह मेरा लक्ष्य था और साकेत के साथ पदक जीतकर मै बहुत खुश हूं। , एशियाई खेल बड़ा टूर्नामेंट है और इसमे पदक जीतना बड़ी बात है। उम्मीद है कि अगली बार और पदक जीत सकेंगे।

19th Asian Games Hangzhou

मनिका बत्रा क्वार्टर फाइनल में, शरत और साथियान एक्स स्पर्धा में हारे

राष्ट्रमंडल खेलो की स्वर्ण पदक विजेता मनिका बत्रा ने शुक्रवार को यहां एशियाई खेलो की टेबल टेनिस स्पर्धा मे महिला एक्स क्वार्टर फाइनल मे पहुंचकर पदक की उम्मीदे बरकरार रखी लेकिन शरत कमल और जी साथियान को अंतिम-16 मे हार का सामना करना पड़ा। मनिका ने करीबी मुकाबले मे थाईलैंड की सुथासिनी सावेटाबुट को 4-2 (11-7, 6-11, 12-10, 11-13, 12-10, 11-6) से हराकर क्वार्टर फाइनल मे अपनी जगह पक्की की। मनिका 2018 राष्ट्रमंडल खेलो की स्वर्ण पदक विजेता है। उन्होने इंडोनेशिया मे हुए पिछले एशियाई खेलो मे मिश्रित युगल मे कांस्य पदक जीता था। वह क्वार्टर फाइनल मे विश्व रैंकिंग मे तीसरे स्थान पर काबिज चीन की यिदी वांग से भिडेगी। इन खेलो मे यह पदक जीतने का उनका आखिरी मौका होगा। पुरुष एक्स मे शरत ने चीन तइपै के चीह-युआन चुआंग को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हे 4-3 (11-7, 12-10, 9-11, 11-5, 10-12, 6-11, 11-8) से हार का सामना करना पड़ा। शरत ने शुरुआती दो गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्कोर को 3-3 कर दिया लेकिन निर्णायक गेम मे पिछड़ गए। इससे पहले जी साथियान को चीन के चीक्यू वांग के खिलाफ सीधे गेम मे 3-11, 3-11, 6-11, 3-11 से शिकस्त मिली।

पुरुष बैडमिंटन टीम का पदक पक्का, महिला टीम बाहर

हांगझोउ। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को यहां एशियाई खेलो के क्वार्टरफाइनल मे नेपाल को 3-0 से हराकर 37 साल बाद ऐतिहासिक पदक पक्का किया। लक्ष्य सेन सबसे पहले कोर्ट पर उतरे, उन्होने प्रिंस दहल को 21-5 21-8 से पराजित किया जिसके बाद दूसरे मैच मे किदाम्बी श्रीकांत ने सुनील जोशी को 21-4 21-13 से हराया। तीसरे मैच मे मिथुन मंजूनाथ ने बिष्णु काटुवाल पर 21-2 21-17 की जीत से मुकाबला जीत लिया। भारतीय पुरुष टीम ने कम से कम कांस्य पदक पक्का कर दिया है और अब सेमीफाइनल मे टीम का सामना इंडोनेशिया और कोरिया के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। लेकिन भारतीय महिला टीम को निराशा हाथ लगी। पी वी सिंधू की अगुवाई वाली टीम क्वार्टर फाइनल मे थाईलैंड से 0 . 3 से हारकर बाहर हो गई। थाईलैंड की चुनौती भारत के लिए कठिन ही थी चूंकि थाई टीम मे पूर्व विश्व चैम्पियन रेचानोक इंतानोन, दुनिया की 12वे नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोग और दुनिया की 17वे नंबर की खिलाड़ी सुपानिदा केटथोग शामिल है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को चोचुवोग के हाथो पहले एक्स मैच मे 21-14, 15-21, 14-21 से पराजय झेलनी पड़ी।

निकहत ने ओलंपिक कोटा और पदक पक्का किया

हांगझोउ। दो बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज निकहत जरीन ने बिना पसीना बहाए शुक्रवार को यहां एशियाई खेलो मे महिलाओ के 50 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल मे पहुंचकर पेरिस ओलंपिक कोटा और पदक पक्का किया। हांगझोउ मे निकहत की प्राथमिकता ओलंपिक कोटा हासिल करने की थी और क्वार्टरफाइनल मे जोर्डन की नासार हनान पर आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से जीत से उन्होने इसे पूरा किया। एशियाड मे अपना तीसरा मुकाबला खेल रही निकहत को जीत दर्ज करने मे तीन मिनट से भी कम समय लगा और अब सेमीफाइनल मे उनका सामना रविवार को थाईलैंड की दो बार की विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता चुथामात रक्सत से होगा। यह 27 साल की मुक्केबाज चार साल पहले तोक्यो ओलंपिक मे हिस्सा लेने के लिए निष्पक्ष ट्रायल की मांग करने के बाद से काफी अच्छा कर रही है। तेलंगाना की यह मुक्केबाज अब दो बार की विश्व चैम्पियन, राष्ट्रमंडल खेलो की चैम्पियन और एशियाड पदक विजेता है।

भारत के शतरंज टीम स्पर्धा में विजई शुरुआत की

हांगझोउ। भारत की पुरुष और महिला टीमो ने शुक्रवार को यहां एशियाई खेलो की शतरंज टीम स्पर्धा मे क्रमशः मंगोलिया और फिलीपींस पर आसान जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। भारत की दोनो टीमो ने शुरुआती दौर मे एक समान 3.5-0.5 के अंतर से जीत हासिल की। एशियाई खेलो मे टीम स्पर्धा क्लासिकल टाइम प्रारूप मे खेली जा रही है जबकि व्यक्तिगत स्पर्धाएं रैपिड प्रारूप मे आयोजित की गई। शीर्ष वरीयता प्राप्त ग्रैंड मास्टर (जीएम) अर्जुन एरिगैसी ने काले मोहरो से खेलते हुए मंगोलिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर (आईएम) अमरतुवशिन गैंजोरिग पर जीत के साथ भारत का खाता खोला। इसके बाद विदित एस गुजराती और आर प्रज्ञानानंदा भी पूरे अंक हासिल करने मे सफल रहे। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को हालांकि निचली रैंकिंग वाले जीएम बिलगुन सुमिया ने ड्रा पर रोक दिया। प्रज्ञानानंदा ने बैचुलुउन सेग्मेद को हराया जबकि गुजराती ने गन-एर्डीन शुगर को शिकस्त दी। महिलाओ के वर्ग मे आर वैशाली और बी सविता श्री ने शुरुआती दो मुकाबलो को जीतकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। आईएम वंतिका अग्रवाल को इसके बाद यान योदिलेन फ्रोनडा के खिलाफ काले मोहरो से ड्रॉ खेलना पड़ा। डी हरिका ने यानेले माए फ्राएना को हरा कर भारत को 3.5-0-5 से जीत दिला दी। वैशाली और सविता ने क्रमशः मैरी एंटोनेट सैन डिएगो और बनडिट गलास को पराजित किया।

एशियाई खेलों पदक तालिका

देश-	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल
चीन	105	63	32	200
जापान	27	35	37	99
द.कोरिया	26	28	48	102
भारत	8	12	13	33
थाईलैंड	8	3	9	20
उज्बेकिस्तान	7	10	15	32

भारतीय महिला हैंडबॉल टीम चीन से हारी

हांगझोउ। भारतीय महिला हैंडबॉल टीम ने शुक्रवार को यहां एशियाई खेलो के पूल बी मैच मे मेजबान चीन से 30-37 से हारने से पहले कड़ी चुनौती पेश की। चीन ने पहले हाफ मे 18-12 से बढ़त बनाई हुई थी और दूसरे हाफ मे 19 और अंक जुटाए जबकि भारतीय टीम 18 अंक ही बना सकी। भारतीय महिला टीम ने अपना अभियान जापान के खिलाफ हार से किया था। इसके बाद भारत ने अपने दूसरे मैच मे हांगकांग से ड्रा खेला। जापान अभी ग्रुप मे शीर्ष पर चल रहा है।

पलक मनोरंजन के लिए निशानेबाजी किया करती थी

हांगझोउ। पलक गूलिया कभी पढ़ाई की थकान को दूर करने और मनोरंजन के लिए निशानेबाजी किया करती थी लेकिन यह जल्द ही उनका शगल बन गया और फिर उन पर इस खेल मे उत्कृष्ट बनने का जुनून सवार हो गया जिसका परिणाम एशियाई खेलो मे जीता गया स्वर्ण पदक है।हरियाणा के झज्जर जिले की रहने वाली 17 वर्षीय पलक ने कोविड-19 महामारी के बाद ही इस खेल को गंभीरता से लेना शुरू किया। शुक्रवार को व्यक्तिगत वर्ग मे स्वर्ण पदक जीतने के बाद पलक ने कहा, मै तब गुड़गांव के सेंट जेवियर स्कूल मे पढ़ रही थी जब मुझे निशानेबाजी खेल के बारे मे पता चला।

मीराबाई की नजरें स्वर्ण पदक पर, स्नैच में 90 किग्रा भार उठाने का दबाव

हांगझोउ। भारत की अनुभवी भारोत्तोलक मीराबाई चानू एशियाई खेलो मे शनिवार से यहां शुरू हो रही भारोत्तोलन प्रतियोगिता मे जब चुनौती पेश करने के लिए उतरेगी तो उन पर स्नैच वर्ग मे 90 किग्रा का भार उठाने का दबाव होगा। मणिपुर की इस खिलाड़ी के लिए हालांकि इन खेलो मे पोडियम स्थान हासिल करना आसान नही होगा। भारोत्तोलन मे चीन, उत्तर कोरिया और थाईलैंड जैसे देशो का दबदबा रहा है। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता चानू 49 किग्रा भार वर्ग मे दुनिया की शीर्ष खिलाड़ियो मे शामिल रही है। वह हालांकि स्नैच वर्ग मे 90 किग्रा का भार उठाने मे संघर्ष कर रही है।

भारतीय तैराक खाली हाथ लौटेंगे

हांगझोउ। भारत के साजन प्रकाश और अद्वेत पेज शुक्रवार को यहां अपने फाइनल मे क्रमशः पांचवे और सातवे स्थान पर रहे जिससे देश का तैराकी अभियान बिना पदक के खत्म हो गया। साजन प्रकाश पुरुषो की 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा मे 1:57.44 सेकेंड से पांचवे स्थान पर रहे। पुरुषो की 200 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा के फाइनल मे अद्वेत 2:02.67 सेकेंड के समय से सातवे स्थान पर रहे। शुक्रवार को अन्य भारतीयो मे नीना वेंकटेश (महिला 50 मीटर बटरफ्लाई), वृत्ति अग्रवाल (महिला 800 मीटर), श्रीहरि नटराज (पुरुष 200 मीटर बैकस्ट्रोक), कुशाग्र रावत और आर्यन नेहरा (पुरुष 400 मीटर फ्रीस्टाइल), अनीश गौड़ा (पुरुषो की 200 मीटर बटरफ्लाई) और महिलाओ की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करने मे असफल रही।

किरण बालियान ने फेंका कांसे का गोला

भाषा। हांगझोउ

● एथलेटिक्स में पहला पदक दिलाया

किरण बालियान शुक्रवार को यहां एथलेटिक्स प्रतियोगिता के शुरुआती दिन कांस्य पदक जीतकर 72 वर्षों में एशियाई खेलों की गोला फेंक स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। किरण (24 वर्ष) ने दिन के अपने सर्वश्रेष्ठ तीसरे प्रयास में 17.36 मीटर दूर गोला फेंककर भारत का एथलेटिक्स में खाता खोला। किरण इस तरह एशियाई खेलों में महिलाओं की गोला फेंक स्पर्धा में बारबरा वेबस्टर के बाद पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय बन गईं। मुंबई की एंग्लो-इंडियन बारबरा ने 1951 में नई दिल्ली में एशियाड के पहले चरण में कांस्य पदक जीता था। किरण ने 10 सितंबर को चंडीगढ़ में इंडियन ग्रां प्री 5 में 17.92 मीटर दूर गोला फेंककर दूसरा स्थान हासिल किया था जो उनका सत्र का और व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। किरण ने कहा, मैं इतिहास नहीं जानती (1951 के बाद एशियाड में पदक जीतने वाली पहली महिला गोला फेंक एथलीट बनना)। मेरा ध्यान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर लगा था। मैं ऐसा नहीं कर सकी और मैं अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं। लेकिन मैंने पदक जीता, इससे मैं खुश हूं। इस स्पर्धा में दूसरी भारतीय मनप्रीत कौर 16.25 मीटर के थ्रो से पांचवें स्थान पर रहीं। महिलाओं की 400 मीटर रेस में हिमांशी मलिक अपनी हीट में पांचवें स्थान पर रहीं जिससे वह फाइनल्स के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकीं। उन्होंने हीट 3 में 57.82 सेकेंड का समय निकाला जो चंडीगढ़ में इंडियन ग्रां प्री 5 के 57.59 सेकेंड के समय से भी खराब था। वह घुटने पर पट्टी बांधकर दौड़ रही थी जिससे उनके चोटिल होने की बातें भी शुरु हो गईं कि उन्हें एशियाड टीम से बाहर रखा जा सकता था।

भारतीय पुरुष स्क्वाश टीम फाइनल में पहुंची, महिला टीम ने जीता कांस्य

हांगझोउ। अनुभवी सौरव घोषाल और अभय सिंह के शानदार खेल के दम पर भारतीय पुरुष स्क्वाश टीम ने एशियाई खेलो मे शुक्रवार को यहां मलेशिया पर जीत से फाइनल मे प्रवेश किया जिसमे उसका सामना पाकिस्तान से होगा। भारतीय टीम को पूल चरण मे पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था और अब फाइनल मुकाबले मे उसके पास बदला चुकता करने का मौका होगा। सौरव और अभय ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियो के खिलाफ एक समान 3-1 की जीत दर्ज की। अभय ने 57 मिनट तक चले शुरुआती मुकाबले मे मुहम्मद अदीन इद्रकी बिन बख्तियार को 11-3 12-10 9-11 11-6 से हराया जबकि सौरव ने इयान यो एनजी पर 69 मिनट मे 11-8 11-6 12-10 11-3 की जीत दर्ज कर फाइनल का टिकट पक्का किया। शुरुआती दोनो मुकाबलो को जीतने के बाद महेश मनगांवकर को खेलने की जरूरत नही पड़ी। भारतीय टीम ने इन खेलो के पिछले आयोजन मे कांस्य पदक जीता था। इससे पहले भारतीय महिला स्क्वाश टीम ने सेमीफाइनल मे हांगकांग से हारने के बाद कांस्य पदक अपने नाम किया। जोशना चिनप्पा, अनहत सिंह और तन्वी खन्ना की तिकड़ी को हांगकांग ने 1-2 से हराया। भारतीय महिला टीम ने 2018 मे रजत पदक जीता था। जोशना अकेली भारतीय थी जिसने जीत दर्ज की। उसने दुनिया की 24वे नंबर की खिलाड़ी जे लोक हो को 7-11, 117, 9-11, 11-6, 11- 8 से हराया। तन्वी को पहले मैच मे सिन युक चान ने 3-0 से मात दी। वही अनहम को ली का यि ने 11-8, 11-7, 12-10 से हराया।

भारतीय पुरुष बास्केटबॉल टीम चीन से हारी, महिला टीम ने मंगोलिया को हराया

हांगझोउ। भारतीय पुरुष टीम एशियाई खेलो मे शुक्रवार को 3र3 बास्केटबॉल के ग्रुप चरण मे चीन से 15-18 से हार गई जबकि महिला टीम ने 5र5 स्पर्धा मे मंगोलिया को पराजित किया। भारतीय पुरुष टीम पूल सी मे दूसरे स्थान पर रही और अब वह शनिवार को क्वार्टर फाइनल के प्ले ऑफ मुकाबले मे ईरान से भिड़ेगी। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम को क्वार्टर फाइनल मे सीधा प्रवेश मिलता है। पिछली बार के स्वर्ण पदक विजेता चीन से मिली हार भारत की पहली पराजय है। इससे पहले उसने मलेशिया (20-16) और मकाऊ (21-12) को हराया था। भारतीय महिलाओ ने हालांकि मंगोलिया से कड़ी चुनौती मिलने के बावजूद 68-62 से जीत दर्ज की। महिला टीम ने इससे पहले अपने पहले मैच मे इंडोनेशिया को 66-46 से पराजित किया था।

भारत के ईस्पोर्ट्स दल का अभियान समाप्त

हांगझोउ। भारत के 15 सदस्ईय ईस्पोर्ट्स दल ने शुक्रवार को यहां एशियाई खेलो मे अपना अभियान डीओटीए 2 टीम के बाहर होने के साथ समाप्त किया। कप्तान दर्शन बाटा की अगुआई वाली डीओटीए 2 टीम को कजाखस्तान से शुरुआती ग्रुप मैच मे 0-1 से हार मिली जबकि दूसरे ग्रुप मैच मे फिलीपींस से भी इसी अंतर की हार से टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। एशियाड मे ईस्पोर्ट्स के पदार्पण मे भारत ने सात मे से चार स्पर्धाओ - डीओटीए2, लीग ऑफ लीजेंड्स, ईए स्पोर्ट्स एफसी ऑनलाइन और स्ट्रीट फाइटर वी:चैम्पियन एडिशन - मे हिस्सा लिया।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने मलेशिया को 6-0 से रौंद डाला

भाषा। हांगझोउ

भारतीय महिला हॉकी टीम ने शुक्रवार को यहां एशियाई खेलों में अपना दबदबा कायम करते हुए मलेशिया को 6-0 से शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने पूल ए के इस मैच के शुरुआती क्वार्टर में ही चार गोल दाग कर मलेशिया पर दबाव बना दिया। मोनिका (सातवें मिनट) ने भारत का खाता खोला जिसके बाद उप-कप्तान दीप ग्रेस एक्का (आठवें), नवनीत कौर (11वें), वैष्णवी विट्ठल फाल्के (15वें), संगीता कुमारी (24वें) और लालरेम्सियामी (50वें) ने भी गोल किए। सिंगापुर पर 13-0 की जीत के बाद आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम अपनी लय बरकरार रख कर पूरे मैच के दौरान मलेशिया पर हावी रही। मोनिका ने सातवें मिनट में मैदानी गोल करके भारत का खाता खोला जबकि दीप ग्रेस ने एक मिनट के बाद पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। मैच के 10वें मिनट में लालरेमसियामी का शॉट गोल पोस्ट के बाहर से निकल गया।

अदिति संयुक्त दूसरे, महिला गोल्फ टीम तीसरे, पुरुषों में लाहिड़ी नौवें स्थान पर

एसो ट्रैक साइकिलिंग वेरिन स्पर्धा में 10वें और डेविड बैकहम 11वें स्थान पर रहे

हांगझोउ। भारतीय साइकिलिस्ट एसो और डेविड बैकहम शुक्रवार को यहां एशियाई खेलो मे पुरुषो की वेरिन स्पर्धा के सातवे से 12वे स्थान के फाइनल मे क्रमशः 10वे और 11वे स्थान पर रहे। एसो ने चेतावनी के साथ अपनी रेस प्लस 0.651 सेकेंड मे पूरी की जबकि बेकहम ने प्लस 1.096 सेकेंड का समय निकाला। इससे पहले हीट एक के सेमीफाइनल मे दोनो भारतीय छह साइकिलिस्ट मे आखिरी स्थानो पर रहे थे।

हांगझोउ। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक एशियाई खेलों की व्यक्तिगत स्पर्धा में शुक्रवार को यहां एक शॉट के अंतर से दूसरे स्थान के साथ पदक की दौड़ में बनी हुई हैं। अदिति के शानदार खेल से भारतीय महिला टीम यहां वेस्ट लेक इंटरनेशनल कोर्स में शुरुआती दो दौर के बाद तीसरे स्थान पर है। अदिति (67-66) थाईलैंड की अर्पिचया युबोल (67-65) से एक शॉट पीछे हैं जबकि भारतीय महिला टीम चीन और थाईलैंड के बाद तीसरे स्थान पर है। भारत ने महिला वर्ग में एशियाई खेलों में पदक नहीं जीता है। पहले दौर में 71 का स्कोर करने वाली प्रणवी उर्स ने शुक्रवार को 68 का कार्ड खेला। वह पांच अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 10वें जबकि अवनी प्रशांत (72-69) संयुक्त 15वें पायदान पर है। पुरुष खिलाड़ियों के लिए हालांकि दिन अच्छा नहीं रहा। अनिर्बान लाहिड़ी (65-67) संयुक्त नौवें जबकि शुभंकर शर्मा (68-65) संयुक्त 21वें स्थान पर हैं।

भारती पुरुष ब्रिज टीम का दूसरा स्थान कायम, महिला और मिश्रित टीम प्रभावित नही कर सकी

हांगझोउ। भारतीय पुरुष टीम ने शुक्रवार को यहां एशियाई खेलों की ब्रिज स्पर्धा में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरा स्थान बरकरार रखा लेकिन महिला और मिश्रित टीम प्रभावित नहीं कर सकीं। पुरुष टीम 140 बोर्ड खेलने के बाद 155.09 अंक से दूसरे स्थान पर मजबूती से कायम है। जापान 155.49 अंक से तालिका में शीर्ष पर चल रहा है। भारतीय पुरुष टीम ने 1-9 राउंड रॉबिन चरण में पाकिस्तान को 20 - 0 से पराजित कर शुरूआत की। भारतीय पुरुष टीम ने 1-10 राउंड रॉबिन चरण में हांगकांग को 15.26 - 4.75 से मात दी। वहीं भारत की महिला टीम की शुरुआत 1-6 राउंड रॉबिन चरण में हांगकांग से मिली 4.74 - 15.26 से हार से की।

अभ्यास मैच में भारतीय गेंदबाज परखेंगे दम

● इंग्लैंड के दमदार बल्लेबाजों के सामने मकाबला

भाषा। गुवाहाटी

भारतीय टीम विश्व कप के अपने पहले अभ्यास मैच में शनिवार को यहां इंग्लैंड के मजबूत बल्लेबाजी क्रम का आकलन करने की कोशिश करेगी जिसमें उसके गेंदबाजों को खुद को परखने का मौका भी मिलेगा। अभ्यास मैचों को आधिकारिक दर्जा हासिल नहीं है और ऐसे में दोनों टीम अपने अधिक से अधिक खिलाड़ियों का उपयोग कर सकती हैं। लेकिन कोई भी टीम इन मैच में अपनी रणनीति का खुलासा करने से बचना चाहेगी। इंग्लैंड ने पिछले कुछ वर्षों में तीनों प्रारूप में अपनी रणनीति बदली है तथा उसके पास मजबूत बल्लेबाजी क्रम है। जॉनी बेयरस्टो, जोस बटलर, मलान, स्टोक्स, ब्रुक, लिविंगस्टोन और मोईन अली जैसे बल्लेबाज किसी भी तरह के आक्रमण को ध्वस्त करने में सक्षम हैं और ऐसे में भारतीय गेंदबाजों को खुद को परखने का मौका मिलेगा। भारत के स्पिनरों कुलदीप, अश्विन और जडेजा के पास खुद को परखने का यह अच्छा मौका होगा।

बांग्लादेश ने श्रीलंका को सात विकेट से हराया

गुवाहाटी। बांग्लादेश ने शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजो की अर्धशतकीय पारियो की मदद से शुक्रवार को यहां अभ्यास क्रिकेट मैच मे श्रीलंका को सात विकेट से पराजित करके विश्व कप से पहले मनोबल बढ़ाने वाली जीत दर्ज की।बांग्लादेश के सामने 264 रन का लक्ष्य था। सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन (84) और लिटन दास (61) ने पहले विकेट के लिए 131 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। इस मैच मे कप्तानी कर रहे मेहदी हसन मिराज ने (नाबाद 67) और मुशफिकुर रहीम (नाबाद 35) ने उपयोगी पारियां खेल कर बांग्लादेश को 42 ओवर मे ही लक्ष्य तक पहुंचा दिया।श्रीलंका की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.1 ओवर मे 263 रन बनाकर आउट हो गई थी।

रिजवान का शतक बेकार गया, न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया

हैदराबाद। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र भले ही शतक से चूक गए लेकिन उनकी अगुवाई मे बल्लेबाजो के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने मोहम्मद रिजवान के शतकीय प्रयास पर पानी फेरकर शुक्रवार को यहां पाकिस्तान को विश्व कप के पहले अभ्यास क्रिकेट मैच मे 38 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराया।रिजवान ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 103 रन की शानदार पारी खेली। उन्होने 94 गेंद का सामना करके नौ चौके और दो छक्के लगाए। कप्तान बाबर आजम ने भी भारतीय धरती पर अपने पहले मैच मे 80 रन की आकर्षक पारी खेली जिसमे आठ चौके और दो छक्के शामिल है। सौद शकील ने भी 75 रन बनाए, जिससे पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 345 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।कप्तान केन विलियमसन ने लंबे समय बाद वापसी करते हुए अर्धशतक बनाया जिससे न्यूजीलैंड की टीम ने पाकिस्तान के इस स्कोर को बौना साबित करने मे कोई कसर नही छोड़ी।

लिन्नुनराता गोल्फ की मेजबानी लखनऊ को

100 गोल्फर करेंगे प्रतिभाग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश 'लिन्नुनराता आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट के छठें सीजन की मेजबानी करेगा। व्यूनो ग्रुप के तत्वावधान में होने वाले इस टूर्नामेंट के मुकाबले लखनऊ गोल्फक्लब में 30 सितंबर 2023 को खेले जाएंगे। व्यूनो ग्रुप के निदेशक नितिन श्रीवास्तव व निदेशक अभयदीप सिंह मुत्ती ने बताया कि टूर्नामेंट के मुकाबले स्टेबल फार्मेट में खेले जाएंगे जिसमें 100 बेहतरीन गोल्फर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। टूर्नामेंट की रनिंग ट्राफी का भी अनावरण किया गया। नितिन श्रीवास्तव व अभयदीप सिंह मुत्ती के अनुसार इस टूर्नामेंट नियरेस्ट टू पिनए स्ट्रेटेस्ट ड्राइव और लांगेस्ट ड्राइव की स्पर्धाएं होगी और इसके साथ प्रत्येक फोरबॉल में एक विजेता को भी पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा महिला गोल्फरों के लिए भी एक प्रतियोगिता का आयोजन होगा। मुकाबलों की शुरुआत सुबह 6 बजे से होगी। केन एंड एबल इंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मुनीष अरोरा ने बताया कि तरह टूर्नामेंट की ट्राफी पूरे देश का भ्रमण करते हुए लखनऊ पहुंची है।

विक्स का युवराज के साथ करार

मुंबई। भारत को खिच खिच फ्री वॉइस देने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए मशहूर मरोसेमंद ब्रांड विक्स कफड्रॉप्स ने अपना नया चीयर एंथम पेश करने के लिए महान क्रिकेटर युवराज सिंह के साथ गठबंधन किया है। एंथम क्रिकेट के प्रति हमारे देश का असीम उत्साह प्रदर्शित करता है। इसका उद्देश्य इस क्रि केट सीज़न में 142 करोड़ वॉइस चैम्पियंस को अपनी टीम का उत्साह बढ़ाने में समर्थ बनाना है। साहिल सेठी कैटेगरी लीडर पर्सनल हेल्थकेयर पी एंड जी इंडिया ने कहा कि इस क्रिकेट सीजन विक्स कफड्रॉप्स ल